राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 शतकों की झड़ी... पुराने रंग में लौटे विराट कोहली ...

नीतीश कुमार या केसीआर? 2024 में कौन होगा विपक्ष का ... 12

वर्ष : 10 | अंक : 244 | पटना, सोमवार, 16 जनवरी, 2023 | पौष शुक्ल पंचमी, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

एक वर्ष के अंदर कोई भी वास रहित भूमिहीन नहीं रहेगा : आलोक मेहता

राजस्व संबंधित कार्यों के निष्पादन में सीतामढ़ी जिला का राज्य में 7 वां स्थान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता ने राजस्व संबंधी कार्यों में तेजी लाने व निर्धारित समय सीमा के अंदर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिया है। मंत्री श्री मेहता रविवार को समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि आम जनता के हित में अपने कर्तव्य और जवाबदेही को समझे ताकि आम आवाम को इसका लाभ मिल सके एवं भूमि संबंधी मामलों का त्वरित निष्पादन हो सके। आगे मंत्री ने कहा कि वास भूमि रहित भूमिहीनों को भूमि उपलब्ध कराकर मॉडल कॉलोनी के रूप में निर्माण कराया जाएगा। एक वर्ष के अंदर कोई भी वास रहित भूमिहीन नहीं रहेगा। बैठक में उन्होंने सभी अंचलों से आये 114 वासीगत पर्चा लाभार्थी को पर्चा उपलब्ध कराया। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य स्तर पर जिला का रैंकिंग सातवां है। विगत 6 माह में विभागीय निर्देश के आलोक में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन किया गया। परिणाम स्वरूप राजस्व संबंधी कार्यों में उत्तरोत्तर प्रगति हुई है और जिले को राज्य की रैंकिंग में सातवां स्थान प्राप्त हुआ। राज्य के टॉप 50 अंचलों में सीतामढ़ी के तीन अंचल क्रमशः बाजपट्टी ,मेजरगंज और परिहार भी शामिल है। मंत्री ने कहा कि सीतामढ़ी जिले

का रिपोर्ट देखकर मुझे काफी प्रसन्नता हुई। विभाग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में जिलाधिकारी एवं अपर समाहर्ता ,राजस्व सहित अन्य पदाधिकारियों का कार्य के प्रति समर्पण

- राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने की राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा
- राज्य के टॉप 50 अंचलों में बाजपट्टी, मेजरगंज और परिहार शामिल

एवं प्रतिबद्धता के कारण सीतामढ़ी जिला ने जो उपलब्धि हासिल की है इसके लिए मैं जिला पदाधिकारी एवं अपर समाहर्ता सहित संबंधित सभी पदाधिकारियों को बधाई देता हूं। बैठक में अपर समाहर्ता मनीष शर्मा द्वारा पीपीटी के माध्यम से लंबित ऑन लाइन म्यूटेशन प्रतिवेदन, जिला का रैंकिंग, परिमार्जन, भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र, अतिक्रमण का संख्यात्मक विवरणी, आमीन नापी, अभियान बसेरा, सैरात से संबंधित प्रतिवेदन, लगान वसूली प्रतिवेदन से संबंधित आदतन प्रगति की जानकारी दी गई। उक्त बैठक में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा, उप विकास आयुक्त विनय कुमार, अपर समाहर्ता मनीष शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर राकेश कुमार, डीसीएलआर सदर धनंजय कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, डीसीएलआर बेलसंड के साथ सभी अंचलो के अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

मौसम

अधिकतम तापमान 15.0°C

न्यूनतम तापमान 06.0°C

बाजार

सोना	56,00
चांदी	53,300
संसेक्स	54,306
निफ्टी	22,503

संक्षिप्त खबरें

जदयू के वरिष्ठ नेता स्व भासो बाबू के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को जदयू के वरिष्ठ नेता स्व भासो बाबू उर्फ पहलवान जी के पंडारक स्थित आवास पहुंचकर उनके श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व भासो बाबू उर्फ पहलवान जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने स्व भासो बाबू उर्फ पहलवान जी के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना भी दी। इस दौरान जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, पूर्व मंत्री सह विधान पार्षद नीरज कुमार, विधायका नीलम देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व भासो बाबू उर्फ पहलवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

बडगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू

बडगाम। बडगाम के रेडबुग मागम इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के घेरे में दो से तीन आतंकी फंसे हुए है, जिन्हें मार गिराने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के रेडबुग मागम में आतंकियों के होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों को अपने पास आता देख उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। माना जा रहा है कि सुरक्षाबलों के घेरे में दो से तीन आतंकी फंसे हुए हैं, जिन्हें मार गिराने के लिए मुठभेड़ जारी है।

राष्ट्रपति ने सेना दिवस पर शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को सेना दिवस पर शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि सैनिकों ने आपदाओं के समय रक्षक के रूप में काम करने के अलावा हमेशा शौर्य की सीमाओं को आगे बढ़ाया है। मुर्मू ने ट्वीट किया-'सेना दिवस पर, भारतीय सेना के जवानों के बलिदान की अनगिनत कहानियों को याद करते हैं। उन्होंने हमेशा शौर्य और साहस की सीमाओं को आगे बढ़ाया है तथा आपदाओं के समय रक्षक के रूप में भी काम किया है। मैं इस अवसर पर भारतीय सेना के सभी बहादुर जवानों और उनके परिवारों को सलाम करती हूं।'

नीतीश कुमार के नेतृत्व में मजबूती से कार्य कर रही महागठबंधन की सरकार : तेजस्वी

बोलें- एक सोची समझी राजनीतिक साज़िश के तहत कार्य कर रही बीजेपी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। शिक्षा मंत्री के रामचरित मानस पर दिए गए बयान पर विपक्ष के साथ-साथ जदयू के हमलावर होने पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान इस प्रकरण पर तेजस्वी यादव ने दो टुक में कहा कि बीजेपी एक सोची समझी राजनीतिक साज़िश के तहत कार्य कर रही है।

सब जानते है यह साज़िश एक- डेढ़ वर्ष पूर्व शुरू हुई। कभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उपराष्ट्रपति बनाने की अफवाह फैलाई जा रही थी, कभी राज्यपाल बनाने की, कभी केंद्रीय मंत्री बनाने खबरें बनाई जा रही थी। जैसे मुख्यमंत्री ने भी कई बार बताया इन्हीं लोगों द्वारा कभी जदयू



को तोड़ने की साज़िश रची जा रही थी। यह सब बीजेपी, भाजपा समर्थित मीडिया और बीजेपी माइंडेड लोग कर रहे थे। अब जब से बिहार में महागठबंधन बना है और महागठबंधन सरकार ने अपने एजेंडे के तहत नौकरियाँ देने की और जातिगत जनगणना कराने का कार्य शुरू किया है वही लोग फिर साज़िशें कर रहे

- डिबेट विकास और जनकल्याण पर होनी चाहिए ना कि धर्म और ग्रंथ पर
- हम सभी को सभी जाति-धर्मों और ग्रंथों का सम्मान करना चाहिए।
- बिहार की जनता नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के साथ है

है। मुख्यमंत्री और हम सब इन सभी बातों को समझते है और उन लोगों को पहचानते है। बिहार में महागठबंधन के शीर्ष नेता हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। सब जानते है जनता किसके साथ है। बिहार की जनता नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के साथ है ना की बयानवीर चर्चित नेताओं के पास। हम सबों को सभी जाति-धर्मों और ग्रंथों का सम्मान करना चाहिए। ग्रंथों और धर्म की उसकी बजाय वास्तविक मुद्दों पर बहस होनी चाहिए। धर्म को राजनीति से दूर रखना चाहिए तभी हम जनता के असल मुद्दों पर बात कर पायेंगे। मंदिर -मस्जिद, हिंदू-मुस्लिम ये सब बीजेपी और बीजेपी समर्थित मीडिया के पसंदीदा मुद्दे है। डिबेट और डिस्कशन रोजी-रोटी, शिक्षा-चिकित्सा, विकास और जनकल्याण पर होनी चाहिए ना कि धर्म और ग्रंथ पर। महागठबंधन सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में बहुत ही अच्छे तरीके से मजबूती से कार्य कर रही है। बिहार में बीजेपी के नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे।

राहुल की भारत जोड़ो यात्रा पंजाब के जालंधर से शुरू

जालंधर, एजेंसी

कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में पंजाब के जालंधर जिले में रविवार को भारत जोड़ो यात्रा दोबारा शुरू हो गई है। कांग्रेस सांसद संतोख चौधरी के निधन के कारण यात्रा को शनिवार को स्थगित कर दिया गया था। कांग्रेस ने ट्विटर पर रविवार का कार्यक्रम साझा करते हुए लोगों को जन आंदोलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

इससे पहले राहुल गांधी ने जालंधर स्थित शक्तिपीठ श्री देवी तालाब मंदिर पहुंचे और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर देश से नफरत को मिटाने की प्रार्थना की। कांग्रेस ने ट्वीट पर फोटो शेयर कर कहा, आज श्री राहुल गांधी ने जालंधर स्थित शक्तिपीठ श्री देवी तालाब मंदिर में मां दुर्गा की पूजा अच्रना कर देश से नफरत को मिटाने की प्रार्थना की। मां शक्ति के आशीर्वाद से हम अपने लक्ष्य की ओर लगातार बढ़ रहे हैं। कदम बढ़ रहे हैं, देश जुड़ रहा है।

पदयात्रा का विराम शाम को छह बज हेमकुड पब्लिक स्कूल के पास होगा और रात्री विश्राम अवतार रिजेंसी बीस गांव आदमपुर में होगा। भारत जोड़ो यात्रा पिछले साल सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी जो जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में समाप्त होगी। यात्रा दौरान तमिलनाडु के अलावा, यात्रा ने कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों को कवर किया गया है।

भाजपा सरकारों ने मीडिया पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली,एजेंसी

रक्षा मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने रविवार को कांग्रेस के आरोप का करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाले भूल जाते हैं कि भाजपा की सरकारों ने किसी भी मीडिया संगठन पर कभी कोई प्रतिबंध नहीं लगाया और न ही किसी के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में कटौती की। आरएसएस से जुड़े साप्ताहिक "पांचजन्य द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में बोलते हुए, सिंह ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में देश में फिर से एक बहस शुरू हो गई है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी का पूरा इतिहास सभी प्रकार की स्वतंत्रता के उल्लंघन की घटनाओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगाने के लिए संविधान में संशोधन तक किया था। जो लोग शीशे के घरों में रहते हैं, उन्हें दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकना चाहिए। सिंह ने यह भी रेखांकित किया कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी स्वतंत्रता मजबूत और जीवंत लोकतंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज मीडिया की आजादी के हनन का आरोप लगाने वाले यह भूल जाते हैं कि चाहे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार हो या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार हो, उन्होंने कभी किसी मीडिया हाउस पर पाबंदी नहीं लगाई, न किसी की कटौती की।

पीएम मोदी ने केन्द्रीय मंत्री आर के सिंह को सौंपी अहम ज़िम्मेदारी

भारत से जुड़े विभिन्न मामलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सलीके से रखने की मिली ज़िम्मेदारी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत से जुड़े विभिन्न मामलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सलीके से रखने की ज़िम्मेदारी केन्द्रीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री और आरा के सांसद राज कुमार सिंह को सौंपी है। श्री सिंह भारत के विकास और निवेश के अवसर, जी-20 की अध्यक्षता एवं विभिन्न मुद्दों पर अबू धाबी और दावोस में आयोजित होने वाले विश्व आर्थिक मंच में देश के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हो रहे हैं। आर के सिंह ने भारत की ओर से अबु धाबी में चल रही इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेन्सी की 13 वें असेंबली की अध्यक्षता का भार भी संभाला।

प्रधानमंत्री ने यह अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए केन्द्रीय मंत्री आर के सिंह पर बड़ा भरोसा जताया है। केन्द्रीय मंत्री आर के सिंह जिन विषयों पर बात करेंगे,उनमें से कुछ प्रमुख विषय हैं-विश्व आर्थिक मंच में स्थायी और समावेशी विकास की अगुआई, भारत की जी-20 अध्यक्षता, विनिर्माण एवं निर्यात केंद्र

के रूप में उभरता भारत, आजादी के 75 वें साल यानी आजादी का अमृत महोत्सव मनाते भारत की उपलब्धि और विजन 2047, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को प्रोत्साहन, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को फिर से आकार दिया जाना।

श्री सिंह ने संयुक्त अरब अमीरात पहुंचकर वहां के ऊर्जा और बुनियादी ढांचा मंत्री सुहैल अल मजरूई से मुलाकात के बाद ग्रीन हाइड्रोजन विकास और निवेश के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। उन्होंने वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड इनिशिएटिव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित मिशन के तहत भारत और यूएई के बीच सब-सी केबल पर व्यवहार्यता अध्ययन शुरू करने पर भी चर्चा की। माना जा रहा है कि आर के सिंह की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस नुमाइंदगी से वैश्विक मामलों में भारत का पक्ष और भी बेहतर ढंग से रखा जा सकेगा और अंतर्राष्ट्रीय मामलों को लेकर पीएम मोदी की सोच को और भी मजबूत आकार मिल सकेगा।

गुजरात चुनाव के नतीजे संदेश देते हैं कि मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री चुने जाएंगे : शाह

गांधीनगर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि हाल में संपन्न गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे न केवल राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इससे यह संदेश गया है कि नरेंद्र मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाएंगे। विपक्षी दल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि गुजरात के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य में रिकॉर्ड संख्या में सीट के साथ गुजरात में सत्ता में बनाए रखने में मदद करके उन लोगों को जवाब दिया जिन्होंने राज्य और प्रधानमंत्री मोदी को बदनाम करने की कोशिश की।

शाह ने यहां विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम में कहा, गुजरात के लोगों ने जातिवाद के जहर को खत्म करने के लिए काम किया है और खोखले, झूठे और आकर्षक वादे करने वालों के मुंह पर तमाचा जड़ा है। गुजरात के लोगों ने गुजरात और नरेंद्र मोदी को बदनाम करने की कोशिश करने वालों को जवाब दिया है। उन्होंने कहा, यह परिणाम अकेले गुजरात के लिए महत्वपूर्ण नहीं है।

हादसा विमान में कुल 10 विदेशी नागरिक भी शामिल थे, जिनमें पांच भारत के थे।

नेपाल में विमान दुर्घटनाग्रस्त, हादसे में 68 लोगों की मौत !

नई दिल्ली,एजेंसी

नेपाल के पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर काठमांडू से आ रहा 72 सीटों वाला यात्री विमान रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में अब तक 68 लोगों की मौत होने की खबर है। हादसे की वजह का अब तक पता नहीं चल सका है। विमान में कुल 10 विदेशी नागरिक भी शामिल थे, जिनमें पांच भारत के थे। इनमें से किसी के भी बचने की खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक एयरलाइंस के विमान में कुल 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। इसमें दो बच्चों समेत 15 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

विमान पुराने हवाई अड्डे और पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। बचाव कार्य जारी है। फिलहाल एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के मुताबिक येती एअरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरी थी। पोखरा इस हिमालयी देश में एक मशहूर पर्यटक स्थल है। हवाईअड्डा प्राधिकरण के मुताबिक, विमान में 53 नेपाली, पांच भारतीय, चार रूसी, दो कोरियाई, एक-एक आयरिश, अर्जेंटीना और फ्रांसीसी नागरिक सवार थे। नेपाल की स्थानीय मीडिया के मुताबिक हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। कुछ रिपोर्ट्स में 42 लोगों के शव बरामद किए जाने का दावा किया जा रहा है। वहीं, कुछ 35 मौतों की सूचना दे रही हैं। हालांकि, एयरलाइंस और सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। पोखरा हवाई अड्डे पर यात्री विमान दुर्घटना के बाद नेपाल सरकार ने कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई है। प्रधानमंत्री पुष्प कल दहल प्रचंड ने बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दे दिए हैं। सेना ने भी मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, भारत में नेपाल के राजदूत शंकर शर्मा ने कहा कि पोखरा में कुछ भारतीयों सहित 72 लोगों और चालक दल के सदस्यों को ले जा रहे एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से गहरा दुख हुआ। हम मृतकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारे विचार और प्रार्थना इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं।

जानकारी के मुताबिक, विमान पहाड़ी से टकरा गया। लैंडिंग से पहले हुई इस दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई तस्वीरों और वीडियो में दुर्घटनास्थल से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है। हेलीकॉप्टर से दुर्घटनास्थल पर एक बचाव दल तैनात किया गया है। बचाव और राहत में जुटे लोगों की मानें तो हादसे में किसी के भी बचने की उम्मीद न के बराबर है। सिविल एविएशन अथॉरिटी ने बताया कि लैंडिंग से ठीक पहले विमान में आग की लपटें देखी गईं। इसलिए मौसम की खराबी की वजह से दुर्घटना होने की बात कहना ठीक नहीं होगा। भारत के नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नेपाल के हादसे पर दुख जताया। उन्होंने हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। विमान को कैप्टन कमल केसी और असिस्टेंट कैप्टन अंजू खातीवाड़ा उड़ा रहे थे। नेपाल का विमानन दुर्घटनाओं का एक भयानक रिकॉर्ड रहा है। इसकी वजह आंशिक रूप से इसके अचानक मौसम परिवर्तन और दुर्गम चट्टानी इलाकों में स्थित हवाई पट्टियां हैं।

संक्षिप्त खबरें

मकर संक्रांति पर साईं परिवार ने 50 बच्चियों को सामुहिक भोज कराकर पर्व मनाया।

दानापुर। साईं परिवार की ओर से रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर साईं परिवार ने दही जुड़ा का आयोजन किया गया। साईं मंदिर, दानापुर के साई परिवार ने रेनबो बालिका छात्रावास के 50 बच्चियों के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया। साईं परिवार प्रत्येक वर्ष मकर सक्रांति का पारंपरिक तिल, चूड़ा दही आदि का सामुहिक भोज इन बच्चियों के साथ मनाते हैं। दान-धर्म का यह पर्व श्रीसाईं के सेवा भावना के प्रेरणा स्वरूप अन्नदान के प्रतीक के रुप मनाया गया। इस में साईं अँगना के अरविंद बिहारी, श्वेता बिहारी, रामबाबू गुप्ता, अमन सोनी , दीपू केशरी किटू चंदन पवन अरविंद गुप्ता पुनम लाल, श्वेता बिहारी , उषा प्रसाद मंजू देवी काजल रानी प्रिया आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

हत्याकांड में फरार हुआ गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने हत्याकांड में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि चुटकिया बाजार निवासी मोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह युवक को फतुहा में लेकर जाकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहा था। इससे पहले भी हत्याकांड में फरार आरोपितों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गंगा व घर में स्नान कर पूजा कर मनाया संक्रांति

मंदिरों में भोग अर्पित, ब्राह्मण, गाय व दरिद्रों में किया तिल व उससे बना सामान का दान

मकर संक्रांति का त्योहार परंपरागत रूप से रविवार को मनाया गया। कनकनी हवा और ठंड के बीच लोगों ने गंगा नदी के विभिन्न घाट पर जाकर स्नान किया। इसके बाद सूर्य को तांबा के पात्र में तिल, फूल, अक्षत, रोली आदि डाल कर उन्हें अर्घ्य अर्पित किया। सुबह में कुहासा और कनकनी हवा के बीच श्रद्धालुओं ने गंगा में डूबकी लगाने का काम किया। गंगा स्नान के बाद तिल और उससे बने सामान, गुड़, चीनी, भूरा, द्रव्य आदि का दान किया। मंदिरों में भी भगवान को भोग अर्पित किया गया। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि, विकास गिरी, सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व बाबा विवेक द्विवेदी की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान हुआ। गायघाट स्थित गौरी शंकर मंदिर में भगवान को चिउड़ा, गुड़ व दही का भोग न्यास समिति के पदाधिकारियों के द्वारा लगाया गया। करनालगंज गायघाट स्थित पौराणकि संकट मोचन हनुमान मंदिर दुर्गा स्थान में भी भोग लगाने के बाद प्रसाद वितरण हुआ। इसके अलावा भी अनेक जगहों पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन मंदिरों से लेकर घरों में किया गया।

अब्दुल कय्यूम अंसारी फिक्र, फन व सख्शियत पर पुस्तक का विमोचन

पटना सिटी (प्राकि)। अब्दुल कय्यूम अंसारी फिक्र, फन और सख्शियत पर पुस्तक का विमोचन डॉ एजाज रविवार को किया गया। अरबी व फारसी इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ एजाज, समाजवादी सिराजुद्दीन अंसारी, शकील अंसारी, तनवीर अंसारी, मो हसनैन आदि ने अब्दुल कय्यूम अंसारी के जीवनी और उनकी उपलब्धियों पर चर्चा की। अध्यक्षता जफर इमाम और संचालन मो नौशाद आजम ने किया। बाद में पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर शोक वियक्त किया गया और दो मिनट का मौन धारण किया गया। अंत में शाहिद अंसारी ने उपस्थित लोगों का शुक्रिया अदा किया।

मुख्य ग्रंथी भाई राजेंद्र सिंह की स्मृति में अखंड पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मुख्य ग्रंथी रहे भाई राजिंदर सिंह की पहली स्मृति पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ रविवार को रखा गया। उनके पुत्र दया सिंह ने बताया कि तख्तश्री कमेटी और परिवार वालों के सहयोग से अखंड पाठ रखा गया है, जिसका समापन 17 जनवरी को होगा। उसी दिन विशेष दीवान सजेगा। इस दौरान स्व राजिन्द्र सिंह के पुत्र रणजीत सिंह, दया सिंह, दीपक सिंह, पुत्री मंजीत कौर आदि मौजूद थे। पूरा आयोजन तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही की टीम और परिजनों के द्वारा किया जा रहा है। सेवादार समाज कल्याण समिति और उन्हें चाहने वालों के साथ ही संगतों के भाग लेने की अपील की गई है। विशेष दीवान में शबद कीर्तन और कथा और प्रवचन के साथ अन्य धार्मिक आयोजन होगा।

रामचरितमानस पर विवादित बयान के विरोध में मशरक में प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री का पुतला जलाकर विरोध किया

प्रात :किरण संवाददाता

मशरक। बिहार के शिक्षा मंत्री डॉ चंद्रशेखर द्वारा रामचरितमानस पर दिए गए विवादित टिप्पणी के बाद मामला गहराता दिख रहा है।

विरोध का असर रविवार को मशरक में भी देखने को मिला। मशरक के महावीर चैंक पर भाजपा कार्यकताओं के लोगों ने पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया। भाजपा के स्थानीय कार्यकताओं द्वारा शिक्षा मंत्री को जूता मार रैली के साथ पुतला दहन किया गया।जूता मार कार्यक्रम और पुतला दहन के दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने बिहार के शिक्षा मंत्री डॉक्टर चंद्रशेखर के बयान पर कड़ा आपत्ति जताया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय,भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री रविरंजन सिंह मंटू, सोनौली पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संतोष परमार, भाजपा महासचिव श्याम बिहारी सिंह, अतुल पाण्डेय,बजरंग दल के नंदन बाबा समेत दर्जनों भाजपा कार्यकताओं के साथ स्थानीय लोगों ने शिक्षामंत्री के पुतला के साथ महाराणा प्रताप चैंक से महावीर

चैंक तक भ्रमण करते हुए महावीर चैंक पर पुतलाआग के हवाले कर दिया।

भ्रमण के दौरान संगठन के कार्यकताओं ने शिक्षा मंत्री के पुतले पर जूता बरसाते रहे। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि बिहार के भ्रष्ट शिक्षा मंत्री द्वारा रामचरितमानस के बारे में जिस तरह से गलत बयानबाजी किया गया है ।यह कही से भी काबिले तारीफ नही है। मंत्री के बयानों का विरोध करते हुए जूता मार कार्यक्रम के साथ पुतला दहन किया गया। वही सोनौली पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संतोष परमार ने बताया की जिस तरह राम चरितमानस को पूरा दुनिया स्वीकार्य कर रहा है। वही दूसरे तरफ नास्तिक भ्रष्ट शिक्षामंत्री उलूल जुलूल बयानबाजी कर रहा है। यह कही से कही तक बर्दास्त नही किया जाएगा। वही वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय ने बताया कि शिक्षा मंत्री द्वारा बिहार में तालिबानी हुकूमत जैसे फरमान और बयानबाजी की जा रही है। सरकार को इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री से अभिलंब शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है।

मकर संक्रांति पर्व को ले धार्मिक नगरी चिरान्द के संगम तट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

छपरा/डोरीगंज। मकेर संक्रांति को लेकर सारण जिला अंतर्गत विभिन्न नदियों, गंगा, गंडक, सरयू सहित विभिन्न तलाबों, पोखरों एवं छोटी छोटी नदियों में श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगायी।

सुबह में कड़ाके की ठंड को लेकर विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ में कमी थी। मगर थोड़े देर के लिए धूप निकलते ही लोग नदी में स्नान करने के लिए घाटों पर पहुंच गये।

श्रद्धालुओं का कहना था कि इस स्नान का काफी महत्वपूर्ण है। सारण जिला के मांझी, रिविलगंज, छपरा सदर, दिघवारा, सोनपुर, पानापुर सहित विभिन्न प्रखंडों स्थित घाटों पर श्रद्धालुओ की भीड़ देखी गयी तथा लोग पूजा अर्चना में मशगुल रहे। विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना भी की। वहीं अधिकांश

लोग ठंड के कारण घर में ही स्नान कर इस महता को कायम रखा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालु छोटी छोटी नदियों, तालाबों एवं पोखरों में धार्मिक स्नान कर इसकी औपचारिकताएं पूरी की तथा कई स्थानों पर लगने वाले मेला का आनंद लिया। डोरीगंज प्रतिनिधि के अनुसार मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर धार्मिक नगरी चिरान्द के संगम तट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

अहले सुबह से ही हर-हर गंगे, गंगे, माँ के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने तिवारी घाट,बंगाली बाबा घाट ,मेला घाट, डोरीगंज घाट पर गंगा में डुबकी लगाकर मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद अ न्न, वस्त्र, द्रव्य का दान कर पुण्य का लाभ कमाया। बताते चलें कि इस साल मोक्ष प्रदायिनी मकर संक्रांति इस बार 15 जनवरी को पड़ रही है।

इसके पुण्य काल पर स्नान व दान दोनों का महत्व होता है। संक्रांति के दिन गंगा में स्नान से रोगों का नाश होता है।

वहीं दान पुण्य से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। मनोज पांडेय ने बताया कि शास्त्र में यह भी उल्लेख मिलता है कि संक्रांति के पुण्य काल में रोग नाश एवं लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए पंचगव्य से भगवान सूर्य, विपत्ति-शत्रु नाश के लिए तिल गुण से भगवान शिव, यश-प्रतिष्ठा विद्या प्राप्ति के लिए वस्त्र से देव गुरु बृहस्पति का पूजन करना चाहिए। तीर्थादि में स्नान एवं पूजनोपरांत दान का भी अपूर्व महत्व है। दान लेने वाले पुरोहित जन को भी समाज के दूसरे जन (निर्धन, वृद्ध, दिव्यांग) को दान देने का विधान है।

शक्तिधाम के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 105 लोगों की हुई जांच

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं भगवती प्रसाद केशरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज शक्तिधाम , बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर ट्रस्ट के सचिव अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि न्यास द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। इस चिकित्सा शिविर में कुल 105 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस इ की जांच के लिए 12 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 75 मरीजों के आँखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डा शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमे 13 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था. डा मोहनका ने बताया की इनका निःशुल्क फेको विधि द्वारा

आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 16 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। आँखों के अतिरिक्त मधुमेह की जांच डॉ सुभाष कुमार द्वारा की गयी जिसमे 21। लोगों में मधुमेह पाया गया। सभी मरीजों को मधुमेह की दवा निःशुल्क दी गयी। मौके पर शिविर में 23 लोगों के दांतों की जांच डॉ नितिन मैतिन द्वारा की गयी जिसमे 18 लोगों के दांत में बीमारी पाई गयी। मौके पर होमियोपैथिक विशेषज्ञ डॉ कन्हैया अग्रवाल द्वारा भी 18 मरीजों को विभिन्न बीमारियों की दवा दी गयी। मौके पर ब्लड प्रेशर की जांच जितेंद्र के द्वारा की गई। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर कुमार अग्रवाल, पी के अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, अनिल गुप्ता , लक्ष्मण टेकरीवाल , ललन लाठ, दिगम्बर अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल , गोपाल मित्तल, अनमोल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, राजकुमार खेमका, सुभाष बंका, रितेश तुलस्यान, तरुण हिसारिया, सावरमल ड्रोलिया एवं अन्य पदाधिकारियों की रही।

कपूरी ठाकुर की जयंती समारोह की सफलता के लिए लिया संकल्प

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जनता दल यूनाइटेड पटना महानगर की बैठक रविवार को हाजीगंज स्थित अरोड़ हाउस हुई। इसमें 24 जनवरी को जननायक, पूर्व मुख्यमंत्री, गरीबों के मसीहा कपूरी ठाकुर की जयंती, जो जदलयू के द्वारा बापू सभागार में आयोजित है, उसे ऐतिहासिक बनाने के लिए रणनीति और उसकी तैयारी पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि और वक्ता पूर्व विधान पार्षद सह पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, न्यास परिषद के सदस्य डॉ रणवीर नंदन थे। उन्होंने कहा कि पटना महानगर हर कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने में मददगार साबित हुआ है और इस कार्यक्रम को भी ऐतिहासिक बनाना है। पटना महानगर अध्यक्ष आसिफ कमाल ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। प्रवक्ता अनन्त अरोड़ा ने बताया कि जननायक कपूरी ठाकुर गरीबों के मसीहा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुड्डू पाठक और संचालन मुकेश ठाकुर और विक्की निषाद ने किया। दूसरी बैठक गुरु गाविंद सिंह सेक्टर में संजीव कुशवाहा की अध्यक्षता में भी हुई। इसमें भी आयोजन को सफल बनाने में पटना महानगर अध्यक्ष आसिफ कमाल, प्रवक्ता अनन्त अरोड़ा, राजकुमार पटेल, अंजनी पटेल, प्रमोद गुप्ता, विक्की निषाद, गुड्डू पाठक, संजीव कुशवाहा, प्रवीण चौधरी, आफताब, गुड्डु, मनोज शर्मा, पूनम मेहता, रेणु कुशवाहा, लाजवंती देवी, सूरज ठाकुर, मो मुख्तार, पियूष पांडेय, संतोष अग्रहरि, मो जावेद, पप्पू पटेल, संजय कुमार, मनोज कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, राजेश कुमार, कन्हाई पटेल आदि उपस्थित थे।

स्वास्थ्य शिविर लगा किया इलाज, दवा भी दिया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मकर संक्रांति पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्रकल्प सेवा भारती एवं एनएमओ (नेशनल मेडिको आर्गनाइजेशन)के डॉक्टरों के सहयोग से नई सड़क स्थित जमुना माई के मठ में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को खांसी, सर्दी, बुखार, लूज मोशन, सिरदर्द, उल्टी जैसे बीमारी की जांच कर दवा दी गई। शिविर में एनएमसीएच के डॉ चिन्मय, डॉ अभिषेक, डॉ मो सुहैल, डॉ शोभा, डॉ घनश्याम आदि ने सेवा प्रदान की। नगर कार्यवाह अमित कुमार ने बताया कि संघ की ओर से पटना में 60 केंद्रों एवं सिटी में 16 केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर जरूरतमंद का इलाज किया गया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने चिकित्सकों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ टीपी गोलवारा, मोहन कुमार, आर्यन कुमार, मनोज सोनवान, अजित बरनवाल, शंकर बरनवाल आदि सक्रिय थे।

सद्भावना के प्रतीक थे आचार्य साथी दार्शनिक व लोक शिक्षक थे डा. सच्चिदानंद सिंह साथी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शिक्षा शास्त्री होने के साथ ही आचार्य डॉ सच्चिदानंद सिंह साथी का दृष्टिकोण सम्यक था। विवेकानंद और विनोबा के विचारधारा से ओत-प्रोत साथी जी का सभी धर्मों के प्रति एक समान आत्मीय आस्था थी। उन्होंने शोषित, पीड़ित मानवता के सामाजिक और शैक्षिक उत्थान के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया।

साथ ही समाज में सद्भाव बना रहे, इसके लिए सदैव प्रयत्न शील रहे। आज भी इन्हें सद्भावना के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है।

यह बात रविवार को डा साथी की पुण्यतिथि पर जंगली प्रसाद लेन स्थित स्वरांजलि सभागार में अआयोजित कार्यक्रम में शिक्षाविद् डा ध्रुव कुमार ने कही। साहित्यकार प्रभात कुमार धावन ने डा साथी को महान दार्शनिक व लोक शिक्षक बताया। संयोजक अनिल रश्मि ने कहा कि आचार्य साथी अपने आपमें खुला विश्वविद्यालय थे। उन्होंने सृजनात्मक कार्य के साथ ही रचनात्मक कार्य भी किए हैं। शैक्षिक किताबें तो लिखी ही, साथ ही उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में अनेक आलेख, कविता और एक लघुकथा संग्रह चरैवेति समाज को दिया, जो राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका अदा कर रहा है। वे किसी भी विषय पर बेबाकी से जवाब देते थे। प्रारंभ में उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित की गई। दूरभाष पर डा साथी की पत्नी डा किरण सिन्हा, पुत्र पारिजात सौरभ, पुत्री पिंकी, सोनी, मोनी, डा राजकुमार नाहर ने संवेदना प्रकट की। मौके पर नेक आलम, जितेन्द्र कुमार पाल, नितिन कुमार वर्मा, सुनीता रानी और,श डॉ शीला कुमारी ने भी उन्हें नमन किया।

समाजिक न्याय एवं साझी विरासत के अग्रदूत थे शरद यादव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना। श्रीकृष्ण सेवा न्यास परिषद् बिहटा के तत्वावधान में सूर्य मंदिर समस्थुस्थान प्रागंण में महान समाजवादी नेता शरद यादव के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक प्रो सूर्यदेव त्यागी ने कहा कि उनके निधन से स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक राजनीति का वह सितारा खो दिया है जिससे कभी देश के युवा वर्ग की एक पीढ़ी को आलोकित किया और उनके दिलो में भारत भारत की जमीनी हकीकत की पहचान छोडी थी। स्व यादव युवा जीवन में ही गाँधीवादी समाजवाद के क्रांतिकारी विचारों पोषक रहे हैं वे सदन के दोनों सदन में भारत के दस्तकारों, हुनरमंदो, कारीगरों, व शिल्पकारों की वृहद विवेचना की वे महान समाजवादी मंडलवादी नेतृत्व के पोषक थे उनकी सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी उसके विचारों को जन जन पहूंचाएं! अध्यक्षीय भाषण में पूर्व मुखिया सहदेव राय ने कहा कि उन्होंने भारतीय समाज में वदलाव कल्पना की उनके शब्द कोष में समझौतावादी राजनीतिक की कोई स्थान नहीं था पूरा राजनीतिक वेदाग रहा ऐसे महान समाजवादी नेता के विचारों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उपस्थित लोगों ने रंजय कुमार ने राज्य सरकार से पटना में आदमकद प्रतिमा लगाने व भारत रत्न देने की मांग की उपस्थित लोगों में रामगोविंद सिंह, नन्हे यादव, ब्रजेश कुमार यादव, निरंजन कुमार, पूर्व मुखिया साजन सिंह, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष राजु यादव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष सुबोध कुमार अविनाश कुमार, अन्नु कुमार, वकिल यादव पैक्स अध्यक्ष अशोक यादव पूर्व अध्यक्ष भोला कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, संकेश कुमार, सतेन्द्र राय महेश सिंह , सत्यानंद सिंह राजकुमार यादव, देवानन्द राम प्रयाग, रणधीर कुमार, निरज कुमार, अखिलेश यादव,गोपाल त्यागी एवं मीडिया प्रभारी अशोक यादव ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की वही उनके आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

शक्तिधाम की सदस्य निदेशिका का हुआ विमोचन

पटना। मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को बैंक रोड स्थित दादीजी मंदिर के विस्तारित अमर-प्रेम भवन में सदस्यों एवं सहयोगियों की बैठक हुई। इसमें शक्तिधाम की ओर से प्रकाशित सदस्य निदेशिका का विमोचन किया गया। शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि इस सदस्य निदेशिका में अग्रसेन सेवा न्यास, शक्तिधाम सेवा न्यास, अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं श्री दादीजी सेवा समिति के सभी सदस्यों के नाम सहित पूर्ण विवरण दिए गए हैं। इससे सभी संस्थाओं के सदस्यों को एक-दूसरे के बारे में जानने में काफी मदद मिलेगी। अग्रवाल ने बताया कि विस्तारित भवन अमर-प्रेम भवन अब पूरी तरह तैयार हो गया है और इसे धार्मिक, सामाजिक, मांगलिक कार्यों हेतु आवंटित किया जाएगा। अग्रवाल ने बताया कि सरकार के जी एस टी पदाधिकारी इस भवन के निरीक्षण हेतु आये थे और उनके निदेशार्नुसार इस भवन का जीएसटी निबंधन कराने के बाद हीं इसकी बुकिंग की जाएगी। अग्रवाल ने बताया कि यह भवन बाजार में उपलब्ध महंगे होटलों की अपेक्षा काफी कम दरों पर दिया जाएगा जिससे मध्यम वर्ग के लोगों को काफी राहत होगी। अग्रवाल ने यह भी बताया कि शक्तिधाम द्वारा प्रतिमाह एक निःशुल्क वृहत स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन पिछले 10 से अधिक वर्षों से किया जा रहा है। इस शिविर में पटना के कई नामी डॉक्टर अपनी सेवा देते हैं। इस शिविर के द्वारा गरीबों के मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन भी कराया जाता है इस मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने संक्रांति पर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अमर अग्रवाल, पीके अग्रवाल, ओम प्रकाश पोद्दार, नथमल जालान, रमेश मोदी, अक्षय अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल समेत सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

सलाह केंद्र जल्द शुरू होगा नामी चिकित्सकों का चिकित्सीय सलाह केंद्र

ख्तश्री कमेटी के पदा. का जुटान कल, लिया जाएगा अनेक निर्णय

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी गण का जुटान पटना साहिब में 17 जनवरी को होने जा रहा है। दरअसल प्रकाश पर्व के बाद कमेटी की हुई 31 दिसंबर को बैठक के बाद कुछ पदाधिकारी और सदस्यगण बिहार से बाहर या अन्य शहर को चले गए थे। तख्तश्री पटना साहिब के मुख्य ग्रंथी रहे भाई राजेंद्र सिंह के निधन के पहली बरसी पर मंगलवार को अखंड पाठ की समाप्ति के बाद भोग पड़ेगा। अरदास के बाद कथा और कीर्तन भी होना है। इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारीगण पटना साहिब में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने दी। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में सदस्य बयानबाजी कर रहे हैं। पूर्व में वह भी कभी कमेटी के महासचिव रहे थे।

उन्हें जानकारी नहीं है, मगर उनके द्वारा जो आय-व्यय का हिसाब गुरु पर्व के दौरान मांगा गया है, उसके लिए इंटरनल ऑडिट, वह भी चार्टर्ड अकाउंटेंट से कराया जा रहा है। इसके लिए पूर्व में ही चिट्ठी जारी कर दी गई है। हालांकि उनकी नाराजगी कुछ बातों को लेकर है। उन्होंने कहा कि बैठक में अध्यक्ष पद के चुनाव के पूर्व गलतफहमी थी, जो 31 दिसंबर को हुई बैठक और चुनाव के बाद समाप्त हो गई। माननीय सदस्य गोविंद सिंह लोंगोवाल और चरणजीत सिंह कमेटी के स्तंभ हैं और उनका मार्गदर्शन जरूरी है।

श्री सोही ने बताया कि 17 जनवरी को वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह और महासचिव इंद्रजीत सिंह भी पटना साहिब आ जाएंगे। इसके बाद अनेक निर्णय लिया जाना है। इसमें तख्तश्री पटना साहिब के लंगर हॉल के पास चल रहे भवन निर्माण की जिम्मेवारी संत बाबा कश्मीर सिंह भूरिवाले, संत बाबा वचन सिंह कारसेवा दिल्लीवाले और एक बाड़े गली स्थित भवन निर्माण का काम भी सौंपा गया है। इस पर भी कार्य प्रगति को देखते हुए निर्णय लिया जाएगा। श्री सोही ने बताया कि चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें पटना के बेली रोड स्थित निजी अस्पताल से टाइअप किया गया है। उस अस्पताल से जुड़े कार्डियक, बीपी, यूरोलॉजी, जनरल फिजिशियन आदि की सेवा यहां उपलब्ध कराई जाएगी। तख्तश्री पटना साहिब के अशोक राजपथ से सटे दर्शनी ड्योढ़ी के पास पूर्व से ही पैथोलॉजी जांच नाममात्र के शुल्क पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा फिजियोथैरेपिस्ट की सेवा भी यहां निशुल्क उपलब्ध है। इसके अलावा यूएई के संगत से बात कर यहां डायलिसिस की सुविधा भी बहाल करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। आने वाले समय में यह सब दिखने लगेगा। प्रबंधक कमेटी के कर्मचारी, सेवादार से लेकर अन्य जरूरतमंद लोग भी यहां आकर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श ले सकेंगे।

भाजपा छोड़ जदयू में शामिल हुए पूर्व विधायक राजीव रंजन

मुख्यमंत्री सभी वर्ग एवं जाति के लिए कर रहे न्याय के साथ विकास का काम : ललन सिंह

● पार्टी का संकल्प है भाजपा हराओ देश बचाओ : उमेश कुशवाहा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व विधायक राजीव रंजन अपने सहयोगियों के साथ भाजपा छोड़ जदयू में शामिल हो गए। रविवार को जदयू कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह इनकी घर वापसी है कुछ दिन के लिए भटक कर बड़का झूठा पार्टी में चले गए थे पर अपना घर अपना ही घर होता है भले ही उसमें कुछ दिक्कत हो। मुख्यमंत्री लगातार सभी वर्ग एवं जाति के लिए न्याय के साथ विकास कर रहे हैं। उनकी योजनाओं को बाद में केंद्र सरकार अपनाती है। नीतीश कुमार ने 2018 में प्रदेश के हर घर तक बिजली पहुंचा दी। प्रधानमन्त्री बतावें कि उन्होंने कौन सी योजना शुरू की जो पूरी कर ली गयी है। हमारे मुख्यमंत्री ने 2010 में कहा था कि बिजली की स्थिति में सुधार नहीं करेंगे तो अगली बार वोट मांगने नहीं आयेंगे, आज प्रदेश में 22 से 24 घंटे बिजली मिल रही है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री ने 2014 चुनाव के समय प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने, सबके खाते में 15 लाख रुपए देने का जो वायदा किया था उसका कोई जवाब नहीं देते। जिस उज्ज्वल और आयुष्मान योजना की लगातार चर्चा करते हैं उसकी आज क्या स्थिति है, नहीं बताते। जो गैस 400 में मिलता था वो आज 1200 में मिलता है, गरीब गैस खरीदेगा कहाँ से? आयुष्मान योजना का लाभ यहाँ बैठे एक भी व्यक्ति को मिला क्या? प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि उनके साथ आए तमाम लोगों के स्वाभिमान की रक्षा पार्टी में होगी और उन्हें पर्याप्त सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों में आस्था रखते हुए हमारी पार्टी के पूर्व विधायक राजीव रंजन ने आज पुनः पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का जो निर्णय लिया है इससे पूरी पार्टी में प्रसन्नता है। आज पूरा देश और विपक्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर एक आशा भरी नजरों से देख रहा है। हमारे नेता संपूर्ण विपक्ष को एक करने में लगे हैं और पार्टी का संकल्प है भाजपा हटाओ संविधान बचाओ, भाजपा हराओ देश बचाओ। पूर्व विधायक के साथ विनय सिंह, कंचन कुमारी, दिलीप कुमार टिंकू, वीरेंद्र कुमार, सोनू पाण्डेय, सरिता देवी एवं दीपक कुमार मंटू सहित सैंकड़ों लोग भाजपा छोड़ जदयू की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजीव रंजन ने कहा कि मैंने अपने सहयोगियों के साथ शराबबंदी मामले पर भाजपा के दोहरे चरित्र के कारण उस पार्टी को छोड़ने का निर्णय लिया है और अपने पुराने घर जदयू में वापस आने पर काफी प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हू। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह गांधी, पूर्व मंत्री हरिनारायण सिंह, विधायक प्रेम मुखिया, विधान पार्षद रीना यादव, पूर्व विधानपार्षद राजू यादव, राष्ट्रीय महासचिव ई सुनील कुमार, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह, सचिव वासुदेव कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हम से. के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट शिशिर कौण्डिल्य कांग्रेस में हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

हम से के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट सह प्रवक्ता की जिम्मेदारी संभाल रहे शिशिर कौण्डिल्य रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। पार्टी के बिहार प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान शिशिर कौण्डिल्य ने पार्टी नेतृत्व पर अपना भरोसा जताते हुए कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य का विषय होगा कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व और सानिध्य में उन्हें काम करने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश ने कहा कि पार्टी में शिशिर जैसे पढ़े लिखे लोगों को शामिल होना चाहिए। ताकि कलम की ताकत के बदौलत कांग्रेस पार्टी के विचार जन जन तक पहुंच सके। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि शिशिर कौण्डिल्य एक अच्छे वक्ता और लेखक हैं, और लम्बे काल तक ये पत्रकारिता से जुड़े रहे। उन्होंने राजधानी दिल्ली में कई टीवी चैनलों एवं अखबारों में बतौर पत्रकार काम किया है, और अभी वर्तमान में पटना हाई कोर्ट में अधिवक्ता हैं। राजनीति में बिहार में इन्होंने अपनी पारी हम(से.) से शुरू की थी। पत्रकारिता जगत में अच्छी पहचान और अनुभव होने के कारण पार्टी ने इन्हें प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी थी। इनको कांग्रेस पार्टी में लाने के पीछे कांग्रेस दर्पण के सम्पादक डा संजय यादव की भूमिका रही। इस अवसर पर पूर्व विधायक बंटी चौधरी, लाल बाबू लाल, प्रवीण सिंह कुशवाहा, चन्द्र प्रकाश सिंह,डॉ. सुनील कुमार सिंह, अजय सिंह, मधुरेंद्र सिंह, धर्मवीर शुक्ला, सत्येंद्र कुमार, मंटन सिंह, सहित सैकड़ों की संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजद कार्यालय में सुनवाई कार्यक्रम कल

● सहकारिता व आपदा प्रबंधन मंत्री रहेंगे मौजूद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के पहल पर राजद द्वारा चल रहे सुनवाई कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सहकारिता मंत्री सुरेंद्र यादव एवं आपदा प्रबंधन मंत्री शाहनवाज आलम पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं से मिलेंगे और सुनवाई करेगें। मालूम हो कि हर मंगलवार को सुनवाई कार्यक्रम निरंतर जारी है। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि दोनों मंत्री से मिलने वालों को कल 17 जनवरी को राजद कार्यालय में पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच स्वयं उपस्थित होकर अपना रजिस्ट्रेशन करा लेंना होगा। जिनका रजिस्ट्रेशन होगा उन्हें ही क्रमानुसार अपराह्न 1 बजे से अपराह्न 3 बजे तक दोनो मंत्री बारी-बारी से कार्यकताओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनेगें और उसपर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। एजाज ने बताया कि जिन कार्यकताओं को मंत्रीगण से मिलकर अपने क्षेत्र से जुड़े जनसमस्याओं अथवा शिकायतों से अवगत कराना है उन्हें आवश्यक संलग्नों के साथ लिखित आवेदन देना है उसी के अनुसार सुनवाई के बाद कार्रवाई की जायेगी।

15 फरवरी की रैली का देशव्यापी महत्व, 2024 में भाजपा की विदाई तय: स्वदेश भट्टाचार्य

● रैली तैयारी को लेकर हुई समीक्षा बैठक, अगले एक महीने का बना प्लान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

15 फरवरी को पटना के गांधी मैदान में भाकपा-माले की लोकतंत्र बचाओ- देश बचाओ रैली की तैयारी को लेकर आज राज्य कार्यालय, पटना में जिलों के प्रभारियों, सचिवों व संयोजकों की बैठक हुई बैठक को संबोधित करते हुए माले के वरिष्ठ नेता व पोलित ब्यूरो के सदस्य कॉ. स्वदेश भट्टाचार्य ने कहा कि 15 फरवरी की रैली का देशव्यापी महत्व है। केंद्र की सत्ता से फासीवादी भाजपा की विदाई तय करने की दिशा में यह रैली एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगी। केंद्र की सत्ता में भाजपा जब से आई है, लोकतंत्र व जनअधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। नफरत व विभाजन की राजनीति चरम पर है। कॉरपोरेट घरानों की चांदी है तो दूसरी ओर बेरोजगारों की फौज दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। किसानों के बीच हाहाकार है। मजदूर वर्ग पर हमले हो रहे हैं। इसलिए आज देश की तमाम लोकतंत्र व न्याय पसंद ताकतों के लिए भाजपा रूपी विपदा से मुक्ति का सवाल सबसे अहम व प्राथमिक सवाल बन गया है। इसी राजनीतिक दिशा में रैली की तैयारी की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हम भाजपा के खिलाफ सभी विपक्षी दलों व विभिन्न जनांदोलनों की व्यापक एकता चाहते हैं। रैली व महाधिवेशन में यह केंद्रीय पहलू मजबूती से अभिव्यक्त होगा। बिहार सरकार को जनता की आवाज सुननी चाहिए। इस सरकार का समर्थन करते हुए भी हम दलितों-गरीबों की व्यापक पैमाने पर बेदखली, शिक्षक बहाली, रोजगार आदि सवालों को रैली के मुद्दों में शामिल करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज से अगले एक महीने तक पूरी पार्टी रैली व महाधिवेशन के लिए समर्पित है। पार्टी से जुड़े सभी जनसंगठन और विधायक रैली की तैयारी में मजबूती से उतरें ताकि हम पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ दें। इसके पूर्व सभी जिला सचिवों ने अब तक अपने जिलों में रैली तैयारी की रिपोर्ट रखी। गांव-गांव बैठकें शुरू हो गई हैं. व्यापक पैमाने पर दीवाल लेखन व फैस्टून टांगने का काम किया जा रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता कड़ाके की ठंड के बावजूद बैठकें आयोजित कर रैली के राजनीतिक संदेश को गांव-मुहल्लों में ले जा रहे हैं।

बैठक में माले राज्य सचिव कुणाल, अमर, धीरेन्द्र झा, मीना तिवारी, केडी यादव, आरएन ठाकुर, शशि यादव सहित सभी जिलों के सचिव व संयोजक उपस्थित थे।

विमान हादसे पर चिराग ने जताया शोक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने नेपाल विमान हादसे में हताहत होने वाले सभी यात्रियों और क्रू मेम्बर्स के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। श्री पासवान ने सभी मृतकों और उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए ट्वीट किया और लिखा कि 68 यात्री और 4 क्रू मेम्बर के साथ नेपाल की राजधानी काठमांडू से पोखरा जा रहे यात्री विमान के क्रैश होने और विमान में सवार कई यात्रियों के हताहत होने की खबर अत्यंत दुखद है। ईश्वर से उनके शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। उक्त आशय की जानकारी लोजपा (रा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दी।

शिक्षा मंत्री के बयान से समाज में अस्थिरता का खतरा : लोजपा रा.

पटना। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर सिंह द्वारा रामचरित्र मानस पर दिए गए अपमानजनक टिप्पणी को लोजपा रामविलास ने बेहद निंदनीय बताया है। लोजपा रामविलास के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस असंवेदनशील बयान से बिहार की पूरे देश में जग हंसाई हो रही है। इस तरह के बयान से समाज में अस्थिरता कायम होने का खतरा है। ऐसे बयानों से सामाजिक समरसता भंग हो सकती है, बावजूद उन पर कोई भी कार्रवाई ना किया जाना बेहद अफसोसजनक है श्री भट्ट ने कहा कि अगर शिक्षा मंत्री सही मायने में मानते हैं कि रामचरित मानस नफरत फैलाने वाला ग्रंथ है, तो वे उसे बैन करके दिखाएं। श्री भट्ट ने कहा कि एक शिक्षामंत्री की समाज के प्रति बेहद अहम जिम्मेदारी होती है। उन्हें प्रदेश मे सामाजिक समरसता और एकजुटता कायम करने में सहयोगी भूमिका अदा करनी चाहिए। उन्हें छात्रों में एकता की भावना का प्रसार करनी चाहिए, न कि बटवारे की राजनीति। श्री भट्ट ने सवाल किया है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले वाले शिक्षा मंत्री पर मुख्यमंत्री आखिर क्यों चुप्पी साधे हुए हैं, उन्होंने अब तक शिक्षामंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया? उक्त आशय की जानकारी लोजपा (रा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दी।

पटना में शरद यादव की आदमकद प्रतिमा लगाए बिहार सरकार : पप्पू यादव

● मकर संक्रांति के अवसर पर दही चूड़ा भोज का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना जन अधिकार पार्टी के द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर नंद नगर में दही चूड़ा भोज का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर पप्पू यादव ने कहा कि इस बार का भोज हम अपने अभिभावक नेता शरद यादव के याद में कर रहे है। मंडल मसीहा शरद यादव देश के अंतिम व्यक्ति की आवाज थे। चौधरी चरण सिंह, कपूर्री ठाकुर लोहिया और जयप्रकाश नारायण के साथ काम किया। उन्होंने कभी जात पात नहीं किया। वे गरीबों के लिए जीना जानते थे। इस कारण हमने हजारों गरीबों के बीच सक्रांति भोज कराने का निर्णय लिया है। सभी कार्यकताओं ने एक मिनट का मौन रखकर मंडल मसीहा शरद यादव को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जाप राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने बिहार सरकार से मांग करते हुए कहा कि शरद यादव की विरासत को आगे बढाने के लिए उनकी एक आदमकद प्रतिमा पटना में लगाई जाए। देश के गरीब ही देश का निमार्ता हैं। शरद जी की सच्ची श्रद्धांजलि है गरीबों के लिए जीना। संक्रांति भोज में साथ चूड़ा, दही, दूध, गुड़, तिलकुट के साथ लजीज मसालेदार आलू गोभी और मटर की मिक्स सब्जी का लुप्त उठाया हजारों लोगों ने उठाया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव राजेश पप्पू, पूर्व विधायक भाई दिनेश,पटना जिला अध्यक्ष सचिदानन्द यादव,आदि मेहता सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस विधान पार्षद के आवास पर दही-चूड़ा भोज में पार्टी के दिग्गजों का जुटान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व विधान पार्षद डॉ समीर कुमार सिंह के सरकारी एमएलसी आवास पर आज मकर संक्रांति के अवसर दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया। इस भोज में बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहें। साथ ही विधान पार्षद डॉ समीर कुमार सिंह के पिता व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व. राजेन्द्र प्रसाद सिंह की जन्म जयंती पर उनके तैल चित्र पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने माल्यार्पण किया। दही-चूड़ा के भोज सह जयंती कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के अलावे विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, पूर्व राज्यपाल व वरिष्ठ नेता निखिल कुमार, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अनिल शर्मा, विधान पार्षद प्रेमचंद मिश्र, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, नरेन्द्र कुमार , मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, विधायक अजय कुमार सिंह, नीतू सिंह, पूर्व विधायक बंटी चौधरी, भावना झा, ब्रजेश पांडेय , जमाल अहमद भल्लू , आनंद माधव , इंजीनियर संजीव सिंह, अजय चौधरी, सुधा मिश्रा ,धनंजय शर्मा , कैसर खान , गरुदयाल सिंह , रीता सिंह , अजय सिंह ,आभा सिंह , मनटनसिंह ,सुनील सिंह ,ओम प्रकाश गर्ग, संजय कुमार पांडेय सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस पार्टी के नेतागण उपस्थित रहें।

केन्द्रीय मंत्री पारस ने 6.15 किलोमीटर सड़क का किया शिलान्यास

● लालगंज पहुंचने पर केन्द्रीय मंत्री का भव्य स्वागत

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र हाजीपुर के लालगंज में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अन्तर्गत तीन सड़कों का शिलान्यास किया। इस मौके पर पार्टी कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री लालगंज पहुंचकर स्वतंत्रता सेनानी बैकुंठ शुक्ल एवं योगेन्द्र शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद उन्होंने लालगंज में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अन्तर्गत धनुषी मनसा ब्रहम चौक से भटौलिया तक लगभग 9.11 किलोमीटर, घटारो करताहा से पुरौनिया चैक तक लगभग 9.68 किलोमीटर तथा लालगंज पोस्ट ऑफिस से बारवे घाट तक लगभग 6.15 किलोमीटर सड़क का शिलान्यास किया। श्री पारस स्वतंत्रता सेनानी बैकुंठ शुक्ल एवं योगेन्द्र शुक्ल के परिजन मनोज शुक्ला से मुलाकात की इसी क्रम में हाथसरगंज में सरोज पासवान एवं जगन पासवान के शोक संतिप्त परिवार से मिलकर परिजनों को सांत्वना दी। श्री पारस अघरपुर में पार्टी कार्यकर्ता दिग्विजय चैरसिया द्वारा आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भाग लिये। श्री पारस लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बिहार की जो चमक देख रहे हैं वह एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देन है। श्री पारस ने आगे कहा कि मेरे बड़े भाई स्व रामविलास पासवान जी की भी लालगंज क्षेत्र के लोगों के प्रति हमेशा विशेष सम्मान एवं लगाव रहा है, जो कि निरंतर उनके मृत्यु तक बना रहा, मुझे उम्मीद है कि आपलोग का सहयोग मुझपर निरंतर बना रहे। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में लालगंज विधायक संजय कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य भूषण कुमार एवं नगर परिषद डिप्टी चेयरमैन संतोष कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के प्रधान महासचिव केशव सिंह, दिशा के सदस्य घनश्याम कुमार दाहा, युवा प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, प्रदेश महासचिव रंजीत पासवान, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रणजीत कुमार, कामेश्वर सिंह, वैशाली जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, व्यवसायिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पारसनाथ गुप्ता, राजेश सिंह, प्रकाश कुमार चंदन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विकास भवन सभा कक्ष में सरकारी गाड़ी चलाने वाले सभी विभाग के ड्राईवरों के लिए आयोजित किया गया रिफ्रेशर कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम

सरकारी गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों को दिया गया सड़क सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण

● प्रशिक्षण में विभागीय मंत्री से लेकर अधिकारियों व पदाधिकारियों के ड्राइवरों ने लिया भाग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सड़क सुरक्षा सप्ताह, 2023 के तहत रविवार को विकास भवन स्थित शिक्षा विभाग के सभा कक्ष में बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की ओर से सरकारी गाड़ी चलाने वाले सभी विभाग के ड्राइवरों के लिए यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो शिफ्ट में कुल 375 सरकारी वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया गया। सरकारी वाहन चलाने वाले सभी ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा नियमों एवं केंद्रीय मोटर वाहनों (संशोधित) 2019 के प्रावधानों से अवगत कराया गया। गाड़ी चलाते समय किन किन नियमों का पालन करना है। कौन- कौन से कागजात साथ में रखना अनिवार्य है तथा किस नियम के उल्लंघन करने पर क्या कार्रवाई की जा सकती है। इन तमाम बातों की जानकारी दी गई। जारूकता के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित वीडियो क्लिप दिखाया गया।राज्य परिवहन आयुक्त सीमा त्रिपाठी ने बताया कि नियम और अनुशासन से सड़क पर चलें तो दुर्घटना की संभावना काफी हद तक कम जाती है। सरकारी गाड़ी के चालक पर ज्यादा जवाबदेही है। लोग उनको देखते है। अगर वो गलती करेंगे तो अन्य लोग भी गलती करेंगे। इसलिए नियम को सभी फॉलो करें। प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि वाहन चलाने के दौरान हमेशा यातायात नियमों का पालन करें। वाहन से संबंधित जरूरी डॉक्यूमेंट रखने के साथ ही सीटबेल्ट अवश्य लगाएं। यह आपकी सुरक्षा के लिए है। सीटबेल्ट बोझ नहीं है, यह जिंदगी को सुरक्षित रखने का तरीका है। गाड़ी को चिन्हित पार्किंग स्थल पर ही लगाएं और रॉग साइड से गाड़ी को पार नहीं करें। इस मौके पर उपसचिव, परिवहन विभाग,उप सचिव कृत्यानंद रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना श्रीप्रकाश, एमवीआई और बिहार सड़क सुरक्षा परिषद के पदाधिकारी, कर्मी आदि उपस्थित थे।

जीवीपी पॉइंट पर दही-चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन, कचरा पॉइंट बना सेल्फी प्वाइंट

● जीवीपी पॉइंट पर निगम कर्मियों ने खाया दही चूड़ा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना नगर निगम द्वारा रविवार को कूड़ा पर चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत पटना नगर निगम द्वारा जीवीपी का सौन्दरीकरण कर सेल्फी पॉइन्ट का निर्माण किया गया। सभी वार्डों में वेस्ट चीजों से आकर्षक प्रदर्शनी, सेल्फी पॉइंट का निर्माण कराया गया। स्वच्छता की उड़ान, स्वच्छ पटना शहर अपना और आई लव पटना, आई लव बोरिंग रोड जैसे स्लोगन से आमजनों को जागरूक भी किया गया। इस दौरान नगर निगम कर्मियों एवं आमजनों द्वारा जीवीपी पॉइंट पर दही चुरा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वार्डों के माननीय वार्ड पार्षद भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि यह ऐसे स्थल है जो महज कुछ महीनों पहले ही कूड़े एवं गंदगी से पटे रहते थे। नगर निगम कर्मियों द्वारा आमजन के सहयोग से इन्हें साफ एवं सुंदर बनाया गया है। पटना नगर निगम द्वारा आम जनों से अपील की जाती है कि वह शहर को इसी प्रकार स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें।

संक्षिप्त खबरें

स्वच्छता अभियान चलाया गया

हसनपुर, समस्तीपुर। हसनपुर प्रखंड के रामपुर रजवा पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। उपस्थित स्वच्छता ग्राही ने पंचायत में घूमकर झाड़ू लगाया और सफाई किया। मौके पर मुखिया शम्भू प्रसाद राय, ऋतुध्वज राय, राजीव कुमार, कुंदन कुमार, संजीत कुमार आदि मौजूद थे।

एसपी ने किया कल्याणपुर थाना का अचौक निरीक्षण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। एसपी विनय कुमार तिवारी ने कल्याणपुर थाना का शनिवार की रात अचौक निरीक्षण किया। जिसमें इन दिनों हो रहे अपराधिक घटनाएं हो देखते हुए रात्रि गश्ती को बढ़ाने एवं गिरफ्तारी करने पर चर्चा विस्तार से किया। वहीं फरार वारंटी को जल्द गिरफ्तार किया जाय। मौके पर डीएसपी मो० एसएच फखरी, इंस्पेक्टर कृष्णा प्रसाद सहित थाना अध्यक्ष व सशस्त्र पुलिस बल के अन्य जवान मौजूद थे।

मुखिया पुत्र पर हुई फायरिंग मामले में घटना के दूसरे दिन भी दर्ज नहीं हुई प्राथमिकी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालिनगर पंचायत के मुखिया पुत्र प्रशांत कुमार उर्फ मनीष सिंह पर शनिवार की दोपहर हुई गोलीबारी की घटना में रविवार को घटना के दूसरे दिन भी अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई है। मुखिया पुत्र का उपचार मुजफ्फरपुर में किया जा रहा है। लोगों का बताना है कि इस गोलीबारी की घटना में दूसरे दिन भी गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। जहां लोग डरे सहमें हुए रहते हैं। घटना के दूसरे दिन भी अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाए और ना किसी अपराधी की गिरफ्तारी पुलिस कर पाई है। जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। वहीं थाना अध्यक्ष चन्द्र चंद्र किशोर टूड्डू ने बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी किया जा रहा है। परंतु अब तक मृतक के परिजन द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन देने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली जाएगी।

15 लीटर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

हसनपुर, समस्तीपुर। हसनपुर थाना क्षेत्र के धबोलिया गांव से देसी शराब के साथ दो को गिरफ्तार किया गया। उक्त जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष देते हुए बताया कि धबोलिया गांव के संजय साह व विजय तांती को पंद्रह लीटर के साथ गिरफ्तार किया।

पालीगंज टूनार्मेंट का किया गया आयोजन

पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र के सिगोड़ी थाना अंतर्गत राम लखन सिंह यादव ग्राउंड चिक्सी ताड़ी पर मैच टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसका मुख्य अतिथि जिला परिषद प्रत्याशी नीरज कुमार यादव रिबन काटकर मैच का उद्घाटन किया यह मैच 12 ओवर का था यह मैच किंजर बनाम में इमामगंज के बीच खेला गया इमामगंज 115 रन बनाया और किंजर 97रन बनाया जिसमें किंजर का 18 रन से हार हुआ मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रवि यादव अध्यक्ष चंदन कुमार संचालक पंकज कुमार (आर्मी) सचिव बिट्टू कुमार सहयोगी सौरभ कुमार नैयुर आलम सनी कुमार रवि यादव राकेश यादव अरुण कुमार रजनीकांत विकास कुमार धर्मवीर नीतीश लालू कुमार झुल्लु नीलेश धर्मेंद्र कुमार इत्यादि मौजूद थे।

निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

नाथनगर (भागलपुर)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नया टोला चौहद्दी नूरपुर पंचायत भवन के समीप निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर पूर्व मुखिया आशा देवी के द्वारा सामान्य स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। सामान्य स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच का निरीक्षण डॉक्टर हरिशंकर प्रसाद जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन और डॉक्टर प्रेम कुमार नेत्र रोग विशेषज्ञ फेकू एवं ग्लूकोमा सर्जन के द्वारा किया जा रहा है। ईस शिविर में काफी संख्या में स्थानीय लोगो ने निशुल्क स्वस्थ जांच शिविर में उपस्थित होकर सुविधा का लाभ उठाया। इस क्रम में डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि पब्लिक को जागरूक करना है आंख का देखभाल कैसे करना है, इसका कैसे ध्यान रखना है। क्योंकि समाज में ऐसे लोग हैं जिनको की आंख की रोशनी जाने से बचाया जा सकता है, समाज में बहुत लोग है जो नहीं दिखा पाते हैं।

समस्तीपुर विकास मंच ने सैकड़ों गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण

सदर अस्पताल के मरीजों के लिए भी अस्पताल प्रबंधक को प्रदान किया गया कंबल

प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर विकास मंच के संयोजक राकेश कुमार ठाकुर ने समस्तीपुर सदर अस्पताल पहुंचकर सदर अस्पताल के आपतकालीन कक्ष के मरीजों हेतु सदर अस्पताल प्रबंधक विश्वजीत रामानंद को एक दर्जन कम्बल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय व जरूरतमंद मरीजों के लिए समस्तीपुर विकास मंच के द्वारा कम्बल प्रदान किया गया है। सदर अस्पताल के प्रबंधक विश्वजीत रामानंद ने कहा कि दूसरों के दुखों को समझना इंसान का धर्म है, इंसान में अगर सेवा की भावना जागृत हो जाए तो हमारा देश और समाज उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। गरीबों की सेवा करने से जो सुकून मिलता है वह दुनिया की कोई भी दौलत नहीं दे सकती। मौके पर समस्तीपुर विकास मंच के संयोजक सह स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर,

सदर अस्पताल के प्रबंधक विश्वजीत रामानंद, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ० एसए आलम, उत्कर्ष बैंक के वरीय प्रबंधक रवि आनंद, समाजसेवी सह अधिवक्ता मो० शाहिद हुसैन, ई० राजेश कुमार राय, मो० रूहुल्लाह खान गुड्डू, रंजीत कुमार रम्भू, ज्योतिष महतो, मनोज पटेल तथा मनोज कुमार राय आदि मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर समस्तीपुर शहर के वार्ड संख्या-16 स्थित प्राथमिक विद्यालय रेलवे कॉलोनी, जितवारपुर में गरीबों व जरूरतमंदों के बीच लगभग 145 कम्बलों का वितरण किया गया। कम्बल वितरण समारोह का उद्घाटन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए डॉ० एसए आलम ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समस्तीपुर विकास मंच के सह संयोजक ई० राजेश कुमार राय, संचालन समाजसेवी हरिवंश राय तथा धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी सह कनीय अभियंता ई० रीतेश कुमार पंकज ने किया। मौके पर शिक्षाविद प्रोफेसर दिनेश्वर राय, स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, ई० राजेश कुमार राय, ई० मनोज कुमार राय, ई० रीतेश कुमार पंकज, स्टेट बैंक के अधिकारी दिनेश कुमार ठाकुर, ग्रामीण बैंक के प्रबंधक आलोक कुमार, उत्कर्ष बैंक के वरीय प्रबंधक रवि आनंद, समाजसेवी मो० शाहिद हुसैन, रामविनोद पासवान, मो० रूहुल्लाह खान गुड्डू, हरिवंश राय, मनोज कुमार राय, ज्योतिष महतो, रविन्द्र कुमार रवि, मनोज पटेल, रंजीत कुमार रम्भू, भूषण राय तथा डॉ० रामसेवक राय आदि मौजूद थे।

मकर सक्रांति पर दही चुडा का महाभोज आयोजित, गरीबों के बीच कंबल का भी किया वितरण

प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर । राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ समस्तीपुर के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को जिले के भमरूपुर स्थित अपने निवास पर हजारों गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

कंबल वितरण से पूर्व दही चुरा के समरसता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्राह्मणों को भोजन भी कराया गया और उन्हें दान दक्षिणा देकर जन कल्याण का कार्य अनवरत करते रहने का आशीर्वाद लिया गया। बता दें कि राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी प्रत्येक वर्ष मकर सक्रांति के अवसर पर हजारों लोगों के बीच कंबल का वितरण करते हैं। इस बार भी उन्होंने लगुनिया सूर्यकंठ, रघुकंठ, बेझाडीह, कोरबद्धा, भमरूपुर एवं बेलारी आदि गांवों के हजारों गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस बाबत उन्होंने बताया कि अपनी मां के आशीर्वाद से वह करीब 15 वर्षों से अधिक समय से मकर संक्रांति के अवसर पर कंबल का वितरण करते आ रहे हैं। मौके पर जयजय राम चौधरी, बृज नंदन राय, वैदिक संजय मिश्रा, रालोजपा जिला प्रधान महासचिव नीरज भारद्वाज, विनय शंकर मिश्रा, मणिकांत मिश्रा, अरविंद चौधरी, रालोजपा नेत्री गीता सिंह कुशवाहा, निखिल कुमार एवं नैतिक कुमार आदि उपस्थित थे।

16 जनवरी को प्रखंड पर कैंप लगाकर कॉन्प्लेक्स रिसर्च सेंटर का खाता खोलने के लिए जमा लिया जाएगा फॉर्म

, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर। राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना के पत्रांक एसीसीटीटी/272/2016-11/ पार्ट-1/47 दिनांक 4 जनवरी 2022 के आलोक में विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत में नामित माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कंपलेक्स रिसर्च सेंटर प्रस्तावित है, जिसमें जीरो बैलेंस सब्सिडी अकाउंट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में खोला जाना है। जिसके लिए 16 जनवरी को प्रखंड में कैंप लगाकर खाता खोलने का फॉर्म जमा किया जाएगा जो बैंक शाखा में जमा कराया जाएगा। इसके लिए नामित कंपलेक्स रिसर्च सेंटर के संचालक का सम्बद्ध माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय के बैंक शाखा में खाता खोलने संबंधित आवेदन एवं आवश्यक कागजात को शाखा प्रबंधक से संपर्क स्थापित कर खाता खुलवाने हेतु अकाउंट ओपनिंग फॉर्म जमा करेंगे। प्रत्येक कंपलेक्स रिसर्च सेंटर से जीरो बैलेंस सब्सिडी अकाउंट का प्रपत्र 3 में विवरण प्राप्त करेंगे। तथा पीएफएमएस के बेब पोर्टल पर पंजीयन के पूर्व भारतीय स्टेट बैंक पटना सचिवालय के द्वारा समेकित उपलब्ध कराए गए खाता विवरणी से मिलान करेंगे। साथ ही कंपलेक्स रिसर्च सेंटर से प्राप्त जीरो बैलेंस सब्सिडी अकाउंट को पी एफएमएस के वेब पोर्टल पर समर्थ शिक्षा अंतर्गत स्टेट स्कीम बीआर-137 समर्थ स्कीम कोड बीआरआई के तहत नया एजेंसी सेंटर करते हुए पंजीयन करना होगा। इसके साथ-साथ कई दिशा-निर्देश दिए गए।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक सवारों को गुलाब का फूल किया जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिला परिवहन विभाग के मार्गदर्शन में स्वयंसेवी संगठन प्रगति आदर्श सेवा केंद्र के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह 2023 कार्यक्रम के तहत नगर निकाय क्षेत्र दूधपुरा समस्तीपुर ताजपुर रोड में सड़क सुरक्षा के लिए बगैर हेलमेट चलने वाले मोटरसाइकिल सवार एवं बगैर सीट बेल्ट के चार चक्के के वाहन चलाने वाले लोगों को गुलाब का फूल देकर जागरुक किया गया। गुलाब के फूल के साथ सड़क सुरक्षा के नियम संबंधी पंपलेट भी सभी लोगों को प्रदान किया गया। एनजीओ संघ बिहार सह प्रगति आदर्श सेवा केंद्र के सचिव अधिवक्ता संजय कुमार बबलू के नेतृत्व में चलाये जा रहे इस कार्यक्रम में कर्ण, रितिक, अंकित, मिंटू, अरुण, पंकज, पुनीत

आदि युवाओं ने सक्रिय भुमिका निभाया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को शपथ भी दिलाई गई। ज्ञातव्य हो कि पिछले 11 जनवरी से सड़क सुरक्षा के लिए जिले के अंदर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें स्वयंसेवी संस्था अपने अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित कर सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

भारद्वाजी महाभोज का हुआ आयोजन

हसनपुर, प्रात: किरण संवाददाता

देवधा निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक स्व० रामसुदिष्ट राय के तेरहवीं पर उनके निवास स्थान पर पुत्र राज कुमार राय के द्वारा भारद्वाजी महाभोज का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों के लगभग 155 गांव के भारद्वाज वंश के लोगों ने हिस्सा लिया। महाभोज में शामिल होने पहुंचे भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के संस्थापक आशुतोष कुमार ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से ही भारद्वाज वंशियों को आपस में एक दूसरे को जानने और अपनी एकता प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। बिहार विधानपरिषद के सदस्य सर्वेश कुमार ने रामसुदिष्ट बाबू को एक महान विद्वान और समाज की बेहतरी के लिए जीवन जीने वाला एक महामानव बताया। इस महाभोज में समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय और जमुई जिला के लगभग 155 गांव के लोगों ने भाग लिया। विजय व्रत कंठ, अमित कुमार राय आदि लोगों के द्वारा कविता मई उत्साहवर्धन कर कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया मौके पर राजकुमार राय उर्फ बबलु, नयानगर के पूर्व मुखिया सुधांशु कुमार, औरा पंचायत के पूर्व मुखिया रामकिशोर राय, रामनारायण मंडल, अमित किशोर राय, अश्वनी कुमार राय, बब्बन सिंह, संजीत राय, ब्यासनन्दन रॉय, संजीत राय, भवेश राय, पप्पू राय, राजेश राय, मुकेश राय, सुधांशु सिंह, नन्नू राय, मुन्ना सर, सर्वोत्तम भारद्वाज, कुश कुमार आदि मौजुद थे।

पिकअप की ठोकर से 3 वर्षीय बच्ची की मौत

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के खास टभका दक्षिण पंचायत अंतर्गत कमराईन में पिकअप की ठोकर से 3 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान खास टभका दक्षिण पंचायत के ही वार्ड 7 निवासी रामकुमार सिंह की पुत्री मौसम कुमारी के रूप में की गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि खास टभका दक्षिण पंचायत के कमराईन बेगूसराय जिला एवं समस्तीपुर जिला के बॉर्डर है। जहां मंसूरचक की ओर से आ रहे पिकअप बच्ची को ठोकर मारते हुए विभूतिपुर की ओर फरार हो गया। पिकअप की ठोकर लगने से बच्ची की मौत मौके पर ही हो गई। बता दें कि मृतक पांच भाई बहनों में सबसे छोटी थी। वहीं बच्ची की मौत से माता पिंकी देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

इलाज के दौरान दरभंगा के निजी क्लीनिक में युवक की हुई मौत परिजनों में मचा कोहराम

, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंजना गांव में उमेश ठाकुर के 32 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार ठाकुर का ईलाज के दौरान पारस अस्पताल दरभंगा में मौत हो गया। मौत की खबर सुनते ही आसपास के घरों में एवं परिजनों में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि 12 जनवरी को मृतक युवक अपने धर से बहनोई के साथ सीटेट की परीक्षा देने के लिए पटना जा रहा था। इसी बीच हलेई ओपी के बानदे स्कूल के समीप अज्ञात वाहन मृतक के बाईक में ठोकर मार दिया था। जहां उक्त युवक गम्भीर रूप जख्मी हो गया था। जिस जख्मी युवक को ईलाज के लिए स्थानीय लोगों एव पुलिस ने आनान फनान में सरदार अस्पताल समस्तीपुर में भर्ती कराया। जहां उसे इलाज के बाद दरभंगा रेफर कर दिया गया। दरभंगा में पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज के द्वौरान उसकी मौत पारस अस्पताल में शनिवार की रात हो गया। इसकी पुष्टि पैक्स अध्यक्ष हिमांशु कुमार मुन्ना एवं मुखिया अनीता देवी ने किया है। जहां गांव में मातम पसरा हुआ है।

एन सी सी का मेगा साइक्लोथोन टीम पहुँचे मधुबनी

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। एन सी सी की स्थापना के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में एकता और अनुशासन का संदेश लेकर बिहार & झारखंड एन सी सी निदेशालय अन्तर्गत मुजफ्फरपुर ग्रुप के सात बटालियनों के कुल 25 कैडेट 1000 किलोमीटर की रोमांचक साइकिल यात्रा पर मुजफ्फरपुर से यात्रा प्रारम्भ कर आज मधुबनी जिले के सरिसब-पाही स्थित लक्ष्मीश्वर एकेडमी में चल रहे एनसीसी कैम्प में पहुँचे । इस टीम में 34 बिहार बटालियन एन सी सी, मधुबनी के सार्जेंट दयाशंकर शर्मा, लांस कॉर्पोरल गौतम कुमार झा, कैडेट शिवम कुमार सिंह एवं कैडेट जयप्रकाश शर्मा भी शामिल हैं । यह मेगा साइक्लोथोन सरिसब-पाही से 16 जनवरी को प्रस्थान करेगी और रात्रि विश्राम 48 वीं बटालियन एस एस बी मुख्यालय, जयनगर में करेगी । पुनः सीमावर्ती क्षेत्रों ; यथा - हरलाखी, मधवापुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मोतिहारी, बेतिया, सीवान, छपरा होते हुए हाजीपुर के रास्ते 1 फरवरी को राजभवन पहुँचेगी जहाँ सभी कैडेट राज्यपाल से मिलेंगे । सरिसब-पाही कैम्प में सभी कैडेटों का स्वागत कैम्प कमांडेन्ट कर्नल प्रभाकरण के.पी. एवं सरिसब-पाही (प) के सरपंच संतोष झा ने किया । सरपंच संतोष झा ने कहा कि एन सी सी कैडेट्स आज की विषम परिस्थिति में देश के लोगों को एकता और अनुशासन का संदेश देकर बहुत बड़ा काम कर रहे हैं । विकट परिस्थितियों में धैर्य धारण कर सेना का प्रशिक्षण लेकर देश सेवा का संदेश देते कैडेटों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ । देश का भविष्य आपके हाथों में सुरक्षित है । इसको कर्नल प्रभाकरण ने इन कैडेटों की काफी हौसला अफजाई की और राष्ट्रसेवा की ओर प्रेरित किया । मेगा साइक्लोथोन में कैडेटों के साथ नायब सूबेदार जीतेन्द्र कुमार सिंह, हवलदार रमेश कुमार एवं ए एन ओ संजीव कुमार भी साथ चल रहे हैं । दूसरी ओर सरिसब-पाही में कैम्प कमान्डेंट के साथ सूबेदार मेजर वाई.बी.थापा, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार संजय कुमार, सूबेदार महेश थापा, नायब सूबेदार उज्जर थापा, एएनओ संतोष कुमार, पीआई स्टाफ, जीसीआई निधि आदि सभी सैनिक एवं सिविल स्टाफ मौजूद थे ।

गुप्त सूचना पर पुलिस ने सिंघिया घाट से भारी मात्रा में शराब बरामद

विभूतिपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट के वार्ड 8 हनुमान मंदिर के पास से गुप्त सूचना के आधार पर एलटीएफ टीम एवं विभूतिपुर पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर छापामारी दल ने ठिकाने पर छापा देकर 190 कार्टून विदेशी शराब जप्त किया है। जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है। बताते चलें कि विभूतिपुर में शराब तस्करी एवं अपराध नियंत्रण को लेकर वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार जगह जगह पर नए फॉमूर्ले के तहत निर्गत फरमान के आधार पर एलटीएफ टीम और पुलिस छापेमारी कर रही है। जिससे अपराधी एवं शराब तस्कर में काफी हड़कंप मचा हुआ है। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिला कि विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट में आवासीय घर में छापा दिया। इस दौरान भारी मात्रा में घर में रखे शराब पकड़े गए। जिसे एलटीएफ की टीम ने जप्त कर विभूतिपुर थाना को सुपुर्द किया। थाना अध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने बताया कि सिंघिया घाट निवासी विकास कुमार ने के आवासीय घर से शराब जप्त कर थाने पर लाकर आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है। जांच उपरांत कारोबारी एवं शराब की जानकारी दी जाएगी एवं प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शराब तस्कर भागने में सफल रहा है। एलटीएफ टीम में एएसआई राहत हुसैन खान, राशिद हुसैन, गणेश राय, अरुण कुमार चौधरी आदि शामिल थे।

नागरिक विकास समिति के अध्यक्ष पद पर पुनः मनोनीत हुए जियाउर रहमान

भागलपुर। नागरिक विकास समिति के द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा 2023 की पहले आमसभा थी, इस आम सभा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर जो पूर्व से चयनित थे उन्हें पुनः मनोनीत कर चयन किया गया है। नागरिक विकास समिति के अध्यक्ष के रूप में जियाउर रहमान को मौजूद सभी कार्यकताओं व अधिकारियों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुनाव के तहत मनोनीत किया है। इस आयोज के दौरान मौजूद सदस्यों ने बैठक के दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही पूरे साल की कार्य शैलियों पर भी विचार व्यक्त करते हुए वार्ता की।

पुस्तकालय विज्ञान के छात्रों के लिए फाउंडेशन कोर्स आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के विश्वविद्यालय पुस्तकालय के सीनेट सभागार में पुस्तकालय विज्ञान के छात्रों हेतु एक दिवसीय फाउंडेशन कोर्स का आयोजन बिहार लाइब्रेरी साइंस नेट एंड पीएचडी एसोसिएशन एवं एकेबी पब्लिकेशन के संयुक्त तत्वावधान से विश्वविद्यालय पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. कौशल किशोर चौधरी के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन, पुस्तकालय विज्ञान विषय के प्रसिद्ध लेखक डॉ. अमित किशोर द्वारा प्रतिभागियों को पुस्तकालय व्यावसायिक भर्ती परीक्षाओं की तैयारी की हेतु गाइडेंस प्रदान किया गया जिसमें प्रमुख टॉपिक पर चर्चा, प्रतियोगिता परीक्षाओं के प्रश्नों के स्वरूप की जानकारी, समय प्रबंधन के साथ अध्ययन सामग्री भी प्रदान किया गये। प्रोग्राम के निर्देशक डॉ कौशल किशोर चौधरी ने बताया बिहार विश्वविद्यालय में लंबे समय से पुस्तकालय विज्ञान कोर्स की पढ़ाई हो रही है और यह पूर्णरूपेण व्यवसायिक कोर्स है। इस एक दिवसीय फाउंडेशन कोर्स के माध्यम से पुस्तकालय विज्ञान की डिग्री के उपरांत छात्रों को पुस्तकालय व्यावसायिक भर्ती परीक्षाओं की तैयारी की हेतु

गाइडेंस के साथ अध्ययन सामग्री भी प्रदान किया गया जो प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभदायक रहा। इस तरह का आयोजन पुस्तकालय विज्ञान में बिहार में पहली बार हुआ है और आगे भी इस तरह का आयोजन किया जाएगा। रिसोर्स पर्सन डॉ. अमित किशोर की पुस्तक पुस्तकालय विज्ञान के छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय है और उनसे सीधे पढ़कर और तैयारियों हेतु गाइडेंस एवं अध्ययन सामाग्री पाकर प्रतिभागी काफी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम में 150 छात्र शामिल हुए।

रणधीर वर्मा अंडर -15 क्रिकेट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचा बीपीसीए

पटना । राजधानी के संजय गांधी स्टेडियम गर्दनीबाग में आयोजित रणधीर वर्मा अंडर 15 क्रिकेट चैम्पियनशिप के में रविवार को एक्सीड इंडिया हाई स्कूल पटना और बीपीसीए पटना बीच पहले सेमी फाइनल मुकाबला खेला गया। बसावन पार्क क्रिकेट अकादमी पटना ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए बसावन पार्क क्रिकेट अकादमी पटना ने 25 ओवर में 04 विकेट पर 217 रन बनाये। बसावन पार्क क्रिकेट अकादमी पटना के खिलाड़ी अनिकेत ने 36 गेंदों पर चार छक्के और दस चौके की मदद से शानदार 74 रनों की पारी खेली वहीं उनका साथ देते हुए संयम शेखर ने 63 गेंदों पर सात चौके की मदद से 62 रन बनाये। एक्सीड इंडिया हाई स्कूल पटना गेंदबाज रौनक ने 38 रन देकर2 विकेट, अभिषेक ने 36 रन देकर 1विकेट चटकाए जबकि 1 खिलाड़ी रन आउट हुए, साथ ही टीम ने अतिरिक्त 33 रन भी दिए।

संक्षिप्त खबरें

तीन विद्युत उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत चोरी का मामला हुआ दर्ज

मधुबनी/खजौली। खजौली नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कनिया अभियंता प्रिय रंजन झा के लिखित आवेदन पर प्रखंड के तीन विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत चोरी को लेकर स्थानीय थाना में मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले में प्रखंड के गोबरौरा ग्राम निवासी विनोद यादव पर एलटी के मेन तार से टोका फंसाकर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर खेतों में पटवन करने का आरोप लगाया गया है। वहीं मरुकिया ग्राम निवासी सुरेश कुमार यादव एवं राजेन्द्र कुमार यादव पर मीटर के इनपुट टर्मिनल से बाईपास पर विद्युत की चोरी का आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष अजीत प्रसाद सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

खजौली नेहरु युवा केंद्र के तत्वावधान में नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा किया गया वृक्षारोपण

मधुबनी/खजौली। खजौली नेहरु युवा केंद्र,मधुबनी तत्वावधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय युवा सप्ताह अंतर्गत 15 जनवरी सेवा दिवस युवा भागीदारी में जन एवं आंदोलन कार्यक्रम तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक मुकेश यादव के नेतृत्व में स्थानीय प्लस टू महात्मा गांधी स्मारक उच्च विद्यालय खजौली के परिसर में करीब एक दर्जन फलदार व छायादार वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित खजौली विधायक प्रतिनिधि संभु नाथ ठाकुर ने कहा कि वृक्ष एक संतान की समान है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए वृक्ष लगाना और वृक्ष को संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।हम सभी को चाहिए कि पर्यावरण को संतुलन के लिए अपने आस पास नियमित रूप से वृक्षारोपण करें।इस मौके पर दिनेश राय,विजय राय ,रोहित कुमार, सुमित सिंह, नितिन सिंह, मुन्ना यादव, दीपक यादव ,अजीत राय ,सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

एक नशेड़ी को किया गिरफ्तार

बेलागंज। शराब पीकर बेलागंज बाजार में हंगामा करने, गाली गलौज करने वाले एक नशेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नशेबाज जादोपुर गांव का ग्रामीण बताया जाता है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि जादोपुर के शंभू कुमार शराब के नशे में चूर हो बेलागंज बाजार में हंगामा करने के दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

मकर सक्रांति उत्सव का किया गया आयोजन

चाकंद। मकर सक्रांति के अवसर पर चाकन आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में मकर सक्रांति उत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक समरसता सम्मेलन एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया और भोज का भरपूर आनंद उठाया। मौके पर काशीनाथ यादव ने बताया कि विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ चूड़ा मीठा दही सब्जी तिलकुट एवं अन्य व्यंजनों का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम का समापन राहुल कुमार रोशन कार्यक्रम संयोजक ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन कर किया।

विद्युत चोरी के मामले में लगा जुमार्ना, प्राथमिकी हुआ दर्ज

हवेली खड़गपुर। प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में छापेमारी कर बिजली चोरी करने के आरोप में दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है विद्युत अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि बिजली चोरी मामले में कैसी गांव के रूप सिंह और ओमप्रकाश सिंह पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। ओमप्रकाश सिंह पर 24070 तथा अरुण सिंह पर 18 08 का आर्थिक जुमार्ना भी लगाया गया है।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 80 लीटर शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार कई कारोबारी फरार

मुंगेर। मुंगेर जिला में प्रतिबंधित शराब का बिक्री धड़ल्ले से हो रहा है। प्रतिदिन पुलिस प्रशासन की ओर से शराब उत्पादन करने वाले कारोबारी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया जाता है लेकिन लगाम शराब कारोबारी के विरुद्ध नहीं कसा जा सका है। हवेली खड़गपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार देसी महुआ शराब के विरुद्ध पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

हजारों कार्यकर्ता कपूरी ठाकुर जंयती में जाएगे पटना : अभय कुशवाहा

प्रात : किरण संवाददाता

गया। रविवार को नगमतिया रोड स्थित जनता दल यू कार्यालय के समीप होटल बेला इंटरनेशनल में आगामी 24 जनवरी 2023 को बापू सभागार , पटना में प्रस्तावित जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती समारोह में गया जिला जनता दल यू की मजबूत भागेदारी के लिए गया जिला जनता दल यू के प्रदेश, जिला एवं प्रखण्ड स्तर के कार्यकताओं की तैयारी बैठक की गई है।इस बैठक में जिला अध्यक्ष अभय कुशवाहा ने बताया कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूरी ठाकुर जी की जयंती समारोह में पार्टी के हजारो कार्यकर्ता पटना चलेंगे। आगे आज के शुभ दिन में मकर संक्रांति के अवसर पर जनता दल यू गया के जिलाध्यक्ष अभय कुशवाहा की अध्यक्षता में महागठबंधन के सभी दलों के नेता एवं कार्यकर्ता के लिए मकर संक्रांति भोज का आयोजन किया गया है।इस भोज के पूर्व गया नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर गणेश पासवान, उपमहापौर चिता देवी, पूर्व उपमहापौर मोहन श्रीवास्तव और वार्ड पार्षद का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है । इस सम्मान समारोह में करीब 38 वार्ड पार्षद सम्मिलित हुए जिन्हें हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री संतोष कुमार सुमन एवं जद यू, गया के जिलाध्यक्ष अभय कुशवाहा ने अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किए गए हैं। अभय कुशवाहा ने महागठबंधन के उपस्थित कार्यकत्ताओं की ओर से नवनिर्वाचित महापौर एवं उपमहापौर से माँग किये कि गया शहर में जाम से मुक्ति एवं गया शहर के विकास की रूपरेखा तैयार कर जल्द से काम शुरू करने की माँग किये। आगामी 21 जनवरी को मुख्यमंत्री की समाधान यात्रा को सफल बनाने का आहवान किये है। महागठबंधन के सभी दलों के अध्यक्ष एवं साथियों भी अपना अपना विचार रखें एवं महागठबंधन की मजबूती को कायम रखने पर विशेष चर्चा किया गया है।

इस कार्यक्रम में राजद के जिला अध्यक्ष मो0 नेजाम, हम के जिला अध्यक्ष नारायण मांझी, पूर्व विधायक विनोद यादव, कृष्णनंदन यादव, जदयू नेता कुंडल वर्मा, प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, एलेकजेंडर खान, आसिफ जफर, अरविंद सिंह,राजू वर्णवाल,अजीत शर्मा,अरविंद वर्मा,विनोद कुमार,पुष्पेंदु पुष्प, सीपीआई से कपिलदेव प्रसाद, मकशूद मंजर, रीता वर्णवाल, सतेंद्र सुमन, कांग्रेस से युगल किशोर सिंह,बबलू शर्मा, जदयू से गीता वर्मा,पीतांबरा लोहड़े, शुसमा वर्णवाल, सुनील सिंह,सतीश पटेल एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अरवल में समाधान यात्रा को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 17 जनवरी को अरवल में समाधान यात्रा को लेकर अरवल जिला प्रशासन की तरफ से तैयारियां पूरी किया गया, जिलाधिकारी जे प्रियदर्शनी ने समाधान यात्रा स्थल का किया निरीक्षण, वही अरवल पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सुरक्षा व्यवस्था व कड़ी पुख्ता इंतजाम को लेकर जिला स्तरीय सभी पुलिस विभाग की पदाधिकारियों के साथ में बैठक कर समीक्षा किया, (मगध पुलिस महानिरीक्षक ने स्थल का किया दौरा) मुख्यमंत्री के अरवल जिले के सोनवर्षा पंचायत अंतर्गत कोरियम गांव मे समाधान यात्रा स्थल को निरीक्षण कर गया पुलिस महानिरीक्षक से जानकारी लिया संसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी दुर्गेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन, जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष मंजू कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

15 जनवरी से 21 जनवरी 2023 तक आयोजित होगा भूकंप सुरक्षा सप्ताह

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी । संबंधित विभागों को जिलाधिकारी द्वारा दिए गए आवश्यक निर्देश। आपदा नही होगी भारी यदि पूरी है तैयारी। भूकंप सुरक्षा को लेकर एसडीआरएफ की टीम द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2023 से 21 जनवरी 2023 तक विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल का भी होगा आयोजन।मधुबनी जिला भूकंप की दृष्टि से जोन 5 के अंतर्गत आता है जो कि भूकंप के प्रति अत्यंत संवेदनशील जिलों की श्रेणी है। भूकंप एक आकस्मिक रूप से घटित होने वाली प्राकृतिक आपदा है जिसमें व्यापक स्तर पर संरचनात्मक पर्यावरण व जानमाल की क्षति होती है। भूकंप से निपटने के प्रमुख उपायों में भूकंप रोधी भवन अर्थक्वेक रिस्पांस भूकंप के दौरान की जाने वाली कार्रवाई के प्रति प्रशिक्षित होना व जागरूकता है। इसी दृष्टिकोण से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में भूकंप सुरक्षा सप्ताह 15 से 21 जनवरी 2023 तक मनाया जाना है।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को भूकंप सुरक्षा सप्ताह के दौरान विविध जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। भूकंप सुरक्षा को लेकर एसडीआरएफ की टीम द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2023 से 21 जनवरी 2023 तक विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रारंभ 16 जनवरी 2023 को 11:00 बजे मधेपुर अंचल कार्यालय से होगा। 21 जनवरी को समाहरणालय परिसर एवं रेलवे स्टेशन मधुबनी में भी मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों अभियंताओं शिक्षकों भवन निर्माण सामग्री विक्रेताओं राजमिस्त्रियों युवा स्वयंसेवकों व अन्य हितभागियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिले के विद्यार्थियों को भूकंप सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिता भी आयोजित किया जाएगा। आमजन को भूकंप सुरक्षा के प्रति संवेदनशील व सजग बनाने के लिए शिक्षकों जीविका दीदियों एवं आंगनबाड़ी सेविका- सहायिकाओं के माध्यम से भूकंप सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए जाएंगे।

पांच सालों में शहर को काफी बेहतर बनाया, मुझे विश्वास है कि इसबार और बेहतर काम होंगे : सहाकिरता मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

गया। रविवार को शहर के न्यू करीमगंज स्थित एक निजी होटल में अपना मंच कमिटी के बैनर तले नवनिर्वाचित मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान डिप्टी मेयर चिंता देवी, विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, पार्षद सहित समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री बिहार सरकार डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री श्याम रजक और विशिष्ट अतिथि पूर्व डिप्टी मेयर गया नगर निगम मोहन श्रीवास्तव समेत कई गणमान्य अतिथि मंचासीन रहे।इस मौके पर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपना मंच के पहल को सराहा है।

इसके साथ ही, उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा पर जोरदार हमला किया गया है। उन्होंने कहा कि वह अक्सर भाजपा नेताओं को उनकी औकात दिखाते रहते हैं। जातिगत जनगणना में लोगों को सहयोग देने की अपील की है। मेयर ने पांच सालों में शहर को काफी बेहतर बनाया, उनके अनुभव पर मुझे विश्वास है कि इसबार और बेहतर काम होंगे।

पूर्व मंत्री श्याम रजक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। गया वासियों ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ी चिंता देवी को डिप्टी मेयर बनाने का काम किया है इसके लिए गया की जनता बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि आज देश का जो माहौल है, उसे सुधारने की की जरूरत है। इसमें युवा वर्ग को सबसे आगे रहना चाहिए।

इस अवसर पर मेयर वीरेंद्र कुमार ने गया वासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह गया को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने के साथ-साथ गया को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं, नवनिर्वाचित डिप्टी मेयर चिंता देवी ने भी गया के मतदाताओं को उन्हें डिप्टी मेयर बनाने के लिए धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गया की जनता काफी समझदार है। वह बहकावे में नहीं आकर ऐसे प्रत्याशियों को जिताया है जो गया की सेवा कर सके। इस अवसर पर कुल वार्ड नंबर 26 के पार्षद अबरार अहमद समेत 10 वार्ड पार्षदों को सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही साथ विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 12 गणमान्य लोगों को मोमेंटो शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है। और मंच का संचालन हिमांशु गौरव तथा मंच प्रबंधन नक्स इंडिया ने किया है।

इस कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना मंच कमेटी के अध्यक्ष ताबिश मंजूर, सचिव आमो मलिक, मोहम्मद सोनू, मोहम्मद जावेद आलम, मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद नौशाद, हीरा कुरैशी, काशिफ मलिक, मोहम्मद अनवर, इंतखाब आलम, मोहम्मद शमशाद, अबरार आलम, अजमत अर्शी, साबिर अंसारी और अफसर इमाम सहित कई युवाओं का भरपूर योगदान रहा है।

सभी समाज के विकास के लिए सबको चुनाव में वोटिंग करने की है जरुरत : कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा

प्रात : किरण संवाददाता

गया। रविवार को गया में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की गया इकाई के युवा संभाग द्वारा गया महानगर के बिसार तालाब स्थित होटल गर्व में नवनिर्वाचित मेयर गणेश पासवान और डिप्टी मेयर चिंता देवी का स्वागत समारोह का आयोजन हुआ है। इनके अलावे कायस्थ समाज से आने वाले वार्ड-39 के पार्षद संजय कुमार सिन्हा, वार्ड-41 के पार्षद अंजना श्रीवास्तव, वार्ड-42 के पार्षद राजीव कुमार सिन्हा का भी स्वागत किया गया है। इस अवसर पर पर किंग मेकर अखौरी ओंकार नाथ श्रीवास्तव उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि देश में पहली बार गया की धरती पर सामाजिक समरसता की गंगा बहायी गई है। हम कायस्थ समाज के लोगों ने मिलकर मेयर और डिप्टी मेयर को आगे कर विजेता बनाने में बड़ी भूमिका निभायी है। समाज के आखिरी पायदान पर खड़ा होकर नगर निगम हर किसी के लिए काम करता है। कभी उसके कर्मचारी की भूमिका में रहने वाले अब उसका नेतृत्व करेंगे यह हमारे लिए भी गर्व की बात है।

नगर निगम और आम पब्लिक की जमीनी हकीकत को जानने वाले लोगों को यह जिम्मेदारी देकर गया के विकास की इबारत लिखने का काम करेगा। वहीं, मंच का संचालन कर रहे युवा उद्योगपति कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 32 वर्षों के इतिहास में गया की धरती पर पहली बार मोहन श्रीवास्तव जी ने जो नव प्रयोग किया है वह प्रशंसनीय है। गया नगर निगम का चुनाव दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हुआ है। इसमें कई लोगों ने राजनीतिक गोटियां सेंकने की कोशिश उन्होंने आगे कहा कि अगर हम गया का विकास चाहते हैं अपने समाज का विकास चाहते हैं तो इसके लिए खुद ही आगे आना होगा।

हम कायस्थों को एकजुट होकर 2024 के लोकसभा और 2025 के विधानसभा के होने वाले चुनाव में अपने घरों से निकलकर वोटिंग कर अपनी चट्टानी एकता को दिखाना होगा। अगर हमलोग अपने वोट को नहीं करेंगे तो हमारा नेतृत्व हमेशा कोई और करेगा और हम हमेशा हाशिए पर रह जाएंगे। जिस बिहार की भूमि से जेपी ने 1974 में दिल्ली के सिंहासन को हिला दिया था। आधुनिक बिहार के निमार्ता डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा ने संविधान निर्माण में भूमिका निभायी, स्वामी विवेकानंद ने अपने अध्यात्मिक विद्वता से पूरी दुनिया को परिचय कराया, नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत के बाहर जाकर देश की आजादी के लिए अलख जगाए, हम उनके वंशज हैं।एक बार फिर से जरुरत है आपसी विभेद मिटाकर एकजुट होने की और समाज को एक नई दिशा देने कि ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों का भी उत्थान हो सके। मेयर गणेश पासवान और डिप्टी मेयर चिंता देवी, वार्ड-39 के पार्षद संजय कुमार सिन्हा, वार्ड-41 के पार्षद अंजना श्रीवास्तव, वार्ड-42 के पार्षद राजीव कुमार सिन्हा को मैं बधाई देता हूं और इनसे यही उम्मीद करता हूं कि जिस प्रकार गया की जनता ने आप पर भरोसा जताया है उसको पूरी निष्ठा के साथ निष्पादित करने का काम कीजिएगा।

मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री श्याम रजक ने अपने संबोधन में कहा कि गया की धरती पर कायस्थ एकजुटता ने मेयर गणेश पासवान और डिप्टी मेयर चिंता देवी को नेतृत्व देकर अपनी महानता को दशार्ने का काम किया है। इसके लिए हम इस समाज को बधाई देता हूं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो.रंजीत कुमार वर्मा ने कहा कि हमारा समाज हमेशा से हर तबके के विकास के लिए काम करता है। हम किसी से कोई भेद नहीं रखते हैं लेकिन हमें अपने समाज के विकास के लिए भी काम करने की जरुरत है। इस स्वागत समारोह में डॉ. मनोज कुमार, रीता सिन्हा, विपिन कुमार, दिलीप कुमार, विपिन कुमार सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, रिंकु सिन्हा, विकास कुमार, राजीव रंजन, किशन राज, सानू, अभिनव, आलोक कुमार, मितांभरा लोहड़े, रंजन, मीना सिन्हा सहित अन्य गया शहर के गणमान्य लोगों ने शिरकत किया है

जीवन भर भारत के सर्वांगीण विकास हेतु शोषितों, पिछड़ों, अकलियतों के मसिहा है स्व शरद यादव : विरेन्द्र गोप

प्रात : किरण संवाददाता

गया। रविवार को ओबीसी महासभा बिहार के तत्वाधान में गांधी मंडप ओबीसी महासभा के संरक्षक एवं देश के सर्वश्रेष्ठ सांसद रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री मंडल मसीहा श्रद्धेय शरद यादव के निधनोपरांत उन्हें श्रद्धांजलि निवेदित करने के निमित्त एक शोक सभा का आयोजन किया गया है ।जिसकी अध्यक्षता ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप तथा संचालन विनोद शर्मा ने किया है। इस सभा में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि शरद यादव जी भारतीय राजनीति के एक ऐसे स्तंभ के रूप में प्रतिस्थापित हैं जो सतत भारतीय राजनीति में विराजमान रहेंगे। शरद यादव एकमात्र ऐसे राजनेता रहे हैं जिन्होंने 3 राज्यों से भारतीय संसद के लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया गया है। शरद यादव जीवन भर भारत के सर्वांगीण विकास हेतु शोषितों, पिछड़ों,अकलियतों को उसका हक और अधिकार एवं मान सम्मान दिलाने हेतु संघर्षरत रहे। उन्हीं के संघर्षों का नतीजा था कि पिछड़ों को सरकारी सेवाओं में 27% का प्रतिनिधित्व मिला है। उन्हीं के संघर्षों की बदौलत भारत का पिछड़ा समाज एकजुट हुआ और सभी राजनीतिक दलों के साथ-साथ भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर पिछड़े वर्ग के लोगों को मौका दिया जाने लगा है।इस सभा में शामिल सभी लोगों ने एक स्वर में उन्हें अपना आदर्श मानते हुए उनके बताए संघर्ष के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया है। इसबारे में बीरेन्द्र गोप ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से बिहार विधानसभा के परिसर में शरद यादव जी का आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग की है। इस शोक सभा में हम सेकूलर के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद यादव,ओबीसी महासभा बिहार के प्रवक्ता सुभाष यादव, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुँवर राय, अशोक आजाद, फौजदारी दास, संतोष यादव अधिवक्ता,श्री प्रोफेसर कृष्ण नंदन यादव पूर्व विधायक अतरी, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

जिला मुखिया संघ के करपी बैठक संपन्न, मनरेगा कर्ज को बहिष्कार करने का निर्णय :अभिषेक रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

करपी। अरवल जिला मुखिया संघ के करपी प्रखंड मुख्यालय के परिसर में बैठक आयोजित किया गया, बैठक की अध्यक्षता बिहार राज्य मुखिया संघ के प्रदेश संयोजक सह मुखिया संघ अरवल जिला अध्यक्ष, अभिषेक रंजन ने किया, मुखिया संघ के बैठक के दौरान जिले मे मनरेगा के कार्य को भविष्य कार्य करने का लिया गया निर्णय, अभिषेक रंजन ने बताया कि डीडीसी एवं पीओ घोर लापरवाही व मनमानी रवैया के कारण सभी मुखिया ने मजबूरन होकर यह निर्णय लिया है, आगे उन्होंने कहा कि किसी भी पंचायत में एक भी योजना का कार्य नहीं हुआ 1 वर्ष मुखिया बनने के बाद भी, अभिषेक रंजन ने कहा कि अरवल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का समाधान यात्रा के दौरान हम लोग सभी मुखिया ने मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे हमें पूर्ण आशा विश्वास है कि हमारे बात को माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सुना जाएगा, मौके पर बिहार प्रदेश मुखिया संघ के उपाध्यक्ष सह अनुआँ पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, शहर तेलपा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरंजन यादव, चौहर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र गोप, किंजर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डॉ कमलेश कुमार, नगवाँ पंचायत के मुखिया तपेश्वर चौधरी, माली पंचायत के मुखिया ललन कुमार,पुरैनिया शेखा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डॉ अनिल कुमार समेत जिले के सभी मुखिया उपस्थित हुए।

दुकान के साइन बोर्ड पर अपना जीएसटी निबंधन संख्या निश्चित रूप से लिखना सुनिश्चित करें : राज्य -कर- संयुक्त आयुक्त

मुंगेर। मुंगेर तारापुर हवेली खड़गपुर और संग्रामपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्षों को राज्य कर संयुक्त आयुक्त मुंगेर अंचल मुंगेर ने अपने पत्र संख्या 29 दिनांक 19 जनवरी 2023 को भेजकर कहा है कि सभी दुकानदारों को अपने दुकान के साइन बोर्ड पर जीएसटी निबंधन संख्या अंकित कराना सुनिश्चित किया जाए। राज्य कर संयुक्त आयुक्त ने कहा है कि बिहार माल एवं सेवा कर नियमावली 2017 के नियम 18 के अनुसार करदाताओं को अपने दुकान के साइन बोर्ड पर अपना जीएसटी निबंधन संख्या निश्चित रूप से लिखना है राज्य कर संयुक्त आयुक्त ने कहा है कि यह देखा गया है, कि प्रमुख बाजारों में भी दुकानदारों द्वारा अपने दुकान के साइन बोर्ड पर अपना जीएसटी निबंधन संख्या नहीं लिखवाया है जिसके कारण निबंधित और और अनिबंधित करदाताओं में विभेद करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि करदाता दुकानदारों के द्वारा अपने दुकान के साइन बोर्ड पर जीएसटी निबंधन संख्या नहीं लिखाता है इस परिस्थिति में अधिनियम की धारा 18 का उल्लंघन माना जाएगा।

महात्मा गांधी स्मारक प्लस 2 उच्च विद्यालय के परिसर में आरसीसी खजौली के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय टी 20 क्रिकेट टूनामेंट

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली। मधुबनी ज़िला खजौली रविवार को प्रखंड के महात्मा गांधी स्मारक प्लस 2 उच्च विद्यालय के परिसर में आरसीसी खजौली के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय टी 20 क्रिकेट टूनामेंट यंग एलेवन लीजेंड एलेवन को 51 रनों से हराकर फाइनल कप पर कब्जा जमा लिया। यंग एलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए ,निर्धारित 20 ओवर में लीजेंड एलेवन के सामने जीत के लिए 141 रनों का लक्ष्य रखा। दूसरी पारी में बैटिंग करने के लिए उतरी लीजेंड एलेवन की सुरुआत काफी खराब रह। और उनके सलामी बल्लेबाज को सस्ते में यंग एलेवन के गेंदबाजों आउट कर लीजेंड एलेवन को सुरुआति ओवर में ही बैक फुट पर धकेल कर मैच में अच्छी पकड़ बना लिया।हालांकि लीजेंड एलेवन के बल्लेबाज अमरेश कुमार धीमा सुरुआत करते हुए टीम को एक समय 10 ओवर के समाप्ति के बाद दो विकेट के नुकसान पर 63 रनों तक पहुचा कर मैच को रोमांचक बनाने का भरपूर प्रयास किया। लेकिन 12 वां ओवर लेकर आए यंग एलेवन के गेंदबाज ओम प्रकाश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए लगातार दो खिलाड़ी को आउट कर लीजेंड एलेवन को लक्ष्य से खाफी दूर धकेल दिया। लगातार दो विकेट गीरते ही लीजेंड एलेवन तास की पत्तों की तरह लगातार अंतराल पर विकेट गिरने से 17 ओवर में 90 रन बनाकर ऑल आउट हो गया। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने बाले यंग एलेवन के देवेंद्र कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच के परुस्कार से नवाजा गया। वही विजेता टीम के कप्तान को समाजसेवी दिलजीत सिंह उर्फ बब्लू के हाथों विजेता कप प्रदान किया गया।इस मौके पर राधेश्याम यादव बलबंत सिंह बिट्टू सुमीत कुमार सिंह,नीतिन सिंह अभिजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

गिरिजा माई मंदिर में मकर संक्रांति पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मधुबनी/हरलाखी। हरलाखी प्रखंड में मकरसंक्रांति पर्व के पर लोगों ने विभिन्न जलाशयों में आस्था का डुबकी लगाई। स्नान के बाद लोगों ने विभिन्न शिवालयों में जाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।साथ ही लोगों ने तिल गुड़ चूडा-दही खिचड़ी और लकड़ी का दान किया. इस अवसर पर प्रखंड के खिरहर स्थित धरोहर नाथ महादेव मंदिर कमतौल स्थित मनोकामना महादेव मंदिर फुलहर गिरिजा माई मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को को मिला. वहीं पौराणिक कल्याणेश्वर महादेव मंदिर का पट अहले सुबह से ही खोल दिया गया था।जहां सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कड़ाके की ठंड के बावजूद लोग पहुंचे और मंदिर के सामने पवित्र तालाब में आस्था का डुबकी लगाकर भगवान शिव की दर्शन पूजा व जलाभिषेक किया। साथ ही पूरे दिन भर दान पूण्य का दौड़ चलता रहा. इस दौरान हर हर महादेव की गूंज से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहे थे।

संपादकीय

हादसों का दायरा...

अमूमन हर क्षेत्र में बढ़ती जागरूकता, संसाधनों और सुविधाओं के विस्तार के दौर में उम्मीद यही बंधती है कि रोजमर्रा की गतिविधियों में चूक और लापरवाही में कमी आएगी और हादसों में जानमाल के नुकसान से बचा जा सकेगा। विडंबना यह है कि सुविधाओं के साथ कई लोग इसके उपयोग को लेकर सावधानी और सजगता का खयाल नहीं रख पाते, जिसकी वजह से लोगों की नाहक ही जान चली जाती है। महाराष्ट्र के नासिक में शुक्रवार की सुबह एक तेज रफ्तार बस और ट्रक की टक्कर में कम से कम दस लोगों की जान चली गई और बीस से ज्यादा लोग घायल हो गए। निश्चित रूप से यह आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की ही अगली कड़ी है, लेकिन ऐसी हर घटना यही बताती है कि किसी मामूली-सी चूक या लापरवाही की वजह से वाहनों में सवार वैसे लोगों की जान चली जाती है, जो अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घर से निकले होते हैं। नासिक में हुए हादसे में खबरों के मुताबिक बस की रफ्तार काफी तेज थी। यानी केवल रफ्तार को काबू में रख कर बस का चालक सभी यात्रियों को सुरक्षित अपने घर या उनकी जरूरत की जगह पर पहुंचा सकता था। एक रिवायत की तरह अब सरकार की ओर से दुर्घटना के कारणों की जांच कराने और पीड़ितों या हताहतों को राहत पहुंचाने के मकसद से मुआवजा देने घोषित की गई है। लेकिन सच यह है कि ऐसे हर मौके पर औपचारिक घोषणाओं में तात्कालिक मदद से आगे इस तरह की समस्या का कोई दीर्घकालिक समाधान नहीं निकलता। महाराष्ट्र में नासिक-औरंगाबाद राजमार्ग पर हुए ताजा हादसे के बाद यह जरूर कहा गया है कि अधिकारी शहर और जिले में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान के लिए काम कर रहे हैं। यह एक विचित्र औपचारिकता है कि सरकार या संबंधित महकमों की नींद तभी खुलती है जब कोई बड़ी घटना हो जाती है और वह आम जनता के बीच चर्चा का मुद्दा बन जाती है। वरना क्या वजह है कि उन्नत अभियांत्रिकी के विकास के दौर में राजमार्ग जैसी जगहों पर सड़क बनाते हुए इस पर गौर करना जरूरी नहीं समझा जाता है कि किन-किन खास स्थानों पर और कैसी वजहों से हादसे हो सकते हैं। अगर वक्त पर ऐसी जगहें और वजहें चिह्नित कर ली जाएं, तो शायद बहुत सारे हादसे रोके जा सकते हैं और लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अफसोस की बात यह है कि हमारे यहां किसी विपदा की आशंका और उसके पूर्व आकलन को बहुत जरूरी नहीं समझा जाता है। यह बेवजह नहीं है कि आम लोग किसी हादसे का शिकार होने से पहले तक उससे बचाव के उपायों पर ध्यान नहीं देते हैं। जबकि आधुनिक तकनीकी और संसाधनों का एक पहलू यह भी है कि ये जिस हद तक सुविधाजनक हैं, मामूली लापरवाही की स्थिति में उसी अनुपात में जोखिम के वाहक भी हैं। पानीपत में एक दंपती और चार बच्चे सिर्फ इसलिए जिंदा जल कर खाक हो गए कि उनका ध्यान इस पर नहीं गया कि उनके घर में गैस लीक होकर भर गया है। यह घटना गैस सिलेंडर में आई खराबी या फिर चूक की वजह से लीक होने से भी हुई हो सकती है, लेकिन अगर सिर्फ इस ओर किसी का ध्यान चला गया होता तो सबकी जान बच सकती थी। त्रासदी यह है कि हर साल सड़क और अन्य हादसों के सिलसिले बदस्तूर कायम हैं, जिनमें हजारों वैसे लोगों की जान चली जाती है, जिन्हें मामूली सावधानी बरत कर बचाया जा सकता था। मगर एक घटना से सबक लेकर अगली बार ऐसा होने से रोकने को लेकर कोई ठोस उपाय नहीं निकल पा रहा।

गरीबी के बरक्स बदलाव की राहें

सोनम लववंशी

केंद्र सरकार अन्न से अंत्योदय के लिए संकल्पित होकर नित नए कदम उठाकर गरीबों के जीवन में बदलाव की संवाहक बन रही है। दरअसल, इस धारणा के बनने के अपने कारण हैं। कोविड महामारी के दौरान केंद्र सरकार ने जो कदम उठाए, उनकी वैश्विक स्तर पर प्रशंसा की गई। अब केंद्र सरकार ने एक बार फिर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा दी है। देश में मौजूदा परिदृश्य को देखते हुए यह एक स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन इसके संदर्भ में कई सवाल भी उपज रहे हैं, जिनका हल ढूंढ़ने की दिशा में सरकारी तंत्र को प्रयास करने होंगे! 2023 में देश के नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं और बीते एक-दो वर्षों में यह देखने में आया है कि अन्न योजना से लाभ परोक्ष रूप से चुनावों में उठाया गया है। ऐसे में पहला सवाल यही कि क्या चुनाव जीतने का आधार अन्न योजना बन रही है या फिर वास्तविक रूप से अंत्योदय की राह पर हमारा देश बढ़ रहा है? यों जिस देश में इक्यासी करोड़ लोग सरकार की ओर से मुहैया कराए जा रहे अनाज पर जीवन निर्वाह करने को विवश हों, तो सवाल है कि उनकी अन्य मूलभूत आवश्यकताएं कैसे पूरी होती होंगी। केवल अन्न से किसी का जीवन व्यवस्थित नहीं गुजर सकता। यह हम सभी भली-भांति समझते हैं। एक परिवार को पेट भरने के लिए अन्न और सिर ढकने के लिए छत मूलभूत आवश्यकता है, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जरूरतों को भी दरकिनार करके नहीं देखा जा सकता है। वर्तमान समय में देश का सरकारी तंत्र आजादी के अमृतकाल में आगे बढ़ रहा है। लेकिन जब देश की आम जनता सरकार की ओर से मिल रहे कुछ अनाज में ही अपना अक्स देखने लगती है, सरकार के लिहाज से उसी अन्न से किसी व्यक्ति का जीवन-मरण और सरकारी कागजों में विकास के सुनहरे क्षण गढ़े जाने लगते हैं, तब ऐसे में दुष्यंत कुमार की एक पंक्ति याद आती है कि 'भूख है तो सब्र कर रोटी नहीं तो क्या हुआ, आजकल दिल्ली में है जेर-ए-बहस ये मुद्दआ।' इन पंक्तियों में गरीबों के जिस दर्द को शब्दों में एक वक्त पिरोया गया था, उस गरीब के दर्द को दूर करने के लिए आजादी के बाद से कई सरकारें सत्ता में आईं और चली गईं, लेकिन दुर्भाग्य से आज भी व्यक्ति केवल सरकार से अनाज की आस लगाकर ही बैठा है। इक्कीसवीं सदी में जब देश अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व का नेतृत्व करने की दिशा में बढ़ने की सोच रहा है, मंगल या चांद पर जाने की चर्चा हो रही है, तब देश की सरकार 81.35 करोड़ लाभार्थियों को निशुल्क अनाज देकर ही अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ रही है। यह पक्ष वेदना से भर देने वाला है। फिलहाल हमारा देश कुपोषण की समस्या से भी जूझ रहा है। कोरोना के कारण बेरोजगार हुए साढ़े बारह करोड़ से ज्यादा लोग दोबारा काम पर नहीं लौटे। बेरोजगारी और महंगाई आए दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में कुछ किलो मुफ्त

अनाज के माध्यम से कैसा भविष्य बनेगा! जिस देश की आधी से अधिक या अधिसंख्य आबादी सिर्फ सरकारी अनाज के सहारे जीवन निर्वहन को विवश हो, उसके विश्व गुरु बनने की चाहत एक कल्पना से अधिक मालूम नहीं पड़ती। इसके अलावा रहनुमाई तंत्र की नीति की उपयोगिता आने वाले वक्त में साबित हो पाएगी। इसका कारण यह है कि समर्थन में मत हासिल करना ही लोकतंत्र का असली मकसद नहीं होता। लोकतंत्र में लोक पहले आना चाहिए, लेकिन यहां पैंतीस किलो अनाज देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ ली जा रही है। केंद्र सरकार अपनी पीठ मुफ्त अनाज योजना को अन्न से अंत्योदय बताकर थपथपा सकती है, लेकिन इसका मतलब आमजन को भी समझने की आवश्यकता है। खासतौर पर ऐसे समय में जब दूसरे दलों को नसीहत दी जाती है कि मुफ्त की सियासत को विराम दिया जाए! फिर मुफ्त अनाज को चुनावी वर्ष में बांटने को किस नजरिए से देखा जाना चाहिए? इसके बावजूद यह पहलू अहम है कि संकट के समय में सरकार अपनी ओर से लोगों की हर संभव मदद कर रही है। पिछले दिनों जब विधानसभा के चुनाव हिमाचल और गुजरात जैसे राज्यों में संपन्न हुए, तब यह निष्कर्ष निकलकर सामने आया कि इन राज्यों में आधी से अधिक आबादी मुफ्त अन्न योजना के अंतर्गत आती थी। दरअसल, पार्टियों और नेताओं के बीच छवि गढ़ने की कोशिश हो रही है, जिसमें पीछे रहने को कोई तैयार नहीं। भले गरीबी किसी की मौत की वजह बन जाए। यह लोकतंत्र में कैसे चल सकता है? हाल ही में संपन्न चुनावों की बात करें तो जिस गुजरात माडल का प्रचार वर्षों से चला आ रहा है, वहां की 53.5 फीसद आबादी अन्न योजना के अंतर्गत आती है। क्या इसे महज कागज़ों में अच्छे दिन की संज्ञा दी जाए? सच यही है कि गुजरात जैसे राज्य में भी पैंतीस किलो सरकारी अनाज ही आधी आबादी से अधिक का आधार है। कमोबेश यही हाल कई अन्य राज्यों का है। आंकड़ों के लिहाज से उत्तर प्रदेश में मुफ्त की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की तादाद लगभग पंद्रह करोड़ है, जो किसी न किसी योजना में लाभ ले रहे हैं। एक सर्वे के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में लगभग बासठ फीसदी आबादी मुफ्त राशन की श्रेणी में भी आती है। उत्तराखंड के हर दस में से सात परिवारों को मुफ्त राशन मिल रहा है। वहीं हिमाचल प्रदेश की लगभग 38.4 फीसद आबादी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन का लाभ ले रही है। सही है कि इन आंकड़ों में कुछ प्रतिशत फर्जी नाम भी सम्मिलित होंगे। लेकिन आजादी के सात दशक बाद भी अगर एक बड़ी आबादी को सरकार से महीने के पैंतीस किलो अनाज लेकर जीवन जीना पड़ रहा, तो फिर दूसरी किसी उपलब्धि को कैसे देखा जाएगा! गरीबी की रेखा जो सरकार ने शहरी और गरीबी क्षेत्र की तय कर रखी है, वास्तव में वह सभ्य समाज के सामने एक तीखे सवाल की तरह है। जिस दौर में अमीरों की तादाद लगातार बढ़ रही हो, कहीं न कहीं सामाजिक उत्तरदायित्व का लोप हो रहा है, ऐसे समय में उस दिशा में ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

काश टिफ़िन रखती उसकी मां और बस्ता मुस्कराता

सुधीर मिश्र

सिराज फ़ैसल ख़ान का शेर है-
किताबों से निकल कर तितलियां
ग़ज़लें सुनाती हैं
टिफ़िन रखती है मेरी मां
तो बस्ता मुस्कुराता है

हो सकता है ऐसी ही कोई बात कुछ साल बाद वह नवजात बालक भी सोच सकता, जो दिल्ली की एक बहुमंज़िला इमारत के किसी फ्लैट से धम्म से नीचे गिरा और फिर ईश्वर को प्यारा हो गया। इस बच्चे की माँ के खिलाफ अपने ही बच्चे की हत्या का मुकदमा दर्ज है और अभी वह अपनी ज़चगी से उबरने के लिए अस्पताल में है। दिल्ली महिला आयोग ने बीस साल की इस युवती के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लिखा है। पुलिस फिलहाल उसके ठीक होने का इंतजार कर रही है। खैर नवजात कैसे गिरा, उसे फेंका गया या हाथ से फिसलकर गिरा, माँ ने फेका या घर के किसी दूसरे सदस्य ने? ऐसे सारे सवाल अभी जांच के घेरे में हैं। सवाल यह भी है कि युवती जब जॉब के लिए घर से निकली थी तो उसे अभिभावकों ने सही संस्कारों के अलावा सेक्स एजुकेशन के बारे में कुछ बताया था या नहीं। सवाल यह भी है कि क्या एक पढ़ी-लिखी युवती को इतनी समझ नहीं कि अगर वह गर्भवती हो भी गई थी तो उसे गर्भपात और गर्भ को रोकने वाले उपायों की कोई जानकारी नहीं थी? युवतियां अब पितृसत्तात्मक समाज में रूढ़ियों और बंधे-बंधाए दायरों को तोड़कर क्रिकेट, हॉकी, कुश्ती खेल रही हैं। अंतरिक्ष में जा रही हैं। डॉक्टर, इंजीनियर और आईएएस से लेकर होटल की रिसेपशनिस्ट, नर्स, टीचर और तरह-तरह की प्राइवेट नौकरियां कर रही हैं। टैक्सी ड्राइवर हैं और घर-घर खाना पहुंचा रही हैं। कोविड काल के बाद तो उनकी सक्रियता कई कारणों से और भी ज्यादा बढ़ी है। सवाल है कि घर से बाहर और पुराने पारिवारिक संस्कारों से दूर खुलेपन के माहौल में अगर उनसे कोई गलती हो भी जाती है तो समाज उन्हें स्वीकार करने के लिए कितना तैयार है? यह बहुत अहम सवाल है, लेकिन इसपर बात करने से पहले उदयपुर के समाजसेवी देवेन्द्र अग्रवाल के साथ बिताए कुछ अनुभवों को याद करना प्रासंगिक है। 2012 में वह उदयपुर में फेंके गए या उनके आश्रम के पालने में डाले गए नवजातों के लिए मदर मिल्क बैंक खोलना चाह रहे थे। इसके लिए उन्हें मीडिया के जरिए जनमानस तैयार करना था। राजस्थान और मेवाड़ के रूढ़िवादी समाज में नवजात शिशुओं को जन्म देने वाली माँओं से यह उम्मीद लगानी कि वह अनाथ शिशुओं के लिए अपना दूध दान देंगी, थोड़ा मुश्किल काम था। लेकिन पन्ना धाय की भूमि उदयपुर में कुछ सीनियर अधिकारियों की युवा पत्नियों ने दूध दान कर ऐसा माहौल बनाया कि अब राजस्थान में कई मदर मिल्क बैंक हैं। ऐसी न जाने कितनी युवा माताओं के दूध से पली ऐसी ही कुछ बच्चियों की तस्वीरें देवेन्द्रजी ने हाल ही में भेजीं। जिन बच्चियों को कोई कूड़े के ढेर, नदी के किनारे या उनके पालने में डाल गया था, आज वह दिल्ली, मुंबई व कई दूसरे शहरों के अच्छे स्कूल कॉलेजों में पढ़ रही हैं। उन्हें पता है कि उनके अभिभावकों ने उन्हें गोद लिया है और वह शुक्रगुज़ार हैं कि समाजसेवियों की मदद से वह आज अच्छी ज़िंदगी जी रही हैं। अब आते हैं समाज और लड़कियों की व्यवहारिक स्थिति पर। सच यह है कि जैसी गलती हत्या का मुकदमा झेल रही युवती ने की, वैसी स्थिति में बहुत-सी लड़कियां फंस जाती हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञों व प्राइवेट सरकारी अस्पतालों के लोगों से पूछिए तो वह बताएंगे कि उनके पास कितने ज्यादा ऐसे मामले आते हैं। सच यह भी है कि अभिनेत्री नीना गुप्ता जैसा साहस भी विरले ही युवतियां कर पाती हैं कि वह बिना विवाह अपने बच्चे को बड़ा करें। इसकी वजह वह समाज है, जहां गैर जाति में शादी करने वाली बेटी को एक पिता माँ के सामने काटकर सूटकेस में भर देता है। लड़कियों को पहले के मुकाबले आज़ादी मिली है, लेकिन पितृसत्ता अभी भी पूरी मजबूती से समाज में है। समाज की सोच बदलते-बदलते भी वक्त लगेगा, लेकिन तब तक क्या हो? केंद्र व राज्य सरकारों ने पालनाघरों की व्यवस्था की है। अनचाहे नवजातों को वहां छोड़ा जा सकता है।

किताबों से निकल कर तितलियां ग़ज़लें सुनाती हैं
टिफ़िन रखती है मेरी मां तो बस्ता मुस्कुराता है
हो सकता है ऐसी ही कोई बात कुछ साल बाद वह नवजात बालक भी सोच सकता, जो दिल्ली की एक बहुमंज़िला इमारत के किसी फ्लैट से धम्म से नीचे गिरा और फिर ईश्वर को प्यारा हो गया। इस बच्चे की माँ के खिलाफ अपने ही बच्चे की हत्या का मुकदमा दर्ज है और अभी वह अपनी ज़चगी से उबरने के लिए अस्पताल में है। दिल्ली महिला आयोग ने बीस साल की इस युवती के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लिखा है। पुलिस फिलहाल उसके ठीक होने का इंतजार कर रही है। खैर नवजात कैसे गिरा, उसे फेंका गया या हाथ से फिसलकर गिरा, माँ ने फेका या घर के किसी दूसरे सदस्य ने? ऐसे सारे सवाल अभी जांच के घेरे में हैं। सवाल यह भी है कि युवती जब जॉब के लिए घर से निकली थी तो उसे अभिभावकों ने सही संस्कारों के अलावा सेक्स एजुकेशन के बारे में कुछ बताया था या नहीं। सवाल यह भी है कि क्या एक पढ़ी-लिखी युवती को इतनी समझ नहीं कि अगर वह गर्भवती हो भी गई थी तो उसे गर्भपात और गर्भ को रोकने वाले उपायों की कोई जानकारी नहीं थी? युवतियां अब पितृसत्तात्मक समाज में रूढ़ियों और बंधे-बंधाए दायरों को तोड़कर क्रिकेट, हॉकी, कुश्ती खेल रही हैं। अंतरिक्ष में जा रही हैं। डॉक्टर, इंजीनियर और आईएएस से लेकर होटल की रिसेपशनिस्ट, नर्स, टीचर और तरह-तरह की प्राइवेट नौकरियां कर रही हैं। टैक्सी ड्राइवर हैं और घर-घर खाना पहुंचा रही हैं। कोविड काल के बाद तो उनकी सक्रियता कई कारणों से और भी ज्यादा बढ़ी है। सवाल है कि घर से बाहर और पुराने पारिवारिक संस्कारों से दूर खुलेपन के माहौल में अगर उनसे कोई गलती हो भी जाती है तो समाज उन्हें स्वीकार करने के लिए कितना तैयार है? यह बहुत अहम सवाल है, लेकिन इसपर बात करने से पहले उदयपुर के समाजसेवी देवेन्द्र अग्रवाल के साथ बिताए कुछ अनुभवों को याद करना प्रासंगिक है। 2012 में वह उदयपुर में फेंके गए या उनके आश्रम के पालने में डाले गए नवजातों के लिए मदर मिल्क बैंक खोलना चाह रहे थे। इसके लिए उन्हें मीडिया के जरिए जनमानस तैयार करना था। राजस्थान और मेवाड़ के रूढ़िवादी समाज में नवजात शिशुओं को जन्म देने वाली माँओं से यह उम्मीद लगानी कि वह अनाथ शिशुओं के लिए अपना दूध दान देंगी, थोड़ा मुश्किल काम था। लेकिन पन्ना धाय की भूमि उदयपुर में कुछ सीनियर अधिकारियों की युवा पत्नियों ने दूध दान कर ऐसा माहौल बनाया कि अब राजस्थान में कई मदर मिल्क बैंक हैं। ऐसी न जाने कितनी युवा माताओं के दूध से पली ऐसी ही कुछ बच्चियों की तस्वीरें देवेन्द्रजी ने हाल ही में भेजीं। जिन बच्चियों को कोई कूड़े के ढेर, नदी के किनारे या उनके पालने में डाल गया था, आज वह दिल्ली, मुंबई व कई दूसरे शहरों के अच्छे स्कूल कॉलेजों में पढ़ रही हैं। उन्हें पता है कि उनके अभिभावकों ने उन्हें गोद लिया है और वह शुक्रगुज़ार हैं कि समाजसेवियों की मदद से वह आज अच्छी ज़िंदगी जी रही हैं। अब आते हैं समाज और लड़कियों की व्यवहारिक स्थिति पर। सच यह है कि जैसी गलती हत्या का मुकदमा झेल रही युवती ने की, वैसी स्थिति में बहुत-सी लड़कियां फंस जाती हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञों व प्राइवेट सरकारी अस्पतालों के लोगों से पूछिए तो वह बताएंगे कि उनके पास कितने ज्यादा ऐसे मामले आते हैं। सच यह भी है कि अभिनेत्री नीना गुप्ता जैसा साहस भी विरले ही युवतियां कर पाती हैं कि वह बिना विवाह अपने बच्चे को बड़ा करें। इसकी वजह वह समाज है, जहां गैर जाति में शादी करने वाली बेटी को एक पिता माँ के सामने काटकर सूटकेस में भर देता है। लड़कियों को पहले के मुकाबले आज़ादी मिली है।

आज का राशिफल

मेष मित्रों के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सेहत का ध्यान रखें। मानसिक तनाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी। कार्यों के प्रति जोश एवं उत्साह रहेगा।भाइयों का सहयोग मिलेगा।

वृषभ रहन-सहन में असहज रहेंगे। कारोबार में विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। मित्रों से मतभेद हो सकते हैं।

मिथुन कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। फिर भी आय सन्तोषजनक रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। संयत रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

कर्क नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन शान्त रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

सिंह घर में सुख-सुविधाओं का विस्तार होगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मन अशान्त रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। अति उत्साही होने से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे।

कन्या माता-पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन अशान्त हो सकता है। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं।

तुला मानसिक शान्ति रहेगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक संगीत के कार्यक्रम हो सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। माता-पिता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

धनु कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। बातचीत में संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी से आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्ट-क्षणे तुष्ट की मनःस्थिति रहेगी। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

मकर साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता के योग हैं। माता से धन की प्राप्ति होगी। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। वाणी में सौम्यता रहेगी। जीवनसाथी से आपसी मतभेद भी हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ आत्मसंयत रहें। क्रोध की अधिकता रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में शांति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मीन नौकरी में कार्यक्षेत्र का विस्तार हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्?य का ध्यान रखें। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु परिवार की समस्या परेशान कर सकती हैं। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 4754

	9	2					7	4
				2	3			5
4								
	6			3	4			7
2		8	7	1	5	4		9
1			6	9			3	
								8
8			5	6				
7	4					3	2	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 4753

8	5	1	7	2	9	6	4	3
4	2	3	5	6	8	1	7	9
7	9	6	1	4	3	2	8	5
2	8	7	3	1	5	4	9	6
3	6	9	4	8	7	5	2	1
1	4	5	6	9	2	8	3	7
9	7	2	8	5	6	3	1	4
5	1	8	9	3	4	7	6	2
6	3	4	2	7	1	9	5	8

वर्ग पहेली 4754

1		2	3	■	4	5	6
	■	7		8	■	9	
10	11		■	12	13		■
14		■	■	15			16
17			■		■	18	
■		■	19	■	20	■	
21				■	22	23	
	■	■	24				■

संकेत: बाएं से दाएं

1. 17 जुलाई 1919 का इस देश संविधान अंगीकार किया गया (4)
4. यह कीड़ों द्वारा बनाया गया एकलौता ऐसा पदार्थ है जिसे इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
7. ऊनी कालीन या मोटे गद्दे को यह भी कहते है (3)
9. हमला या आक्रमण करने की क्रिया, सप्ताह का दिन (2)
10. प्रस्थिति, प्रेषिति, गमन (3)
12. प्रकार, जेवर, आभूषण (3)
14. शरीर रोम, पशु रोम (2)
15. पुराणानुसार अमृत मंथन के समय निकला प्रचंड विष (4)
17. दयावान, कृपालु, हमदिल (3)
18. केशलता, बालों का वह गुच्छा जो गाल प लटके (2)
21. शासक मंडल, हुक्मरान, शासक वर्ग (4)
22. पृथ्वी के भूपटल पर निचले और समतल क्षेत्र यह कहलाते है (3)
24. शैन, शनै आगे प्रेषित करना, अपनी जगह से हिलाना (4)

ऊपर से नीचे

1. उत्तरप्रदेश का यह स्थान कांच के उद्योग के कारण प्रसिद्ध है (5)
2. जननेन्द्रीय, लिंगीय (3)
3. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
5. विविध भारती से नाटकों पर आधारित प्रसारित होने वाला एक दैनिक कार्यक्रम (5)
6. भाव, मूल्य, निर्ख (2)
8. आलेप, प्रलेप, लोशन (4)
11. वृत्ताकार, गोलाई लिए हुए (5)
13. पुराणानुसार विभीषण की बड़ी बेटी का नाम (2)
16. पैंडेट, प्रालंब (4)
19. एक प्रकार का मादक पदार्थ (3)
20. वेस्टइंडीज के ग्रेटर एंटीलीज समूह का द्वीप जिसकी राजधानी किंगस्टन है (3)
21. कठोर व्यवहार, निर्दयता (2)
23. आखेटचारा, चबैना, कण (2)

वर्ग पहेली 4753 का हल

इ	ज	रा	इ	ल	■	रू	स
ब	ल	वी	र	■	ज	ना	ब
ति	या	■	ला	ल	■	लै	ब
दा	न	व	■	ह	म	ला	■
ई	■	ह	स	र	त	■	■
■	रा	शि	■	दा	ल	रो	टी
मृ	ग	या	■	र	ब	■	च
ग	■	ना	ते	■	■	दौ	र

संक्षिप्त खबरें

रेवतिथ में दही-चूडा का हुआ भोज, बांटी कंबल

गोपालगंज। रेवतिथ गांव में पूर्व मुखिया चंद्र भूषण सिंह के यहां मकर संक्रांति के अवसर पर दही-चुडा का भोज तथा गरीबों बीच कंबल वितरण का आयोजन किया गया। भोज में पूर्व विधायक मंजीत कुमार सिंह व उनके कई समर्थक भी शामिल हुए। जिसमें पूर्व मुखिया के द्वारा 51 जरूरतमंदों के बीच कड़ाके की ठंड से निजात के लिए कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण में पंचायत के महिला व पुरूष जरूरतमंद लोग शामिल हुए। समाजसेवी व पूर्व मुखिया ने कहा कि प्रीतिभोज व कंबल वितरण कर यह एक छोटा सा प्रयास है, जिसके माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों की जरूरतें पूरी की जाती है। यह आयोजन प्रतिवर्ष अनवरत चलते आ रहा है। इस मौके पर पूर्व मुखिया वीरेंद्र प्रसाद सिंह, समाजसेवी अभय पांडे, डॉक्टर प्रिंस कुमार, रामप्रवेश सिंह, नरेंद्र प्रसाद सिंह, सत्यदेव सिंह, मुद्रिका सिंह, शंभूनाथ सिंह, नौशाद अली उर्फ मुन्ना, ब्रजेंद्र कुमार दूबे सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

बालू खनन के दौरान मिली प्राचीन मूर्ती

गोपालगंज। जिले के बरौली थाने के मोहनपुर वार्ड 25 में बालू खनन के दौरान एक प्राचीन विष्णु मूर्ती मिलने से लोगो की भारी जुट गयी। जैसे ही लोगो को प्राचीन विष्णु मूर्ती मिलने की सूचना मिली लोग पूजा पाठ करने में जुट गए। सूचना पाकर पंहुची पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है। वही बालू खनन के दौरान प्राचीन मूर्ती मिलने की चर्चा भर होती रही।

बरामदे से बाइक की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज। भोरे में वाहन चोरों ने फिर अपनी दस्तक दे दी है। वाहन चोरों ने थाना क्षेत्र के बेलवां मिश्र से घर के बरामदे से बाइक की चोरी कर ली है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के बेलवां मिश्र गांव निवासी पंकज मिश्रा अपनी बाइक बीते शुक्रवार की रात को अपने बरामदे में लगाकर सोने चले गए। जब वे सुबह में जगे तो बाइक गायब थी। मामले को लेकर स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

लूटपाट मामले के आरोपित को पुलिस किया गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के दियारा इलाके में पुलिस ने छापेमारी कर लूटपाट मामले के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बताया जाता है कि रविवार को मांझा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के दियारा इलाके में छापेमारी कर रंजन सिंह गिरोह के सदस्य त्रिभुवन साह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी मांझा थाना क्षेत्र के जगरनाथा गांव का रहने वाला है। थानाध्यक्ष विशाल आनंद ने बताया कि आरोपित पूर्व में भी शराब मामले में जेल जा चुका है। वह पूर्व में गिरफ्तार अपराधी रंजन सिंह का सक्रिय सदस्य हैं। रंजन सिंह के साथ वह हाइवे पर लूटपाट की घटना को अंजाम देता था। आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने छापेमारी कर चार सौ लीटर शराब का पास्क किया नष्ट

गोपालगंज। जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र बाबूहाता गांव में पुलिस ने छापेमारी कर चार सौ लीटर शराब का पास्क को नष्ट किया, तथा 40 लीटर देशी शराब बरामद किया। वहीं इस मामले में पुलिस ने दो महिला सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि रविवार को मांझा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बाबूहाता गांव में छापेमारी कर चार सौ लीटर अर्ध निर्मित शराब का पास्क को नष्ट कर दिया। जबकि वहीं 40 लीटर देसी शराब बरामद कर लिया। पुलिस ने शराब कारोबार में संलिप्त 2 महिला सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

मजदूर नेत्री स्मृति शेष किस्मत देवी के प्रति शोक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

खगड़िया। अर्जक संघ के बैनर तले मथुरापुर चौक पर मजदूर नेत्री किस्मत देवी के निधन पर शोक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम स्मृति शेष किस्मत देवी के प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया तथा कोटि-कोटि नमन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्जक संघ के धर्मेंद्र कुमार ने किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि स्मृति शेष किस्मत देवी सच्चे अर्थों में महिला सशक्तिकरण के प्रतीक थे, वे ईमानदार नेकदिल इंसान एवं क्रांतिकारी गृहिणी मजदूर नेत्री थी।

थावे में मां सिंहासनी को चढ़ा महाभोग, प्रसाद लेने के लिए उमड़े भक्त

यूपी से लेकर नेपाल तक के श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में की पूजा-अर्चना

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

ठंड मौसम के बीच रविवार को बिहार के प्रमुख शक्तिपीठ थावे में मां सिंहासनी को मकर संक्रांति के शुभ पुण्य मुहूर्त में वैदिक मंत्रों के बीच खिचड़ी महाभोग का प्रसाद चढ़ाया गया। प्रसाद के लिए नेपाल, यूपी, बिहार के विभिन्न जिलों के भक्तों की भीड़ लगी रही। परंपरा के अनुरूप महाभोग का प्रसाद चढ़ाने के लिए डीएम डॉ नवल किशोर चैधरी, एसडीओ डॉ प्रदीप कुमार पहुंचे। जहां पहले से मंदिर के पूर्व कोषाध्यक्ष प्रेम केडिया की ओर से प्रमुख बांसुरी वादक महर्षि अनिल शास्त्री, पत्रकार अवधेश कुमार, अशोक प्रसाद महाभोग का प्रसाद तैयार रखे थे। एसडीओ के साथ मां के मंदिर में प्रसाद को वैदिक मंत्रों के बीच मुख्य पुजारी पं सुरेश पांडेय, प्रशासनिक पुजारी हरेंद्र पांडेय एवं अन्य आचार्यो द्वारा विधिवत पूजा के साथ चढ़ाया गया। उसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू हो गया। डीएम, एसडीओ, हरिओम फिड्स के प्रबंध निदेशक दिलीप कुमार सिंह लखनऊ से पहुंचे आमोद श्रीवास्तव व ममता श्रीवास्तव ने प्रसाद वितरित किये। प्रसाद लेने के लिए देर रात तक भक्तों की कतार लगी रही। भक्तों ने मां को नरियल, चुनरी चढ़ाने के बाद शीश नवाया और प्रसाद लेकर खुद को सौभाग्यशाली बताया। थावे के गुड्डू जासवाल, डॉ पल्लव केडिया, डॉ अभिलाषा केडिया, पियुष राज, दुर्गेश शर्मा, कौशल किशोर मिश्र की भूमिका प्रमुख रही।

महाप्रसाद देता है आरोग्य व समृद्धिः मकर संक्रांति के मौके पर मां सिंहासनी को चढ़ाये गये खिचड़ी महाप्रसाद से असाध्य रोगों से मुक्ति मिल जाती है। सुख, समृद्धि के साथ मां की कृपा पूरे वर्ष बनी रहती है। मंदिर के मुख्य पुजारी पं सुरेश पांडेय ने बताया कि वर्ष 2011 से तत्कालीन डीएम पंकज कुमार ने विंध्याचल के साधक डब्लू गुरु की प्रेरणा से खिचड़ी महाभोग की शुरूआत करायी थी, जो अब परंपरा का रूप ले लिया है।

बंदरों का भोज रहा आकर्षण का केंद्र

थावे मंदिर में खिचड़ी महाभोग के प्रसाद के साथ बंदरों का भोज आकर्षण का केंद्र बना रहा। डीएम ने बंदरों को पूड़ी, हलवा खिलाकर उनके भोज की शुरूआत कराई। उसके बाद देर शाम तक बंदरों का भोज अद्भूत रहा। यहां आये पर्यटकों ने जमकर आनंद उठाया। बंदरों का भोज से एक संदेश देने का भी काम किया जाता है। ठंड में कांप रहे बंदरों को पूड़ी मिला तो वे तृप्त होते दिखे।

भोरे में एक बार फिर मोर का शव बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। भोरे में एक बार फिर राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव बरामद किया गया है। एक पखवाड़े के अंदर दूसरी बार मोर के शव बरामद हुए हैं। हुस्सेपुर के खेदुआपुर में स्थित झाड़ियों के बीच से शव को निकाला गया। हालांकि इस बार मोर के पंख गायब नहीं हैं।

मोर की मौत कैसे हुई है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। दूसरी तरफ वन विभाग ने शव को तिरंगे में लपेट कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। बताया जाता है कि प्रखंड की हुस्सेपुर पंचायत के खेदुआपुर गांव के पास हुस्सेपुर राज के अवशेषों में उगे झाड़ियों के बीच रविवार की सुबह कुछ लोगों ने एक मोर के शव को देखा। इसके बाद उसे झाड़ियों से निकाला गया। इस बार मोर के पंख सही सलामत थे। ग्रामीणों ने ठंड से मौत होने की बात कही है। दूसरी तरफ सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को तिरंगे में लपेट कर ले जाया गया। बता दें कि छह जनवरी को भोरे के इमीलिया गांव के सामने स्याही नदी के जंगलों में मोर के पांच शव बरामद किये गये थे। जिनके शरीर से पंख गायब थे। ये पहला मौका था जब गोपालगंज में मोर की मौजूदगी के साक्ष्य मिले थे। सभी शवों को पोस्टमार्टम कराया गया था। लेकिन इसकी रिपोर्ट नहीं अभी तक सामने नहीं आयी है। इस संबंध में रेंजर राजकुमार प्रसाद ने बताया कि मोर के संरक्षण को लेकर प्लान बनाया जा रहा है। भोरे में उनकी उपस्थिति का पता चल रहा है। आगे की कार्रवाई के लिए विभाग से मंतव्य मांगा गया है।

मकर संक्रांति पर नदी घाटों पर उमड़ी भीड़, स्नान के बाद दिया दान

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

रविवार को पूरे जिले में मकर संक्रांति परंपरागत ढंग से मनाई गई। इस बीच लोगों ने नदियों में डुबकी लगायी तथा मंदिरों में पूजा-अर्चना कर ब्राह्मणों को दान देकर आशीर्वाद लिया। सुबह से ही स्नान-ध्यान करने के बाद चावल व पैसों का दान देने का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। उसके बाद लोग तिल व लाई खाकर मकर संक्रांति के परंपरा का निर्वहन किया। मकर संक्रांति के मौके पर गंडक नदी के किनारे स्थिति तमाम नदी घाटों पर स्नान के लिए लोगों की भीड़ दिखी। सबसे अधिक भीड़ डुमरिया घाट स्थित गंडक नदी के घाट पर दिखी। तड़के चार बजे से ही इस नदी के घाट पर लोगों के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। पूरे दिन स्नान व दान का सिलसिला चलता रहा। मकर संक्रांति के मौके पर लोगों ने स्नान के बाद देवालयों में पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना भी की। थावे दुर्गा मंदिर में भी पूरे दिन इस मौके पर पूजा अर्चना का दौर जारी रहा। बरौली प्रखंड के शिवालयों एवं देव स्थलों पर मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं ने स्नान एवं पूजा अर्चना की। कड़ाके की ठंड के बावजूद भक्तों में पर्व को लेकर उत्साह में पूरे दिन कोई कमी नहीं दिखी। प्रखंड क्षेत्र के रुपनछाप स्थित नर्मदेश्वर महादेव पर जलाभिषेक के लिए लोगों की भीड़ दिखी। बरौली मुख्यालय के बाबा बटेश्वर नाथ मंदिर पर भी भक्तों का तांता लगा रहा। सभी जगह स्नान के बाद श्रद्धालु अपने-अपने हैसियत के अनुसार काला तील, मीठा चावल और पैसा ब्राह्मणों को दान पुण्य किया। इसके अलावा कई नकटो भवानी मंदिर तथा लछवार मंदिर में भी भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए लगी रही।

106वें दिन जन सुराज पदयात्रा पहुंची गोपालगंज

दूसरे राज्यों में बिहार के लड़कों को सहनी पडती है बेइज्जती : पीके

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जन सुराज पदयात्रा के 106वें दिन की शुरूआत पूर्वी चंपारण के केसरिया प्रखंड अंतर्गत सेमुआपुर पंचायत स्थित सेमुआपुर चैक मैदान में सर्वधर्म प्रार्थना से हुई। इसके बाद प्रशांत किशोर सैकड़ों पदयात्रियों के साथ सेमुआपुर गांव से पदयात्रा के लिए निकले। आज जन सुराज पदयात्रा पूर्वी चंपारण के रामपुर खजुरिया, डुमरिया पंचायत होते हुए गोपालगंज जिले में प्रवेश की। पदयात्रा परसौनी पंचायत होते हुए सिधवलिया प्रखंड के काशी टेंगराही पंचायत के बुनियादी विद्यालय में रात्री विश्राम के लिए पहुंची। प्रशांत किशोर गोपालगंज में 17 से 18 दिन रुकेंगे और इस दौरान वे जिले के अलग अलग गांवों और प्रखंडों में पदयात्रा के माध्यम से जाएंगे। दिन भर की पदयात्रा के दौरान प्रशांत किशोर 5 आमसभाओं को संबोधित किया और 6 पंचायत के 13 गांव से गुजरते हुए 12.5 किमी की पदयात्रा तय की। इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित किया। जन सुराज पदयात्रा के दौरान प्रशांत किशोर ने बेरोजगारी पर बात करते हुए कहा कि आज पूरे बिहार के लड़को को दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए जलालत से भरी जिन्दगी गुजारनी पड़ती है। आपने अपने बच्चों को मजदूर बनने के लिए नहीं पैदा किया है। आज बिहारियों का आत्मसम्मान खत्म हो गया है। बिहार का आदमी टिकट कटवा कर जब ट्रेन पकड़ने जाता है तो उसे पुलिस वाले लाठी से मारते हैं और तंज करते हुए बोलते हैंए बिहारी लाइन में लगो। आज बिहार के लड़कों को इतनी बेइज्जती सहनी पड़ती है दूसरे राज्यों में। आप अगर साथ देंगे तो जो लड़के दूसरे राज्यों में रोजगार करने के लिए विवश हैं वही लड़के बिहार में फैक्ट्री लगा कर दुसरो को नौकरी देंगे। जन सुराज पदयात्रा के दौरान आम सभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि आप अपने और अपने बच्चों की मदद कीजिए। आज आपके बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पा रही हैं, न उनके शरीर पर पहनने के लिए पूरे कपड़े हैं। आज आपके घर आपके गांव में युवा बेरोजगार बैठा है। जिसकी फिक्र आपको और आपके समाज को होनी चाहिए। मैं उन नेताओं की तरह नहीं हूं जो मीठी-मीठी बातें कर आपको बहलाने आया हूं। आप लोगों ने अपने आत्मसम्मान को इतना खो दिया हैं कि आपको अपने बच्चों की पीड़ा समझ नहीं आ रही है। हाथ जोड़ कर बोल रहा हूं कि सोच समझ कर वोट कीजिए वरना जिस गरीबी में आपकी जिंदगी गुजरी है वही जिंदगी आपके बच्चों को भी गुजारनी पड़ेगी और इसके जिम्मेवार सिर्फ आप होंगे।

श्रीपुर में लग्जरी कार से विदेशी शराब जप्त तीन तस्कर गिरफ्तार

भोरे-मिरगंज मुख्य पथ पर पुलिस ने की कारवाई

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

श्रीपुर ओपी अध्यक्ष अशोक कुमार व थाने में पदस्थापित एसआई प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के जवानों के साथ शनिवार की देर शाम एक गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के भोरे-मीरगंज मुख्य पथ के बंशी बतरहां हथुआ शाखा नहर पुल के पास वाहन जांच के क्रम में एक इनोवा लग्जरी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस शराब से भरी लग्जरी कार को थाना परिसर लायी। जहां लग्जरी कार को खोलकर शराब की गिनती की गई। जिसमें 390 बोतल विदेशी शराब अलग-अलग ब्रांड के गिनती हुई। गिरफ्तार शराब तस्करों में भोरे थाना क्षेत्र के सिसई गांव के निवासी अली राजा का पुत्र खुर्शीद खान व रामानंद राम का पुत्र राकेश राम तथा जोरावरपुर गांव के निवासी स्वर्गीय किशुनदेव भारती का पुत्र राहुल भारती बताए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि उक्त शराब तस्कर उत्तर प्रदेश से शराब लाकर अलग-अलग थानों के गांवों में होम डिलीवरी करने का कार्य करते हैं। जिसे एक गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तीनों तस्करों के विरुद्ध पुलिस बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद रविवार को पुलिस अभिरक्षा के बीच न्यायिक हिरासत गोपालगंज भेज दिया है।

501 जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण

गोपालगंज। विजयीपुर प्रखंड के पटखौली एव भरपुरवा गांव में मकर संक्रांति के अवसर पर कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पटखौली में कम्बल वितरण की अध्यक्षता समाजसेवी धनंजय ओझा ने की। पटखौली एवं भरपुरवा गांव में 251- 251 दिव्यांग, महिलाओं एवं जरूरतमंदों के बीच कड़ाके की ठंड से निजात के लिए कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण समारोह में पटखौली, धोबवल, बलवां, मझवलिया, पिपरही, संडीहां, भरपुरवा आदि गांव के 502 महिला व पुरूष जरूरतमंद लोग शामिल हुए। समाजसेवी श्रीओझा ने कहा कि यह एक छोटा सा प्रयास है। जिसके माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों की जरूरतें पूरी की जाती है। यह आयोजन लगभग दस वर्षो से अनवरत चल रहा है।

फुलवरिया पुलिस ने पांच शराबियों को किया गिरफ्तार भेजा जेल

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

फुलवरिया थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद व थाने में पदस्थापित एसआई धनंजय कुमार सिंह पुलिस बल के जवानों के साथ एक गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की देर शाम क्षेत्र के श्रीनगर धुसा गांव के मुख्य पथ पर वाहन जांच के दौरान पांच शराबियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार पांचों शराबियों कि स्वास्थ्य जांच के लिए स्थानीय मरछिया देवी रेफरल अस्पताल में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक जांच में पांचो व्यक्तियों को शराब पीने की पुष्टि की। गिरफ्तार पांचों शराबियों में उचकागांव थाना वह गांव के निवासी हीरामन राम का पुत्र मनेश्वर कुमार, फुलवरिया थाना क्षेत्र के फक्कड़पुर गांव के निवासी लाल सिंह का पुत्र रवि कुमार, रूपी बतरहा गांव के निवासी स्वर्गीय बैजनाथ सिंह का पुत्र आनंद कुमार सिंह, थावे थाना वह गांव के निवासी स्वर्गीय महातम राम का पुत्र लाल बच्चन राम तथा मीरगंज थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव के निवासी स्वर्गीय नगीना राम का पुत्र उमा कुमार राम के रूप में पहचान की गई है। गिरफ्तार पांचों शराबियों के विरुद्ध पुलिस बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद रविवार को पुलिस अभिरक्षा के बीच न्यायिक हिरासत गोपालगंज भेज दिया है।

भोरे में समाजसेवी ने किया 200 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के भोरे में स्थित जेआरएम इंडेन गैस एजेंसी पर मकर संक्रांति के मौके पर कंबल वितरण सह आपदा में बचाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वहां मौजूद उज्जवला योजना के लाभुकों के कंबल दिया गया। बता दें कि भोरे में स्थित जेआरएम इंडेन गैस एजेंसी के संचालक समाजसेवी अरूण कुमार सिंह के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उज्जवला योजना के लाभूक शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होने आये इंडियन ऑयल के रजत कुमार सिंह ने सबसे पहले वहां मौजूद ग्राहकों को गैस पर खाना पकाने और उससे होने वाले हादसे से बचाव की जानकारी दी। इसके बाद मकर संक्रांति के मौके पर सभी को कंबल दिया गया। मौके पर अजय कुमार त्रिपाठी, अनुज कुमार पांडेय, कुंज बिहारी मिश्रा, अबुल हसन, विजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, बुलेट बाबा, अजीत कुमार श्रीवास्तव, राकेश कुमार गुप्ता, सुरेश राय आदि लोग मौजूद रहे।

खोरमपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री की मनायी गयी पुण्यतिथि

गोपालगंज। पूर्व केंद्रीय मंत्री व गोपालगंज के पूर्व सांसद रघुनाथ झा की पांचवीं पुण्यतिथि रविवार को खोरमपुर में जेपी सेनानी स्व. अमरकांत पांडेय के आवास पर मनायी गयी। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रघुनाथ झा के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर मौजूद लोगों ने पूर्व मंत्री को श्रद्धांजल्दि अर्पित की। जदयू के पूर्व जिला महासचिव अभय पांडेय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री को याद करते हुए कहा कि स्व. रघुनाथ झा कार्यकताओं के हितैषी थे। वे हमेशा क्षेत्र के विकास को लेकर मुखर रहते थे। गोपालगंज जिला से सांसद निर्वाचित होने के बाद गोपालगंज को कई केंद्रीय योजनाओं की सौगात दी थी। जिसका लाभ आज गोपालगंज की जनता को मिल रहा है। पूर्व जिला महासचिव अभय पांडेय ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एक समाजवादी विचारधारा के धनी थे।

उचकागांव में सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर वाहन चालकों को किया गया जागरूक

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर हथुआ एसडीपीओ नरेश कुमार और थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के उचकागांव चैक, सामपुर बाजार चैक, अरना बाजार सहित कई जगहों पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट व कागजात के पकड़े गए 30 वाहन चालकों को उचकागांव थाना परिसर में लाकर सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर जागरूक किया गया। बिना हेलमेट पकड़े गए लोगों में कई लोगों ने अपनी समस्या कहते हुए कहा कि हेलमेट घर पर छूट गया है। वहीं कई लोगों ने हेलमेट नहीं खरीदे होने की बात बताई। इन सभी वाहन चालकों को थाना परिसर में पहुंचे हथुआ एसडीपीओ नरेश कुमार और थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया।

इस क्रम में जिन लोगों का हेलमेट घर पर छूटे हुए थे। उन्हें घर से मंगा कर और जिन लोगों के पास अपने हेलमेट नहीं थे उन्हें खरीद कर हेलमेट लाने के बाद हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए जागरूक करते हुए बिना चालान काटे ही जाने की अनुमति दी गई

गोपालगंज के प्रेम शर्मा को मिला भारत यात्रा का परिचय पत्र

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

- काग्रेंस की यह यात्रा तमाम काग्रेंसी विचारधारा के नेता व कार्यकताओं को अपनी भारत भूमि परिभ्रमण का स्वप्न भी पूरा कर रहा है।

काग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक प्रेमनाथ राय शर्मा को 3316 किलोमीटर की भारत जोडो यात्रा पूरी करने पर भारत यात्री का परिचय दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए उन्होने बताया कि राहुल गांधी के भारत जोडो यात्रा में राष्ट्रीय ध्वज के साथ शामिल होना गर्व की बात है। उन्होने बताया कि भारत जोडो यात्रा में शामिल होने के कारण शुगर और ब्लड प्रेशर भी नार्मल हो गया है। उन्होने लोगो से भारत जोडो यात्रा में शामिल होने की अपील की। उन्होने बताया कि भारत जोडो यात्रा देश और समाज के हित के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। काग्रेंस की यह यात्रा तमाम काग्रेंसी विचारधारा के नेता व कार्यकताओं को अपनी भारत भूमि परिभ्रमण का स्वप्न भी पूरा कर रहा है।

विजयीपुर में सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान में वाहनों की जांच

गोपालगंज। सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान को ले विजयीपुर पुलिस ने थाने के समीप मेन रोड पर चेकपोस्ट लगाकर वाहन जांच किया। वाहन जांच के दौरान लगभग एक दर्जन लोग पकड़े गए। जिनमें आधा दर्जन बिना हेलमेट का बाइक चला रहे थे। पुलिस ने वाहन चालकों में कटेया थाना क्षेत्र के साहिल समेत आधा दर्जन लोगों को हेलमेट नहीं पहनने के कारण जुमार्ना के रूप में हेलमेट खरीदने को दबाव दिया। जिस पर आधा दर्जन लोगों ने हेलमेट खरीदा । बता दें कि पुलिस ने थाना के सामने मेन रोड पर हेलमेट का स्टाल लगवाया हुआ है ताकि बिना हेलमेट पहनने वालों को जुमार्ना के रूप में हेलमेट खरीदना अनिवार्य है। जो नही खरीदेगा उसे जुमार्ना भरना पड़ेगा। उक्त कार्रवाई एसपी गोपालगंज के निर्देश पर किया गया है। वाहन जांच में थाने के ए एसआई मंगल कुमार, ए एसआई जैनेन्द्र कुमार तथा चैकीदारो में कन्हैया, राजेश, कुलदीप सहित कई चैकीदार मौजूद रहे।

ओटीपी और चालान पाने के बाद पुलिस ने ट्रक को किया मुक्त

गोपालगंज। विजयीपुर पुलिस ने चावल से लदे ट्रक को ओटीपी और चालान देखने के बाद शनिवार की देर शाम चावल सहित ट्रक को थाने से मुक्त कर दिया। इस आशय की जानकारी विजयीपुर बीड़ीओ राजीव कुमार ने देते हुए बताया कि चालान के ही बिना गाड़ी चालक लापरवाही से ट्रक आगे पहुंचाने की जल्दी बाजी में ट्रक जगदीशपुर चावल मिल से गोपालगंज कोइनी एसएफसी गोदाम के लिए ले जा रहा था। इसकी सूचना विजयीपुर पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस गाड़ी को थाना गेट के सामने रोककर ट्रक चालक से कागजात की मांग करने लगा। चलान नही मिलने के कारण ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया। संबंधित राइस मिल मालिक ओटीपी और अन्य कागजातों को लाकर बीड़ीओ को दिखाया। जिसके बाद पूरी जांच पड़ताल करने के बाद बीड़ीओ राजीव कुमार के निर्देश पर विजयीपुर पुलिस ने ट्रक को मुक्त कर लिया।

संक्षिप्त खबरें

शराब के नशे में पत्नी को पीटकर किया घायल

मुंगेर। मुंगेर जिले के बासुदेवपुर ओपी क्षेत्र के मॉडल बाजार में शनिवार की दोपहर शराब के नशे में एक पति ने अपनी पत्नी को पीट-पटकर पूरी तरह जख्मी कर दिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी महिला की सास पुष्पा देवी और जख्मी के दो पुत्रों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। बताया जाता है कि मंगल बाजार निवासी संजीव कुमार राय की 35 वर्षीय पत्नी रेनू देवी है संजीव कुमार की मां पुष्पा देवी ने बताया कि उसका पुत्र संजीव कुमार शराब का सेवा करता है प्रत्येक दिन शराब के नशे में वह केवल अपनी पत्नी ही नहीं बल्कि उसके और उसके पिता के साथ भी मारपीट करता है शनिवार की दोपहर उसका पुत्र जो घर के पास ही बिजली की दुकान चलाता है शराब के नशे में घर आया और पत्नी रेनू देवी के साथ मारपीट करने लगा इसी बीच उसने ट्यूबलाइट से लगाने वाले रोड से रेनू दवी के बाएं हाथ पर मार दिया जिसके जख्मी हो गया। रेनू देवी को लेकर उसकी सास सदर अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है बताया जाता है कि रेणु देवी पीएचसी माधवपुर में कार्य कर्ता है

हवन और दलित नारायण भोज का हुआ आयोजन

मुंगेर। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1934 में आई विनाशकारी भूकंप को लेकर विजय चौक सेवा समिति मुंगेर के तत्वाधान में भूकंप दिवस का आयोजन किया गया विजय चौक पर भूकंप में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए हवन पूजन वह प्रार्थना का आयोजन किया गया जहां पर दलित नारायण भोज में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

बर्षो से फरार वारंटी गिरफ्तार

मुंगेर। धरहरा प्रखंड क्षेत्र के हेमजापुर ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गंगा के तटवर्ती इलाकों में छापेमारी अभियान चलाकर 5 वर्षों से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है इस संबंध में हेमजापुर ओपी थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी कर बाहर चौकी दुगार्पुर गांव के गंगा चक्रवर्ती क्षेत्र से फरार वारंटी रविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

बंद घर से चोरों ने की लाखों की चोरी

मसौढ़ी में ठंढ बढ़ते ही एक बार फिर से थाना क्षेत्र मे चोरी की घटना बढ़ गई है। एक बार फिर चोरों ने एक बंद घर को अपना निशाना बनाया है। चोरों ने घर में घुस नगदी समेत करीब दो लाख के समान की चोरी कर ली है। ताजा मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गाँधी मैदान के पास की है। जहाँ पीड़ित संजीव कुमार के घर में घुसकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पूरे मामले में पीड़ित संजीव कुमार ने बतया की वो बीते रात किसी काम से पटना चले गये थे। आज सुबह जब वो वापस लोटे तो उनका घर अंदर से बंद था। किसी प्रकार गेट खोल कर जब वो घर के अंदर प्रवेश किये तो देखा की घर का खिड़की टूटा हुआ है और सारा सामान इधर उधर बिखड़ा पड़ा है। उन्हें समझते देर ना लगी की उनके घर में चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जब उन्होंने अपने घर में जाँच पड़ताल की तो पाया की चोरों के द्वारा करीब एक लाख के गहने और पचास हजार नगदी समेट करीब दो लाख के समान की चोरी चोरों के द्वारा कर ली गई। पूरे मामले में पीड़ित संजीव कुमार ने मसौढ़ी थाना पहुँच अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करवाया है।

घर में रहते हुए चोरों ने की चोरी घटना से परेशान है मोहहले वासी

मसौढ़ी में इन दिनों चोर से परेशान है मोहहले वासी घर में रहते हुए भी चोर चोरी कर ले रहे हैं मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रहमतगंज का है जहाँ पीड़ित अंजु देबी पती वालेशवर माँझी के घर में घुसकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पूरे मामले में अंजु देबी ने बतया की वो रात को खाना खाकर सो गए थे सुबह उठा तो देखा की घर का समान बिगडा.पडा.देखा पिडीत ने आवेदन देकर बताया कि गहने के साथ पैतालीस सौ रुपए था पूरे मामले में पीड़ित अंजू देबी ने मसौढ़ी थाना पहुँच अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करवाया है।

ठंड से जनता पस्त, प्रशासन मस्त

मसौढ़ी, इस कड़ाके की ठंड में सरकार द्वारा बड़े-बड़े वादे किए गए लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है इस कड़ाके की ठंड में जनता पस्त हैं लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त है कड़ाके की ठंड में नगर प्रशासन से नगर परिषद क्षेत्र के लोग प्रशासन से आग्रह कर रहे हैं कि अलाव की व्यवस्था की जाए वहीं सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। इससे लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

ड्राई फ्रूट चोरी का 4 घंटे में किया उद्भेदन, सामान के साथ नाबालिक चोर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर सदर एस डी पी ओ राजेश कुमार ने देर शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर ड्राई फ्रूट चोरी कांड का उदभेदन किया। सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि बीती रात्रि कोतवाली थाना क्षेत्र के राजीव गांधी चौक के पास छोटू भाई फ्रूट कॉर्नर दुकान के शटर को काट चोरो ने दुकान में रखे ड्राई फ्रूट्स की चोरी कर ली ।वही पीड़ित दुकानदार जब साढ़े दस आज सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान का शटर कटा हुआ है।

दुकान का ड्राई फ्रूट्स गायब है। इसकी सूचना कोतवाली थानाध्यक्ष धीरेन्द्र पांडेय को दी । पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए घटना स्थल पर पहुंचकर आस -पास लगे सीसीटीवी को खंगाला। जिसमें देखा कि बीती रात एक नाबालिग चोर दुकान से पोलोथिन में समान लेकर निकल रहा है । सीसीटीवी देखने के बाद जब पुलिस नाबालिग चोर की तलाश की तो उसका पता चल गया और उसे गुलजार पोखर मोहल्ले से गिरफ्तार किया। एससडीपीओ ने बताया कि जब चोर से पूछ ताछ की गई तो उसने बताया कि चोरी का सामान अनुपम मनिहारी बेचने वाले दुकनदार के घर के बगल में कूड़ा करकट में छिपा कर रखा है। वही पुलिस ने चोरी के सामान को बरामद कर लिया। एसडीपीओ ने कहा गिरफ्तार चोर रात्रि में अक्सर दुकानों में चोरी करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि जिले में वारदात छोटी हो या बड़ी मुंगेर पुलिस संदजीदगी से लेती है और एसपी के निर्देश पर हमलोग काम करते हैं ।जिसका परिणाम यह होता है कि हर काण्ड के मामले का शीघ्र उजागर किया जाता है।

सरस्वती पूजा में नहीं बजेंगे डीजे गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागी होंगे सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर। अनुमंडल क्षेत्र में सरस्वती पूजा पर डीजे नहीं बजाया जाएगा 28 जनवरी को तमाम मूर्तियों का विसर्जन होगा। उपरोक्त बातें अनुमंडल शांति समिति के बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने कही है शनिवार के दिन अनुमंडल सभागार में क्षेत्र के पदाधिकारी प्रबुद्ध जन , समाजसेवी, विद्यालय व संस्थाओं के सदस्यों के साथ बैठक की गई इसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य कुमार झा ने की जबकि एसडीपीओ राकेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई जिसमें आईएस के स्थित पर मुख्य समारोह स्थल पर सुबह के 10:00 बजे राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया जाएगा वहीं पूर्व की तथा परेड और झांकी के कार्यक्रम होंगे जिसमें जीविका बाल विकास परियोजना जेएनवी राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों और संस्थाओं द्वारा झांकी निकाली जाएगी साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान निभाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य समारोह स्थल पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमाशंकर सिंह और दुर्गेश करेंगे दिन के 2:00 बजे से प्रशासन बनाम नागरिक के बीच फैंसी क्रिकेट मैच खेला जाएगा वही एसडीओ और एसडीपीओ ने कहा कि सरस्वती पूजा पर डीजे नहीं बजेगा और 28 जनवरी को तमाम मूर्तियों का विसर्जन होगा।

गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा को लेकर अनुमंडल सभागार में हुई शांति समिति की बैठक में हवेली खरगपुर वीडियो सत्यनारायण पंडितसीओ संतोष कुमार इंस्पेक्टर रामानुज सिंह थाना अध्यक्ष नीरज कुमार घंटा थाना अध्यक्ष सुनील साहनी सीडीपीओ शोभा रानी रीता कुमारी कपिल देव सिंह केसी ठाकुर सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

सामाजिक संगठन ने गरीबों के चेहरे पर ला दी खुशी, गरीबों की दुआ मिला ताकत

प्रात : किरण संवाददाता

मसौढ़ी, कड़ाके की ठंड में आर्यभट्ट चेतना मंच है मैदान में आर्यभट्ट चेतना मंच के संयोजक का कहना है कि हुकूमत बाजुओं के जोर पर, तो कोई भी कर ले। जो सबके दिल पे छा जाए, उसे इंसान कहते हैं।

इसी स्लोगन को लेकर सारे पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया है कि जब तक ठंड रहेगा तब तक अलाव जलाया जाएगा लगातार यह कार्यक्रम गरीबों के राहत के लिए किया जाएगा जा यह संगठन ऐसा है कि दूसरों से चंदा इकट्ठा कर ठंड में गरीबों की सेवा में लगा रहता है राष्ट्रीय संयोजक डॉ सुनील कुमार गावस्कर का कहना है कि मानव सेवा कर कर काफी राहत मिलता है गरीबों के लिए आग अमृत के समान हो जाता है गरीब के सम्मान में यह कार्यक्रम चलता रहेगा गरीब असहाय विकलांग विधवा राहगीर सभी के लिए अलाव जलाया जाता है सभी लोग इस से राहत महसूस करते हैं आर्यभट्ट चेतना मंच के सारे पदाधिकारी एवं सदस्य यह कार्यक्रम में सम्मिलित रहते हैं पूरे देश में सदा गरीब के लिए किया जाता है कार्यक्रम जब तक ठंड रहेगा तब तक यह कार्यक्रम चलता रहेगा।

अलाव जलाने वाले में आर्यभट्ट चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ सुनील कुमार गावस्कर मुखिया शाह कोषाध्यक्ष चंदन भारती जी सदन मोहन मांझी जी सरपंच सा जिला महासचिव संतोष अनमोल जी धनरूआ प्रखंड सचिव सर्वेश मांझी जी मसौढी प्रखंड सचिव अशोक यादव जी टुनटुन जी समाजसेवी अजीत शर्मा जी मनोज यादव जी मनोज यादव जी प्रेमचंद दास जी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित हुए।

अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने मकर संक्रांति को लेकर दही चूड़ा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा भोजपुर सह शहाबाद प्रक्षेत्र के तरफ से, जरासंध भवन शिवगंज शीतल टोला आरा भोजपुर बिहार में हर साल कि भाति इस साल भी मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भव्य दही चूड़ा तिलकुट का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भोजपुर जिला अध्यक्ष प्रयाग सिंह चंद्रवंशी ने की ।सनचालन गोपाल प्रसाद चंद्रवंशी, एवं धन्यवाद संजय सिंह चंद्रवंशी धमार ने की। सबसे पहले सभी उपस्थित सभा के पदाधिकारियों ने सामुहिक माल्यार्पण भवन में स्थापित जरासंध महाराज के मूर्ति पर की ।सभा को संबोधित करते हुए सचिव जीतू चंद्रवंशी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ माना गया है जरासंध महाराज को गुड़ चुरा एवं तिलकुट हम लोगों भोग लगाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते है, प्रसाद ग्रहण करते ही लगता है हम सभी के शरीर में बल आन पड़ता है ।सभा मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष संजय सिंह चंद्रवंशी, पूर्व वार्ड पार्षद राजेश कुमार चंद्रवंशी, संयुक्त सचिव देव कुमार चंद्रवंशी, कार्यालय प्रभारी मूना जी चंद्रवंशी, तुफानी सिंह चंद्रवंशी, युवा अध्यक्ष मुकेश चंद्रवंशी,माया शंकर चंद्रवंशी,सागर चंद्रवंशी, शम्भु सिंह चंद्रवंशी,दिनानाथ सिंह, वासुदेव चंद्रवंशी, हरेंद्र सिंह चंद्रवंशी,नीजु चंद्रवंशी सुरेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, मंगल माही,बिनोद चंद्रवंशी,उदय चंद्रवंशी, अरूण चंद्रवंशी, पुड़िया चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, मंगल चंद्रवंशी एवं सभी सदस्य शामिल थे।

समाजसेवियो एवं थानाध्यक्ष द्वारा गरीबों के बीच किया गया कंबल वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

मसौढ़ी। प्रखंड के भगवानगंज थाना परिसर में कड़ाके की ठंड में मसौढ़ी के समाजसेवियों एवं भगवान गंज थाना अध्यक्ष जावेद अहमद खान के द्वारा गरीबों के बीच कंबल वितरण कराया गया। कंबल वितरण थाना अध्यक्ष जावेद अहमद खान एवं आर्यभट्ट चेतना मंच के समाजसेवियों के माध्यम से गरीबों को बीच कंबल वितरण किया गया ।कंबल वितरण के दौरान थानाध्यक्ष ने कहा कि गरीबों के बीच ठंड के समय में गर्म वस्त्र एवं कंबल का वितरण कराना नेक कार्य और समाजसेवी द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है, साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक हम इस थाने में रहेंगे तब तक हम गरीबों की सेवा करते रहेंगे और लोगों से अपील करता हूं कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में कंबल का वितरण अवश्य कराएं। ताकि गरीबों को ठंड से राहत मिल सके ।कम्बल वितरण समारोह में विद्या एडुकेशन ग्रुप के राहुल चंद्रा सर, , आर्यभट्ट चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 सुनील कुमार गावस्कर, समाजसेवी मकसूद राजा, शिक्षक कृष्णा सर शिक्षक विश्वरंजन सर अमृत बाबू विनोद जी एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।

मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए आंखों की की गई जांच

प्रात : किरण संवाददाता

आरा ।महादेवा हनुमान मंदिर के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति इस बार भी मोतियाबिंद के मरीजों को निशुल्क लेंस लगाने के लिए आंखों की जांच शिविर का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा ने की। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मेयर प्रतिनिधि ,सामाजिक कार्यकर्ता और मंदिर समिति के संरक्षक प्रेम पंकज उर्फ ललन जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ आराध्य देव की पूजा और माल्यार्पण से हुआ ।तत्पश्चात अतिथियों को समिति की ओर से अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ।प्रसिद्ध नेत्र सर्जन द्वारा कुल 62 मरीजों को ऑपरेशन के लिए जांच किया गया तथा इन्हें डॉक्टर के क्लीनिक में 21जनवरी शनिवार को दस बजे दिन मे खाली पेट बुलाया गया है। अपनी भावनाओं को रखते हुए डॉ दीपक ने कहा कि अब कैंप में ऑपरेशन नहीं बल्कि क्लीनिक में पूरी सुविधा के साथ निशुल्क दवा और ऑपरेशन करूंगा। सेवा भाव से आपका काम निशुल्क हो रहा है लेकिन इसका शुल्क हनुमान जी स्वयं देंगे ।मैं सदा सेवा भाव से हनुमान जी के लिए कार्य करते रहूंगा। वही मुख्य अतिथि के रूप में पधारे महापौर प्रतिनिधि प्रेम पंकज उर्फ जी ने सबसे पहले आराध्य देव प्रभु श्रीराम और उनके सेवक श्री हनुमान जी, उपस्थित पुरुष महिला और अतिथियों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

आप सभी के आशीर्वाद से समाज सेवा की जो भावना थी अब पूरी होगी। मैं 20 साल पूर्व साई नेत्रालय के सहयोग से ऑपरेशन कराता था। आंखें बहुमूल्य है उम्र बढ़ने के साथ-साथ मोतियाबिंद होता है जिससे दिखाई नहीं पड़ता है और हुजूर परिवार का बॉस और आर्थिक कठिनाइयों के कारण इलाज नहीं करा पाते हैं डॉक्टर दीपक जो पूर्व से मंदिर के लिए निशुल्क ऑपरेशन करते हैं, बुजुर्गों को आंखों की रोशनी से जीवन जगमग करते हैं,उनकी दुआएं सदा इनको मिलती रहे। आंखों की ज्योति देना एक सराहनीय प्रयास है। मैं डा दीपक निवेदन करता हूं कि हम सभी से जुड़कर 45 वार्डों में इस प्रकार का कार्य हो तो यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी ।यह समाज सेवा का महत्वपूर्ण मिसाल कायम होगा। और आरा नगर निगम बिहार का सर्वोत्तम निगम महापौर इंदु देवी के नाम भी होगा। वही आनंद कुमार पर्यावरण प्रेमी ने मंदिर से हैजुड़े अन्य कई गतिविधियों की चर्चा की और बताया कि हनुमान मंदिर हर तरह से सेवा देने में सक्षम है और आगे भी। इसमें धार्मिक कार्यों के साथ-साथ जनहित के कार्य लगातार चलते हैं।

पालीगंज समदा मेले के अस्तित्व पर मंडरा रही संकट के बादल

प्रात : किरण संवाददाता

पालीगंज/ प्रखण्ड क्षेत्र के समदा गांव में ब्रिटिश काल से चली आ रही पशु मवेशी मेला के अस्तित्व पर मंडराती संकट के बादल को देख इलाके के बुद्धिजीवियों ने स्थायी संचालन कमिटी बनाने की मांग किया है। जानकारी के अनुसार पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के समदा गांव में सन 1932 में स्थानीय जमींदारों द्वारा एक मवेशी मेला शुरू कराई गई थी। जो बाद में बहुत विशाल रूप धारण कर लिया। जिसकी प्रसिद्धि देश को स्वतंत्र होने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर बन गयी। जिसे देखते हुए राज्य सरकार इसे अपने अधीन कर लिया व मेले का संचालन किया। लेकिन हालात यह रही कि सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा वसूली कराई जाने से सरकार को उचित लाभ नही प्राप्त हो सका। जिसे देख सरकार ने मेले की नीलामी शुरू कर दी। वही नीलामी लेनेवाले मेला मालिको ने अधिक मुनाफे के लिए ब्यापारियों को शोषण करते हुए अधिक पैसे वसूलने लगी। जिससे मेले का स्वरूप बदलने लगा। उसके बाद मेले के जमीन पर अपनी दावेदारी दिखाते हुए पतौना गांव निवासी ब्रजभूषण ओझा ने शिकायत दर्ज कराया। कुछ वर्षो तक मुकदमा के बाद मेले का स्वामित्व सरकार ने ब्रजभूषण ओझा को सौंप दिया। तब से मेले का संचालन उनके वंशजो व भतीजे विश्वरंजन ओझा, कमलेश ओझा व राकेश ओझा के द्वारा कराई जा रही है। इस सम्बंध में सामाजिक कार्यकर्ता विकास आनन्द यादव ने बताया कि आपसी खींचातानी के बाद मेले की अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे है।

विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा अवेयरनेस कैंप का हुआ आयोजन

भागलपुर। सुल्तानगंज में विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगामी 11 फरवरी को होने वाले लोक अदालत के लिए लोगों को जागरूक किया गया। वही आयोजित लॉक आदलत कार्यक्रम में अपनी विवादित व लंबित मामले के निपटारे को लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में हिस्सा लेकर अपनी समस्याओं का निष्पादन हेतू आम लोगों का आह्वान किया गया है।

वही विधिक सेवा प्राधिकार के अधिकारियों के द्वारा आम लोगों के बीच बैठक कर लोगों को होने वाली लोक अदालत से मिलने वाले लाभ को लेकर जागरूक करने के साथ उक्त कार्यक्रम से जुड़ी जानकारियों का साझा किया गया है। वही बैठक के माध्यम से उपस्थित लोगों से जुड़े विवादित व उनके लंबित मामले की जानकारी भी ली हैं, वही लोक अदालत के दौरान किन-किन कागजातों से जुड़ी जानकारियों को भी बताया गया है। जिससे उनके मामले का निपटारा हो सके इसको लेकर भी पदाधिकारियों के द्वारा जानकारी दी गई है।

संत परमहंस द्वारा शिक्षा मंत्री का जिह्वा काट लेने वालों को दस करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा पर युवा राजद के कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। मनुस्मृति रामचरित मानस तथा बंच ऑफ थॉट्स में पिछड़ी, दलित जातियों व महिलाओं के सन्दर्भ में कही गई भेदभावपूर्ण बातों पर बिहार के शिक्षा मन्त्री प्रो. चन्द्रशेखर द्वारा आपत्ति प्रकट करने पर अयोध्या के सन्त परमहंस द्वारा प्रो. चन्द्रशेखर की जिह्वा काट कर लाने वालों को 10 करोड़ का इनाम देने का घोषणा करने तथा संघी मनुवादियों द्वारा प्रो. चन्द्रशेखर पर हमलावर हो इस्तीफे की मांग करने पर युवा राजद के प्रदेश महासचिव डॉ. आनन्द आजाद के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रवेश द्वार पर सन्त परमहंस के पुतला दहन के साथ-साथ मनुस्मृति तथा बंच ऑफ थॉट्स की प्रतियाँ जलाई गई। कार्यक्रम के शरुआत में युवा राजद के प्रदेश महासचिव डॉ. आनन्द आजाद व भागलपुर जिला मूलनिवासी संघ के अध्यक्ष सेवानिवृत्त डीएसपी विष्णु रजक द्वारा संयुक्त रूप से सन्त परमहंस के पुतला में आग लगाने का कार्य किया गया । इस दौरान युवा राजद के प्रदेश महासचिव डॉ. आनन्द आजाद ने कहा कि सुबे के शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर ने रामचरित्र मानस को पूज्यनीय तथा वंदनीय बताया है, उन्होंने रामचरित्र मानस के कुछ अंश जो महिलाओं तथा बहुजनों के खिलाफ है, उसका विरोध किया है, ऐसा करके उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है । हम सभी बहुजन समाज के लोग पूरी मजबूती से प्रो. चंद्रशेखर के साथ खड़े हैं और रहेंगे। मनुस्मृति तथा बंच ऑफ थॉट्स में आस्था रखने वाले लोग यह समझ ले कि यह देश संविधान से चलेगा न कि मनुस्मृति तथा बंच ऑफ थॉट्स से। मूलनिवासी संघ के जिलाध्यक्ष सेवानिवृत्त डीएसपी विष्णु रजक तथा मूलनिवासी संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्त उमेश यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर ने मनुस्मृति को जलाकर इस देश को संविधान दिया है, जो सभी लोगों को बराबरी का अधिकार देता है, लेकिन मनुस्मृति के पुजारी गोडसे के हत्यारे उन विचारों को पुनः देश और समाज पर थोपने के प्रपंच में लगा है, इसे कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा । छात्र राजद के विश्वविद्यालय अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि आज केंद्र की सत्ता पर संविधान विरोधी, लोकतंत्र विरोधी, अमन विरोधी एवं मानवता विरोधी मनुवादी ताकतों का कब्जा है ' इनलोगों के द्वारा भारतीय संविधान एवं लोकतांत्रिक ढांचे को समाप्त कर आरएसएस के सपनों का भारत बनाने की दिशा में सुनियोजित साजिश के तहत कार्य किया जा रहा है । उन्हें उनके मंसूबे में कतई कामयाब होने नहीं दिया जाएगा ।

समकालीन अभियान के तहत मिली पुलिस को सफलता

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। तातारपुर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत 14 जनवरी को अधोहस्ताक्षरी पुलिस उपाधीक्षक नगर भागलपुर के नेतृत्व में अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध छापेमारी के दौरान तातारपुर विश्वविद्यालय थाना गश्ती दल द्वारा संध्या समय 5 बजे विश्वविद्यालय मेन गेट स्थित एटीएम के पास से सुन्दर गहतो उम्र-करीब 35

वर्ष पिता उपेन्द्र महतो, साकिन दिलदारपुर बिन्द टोली थाना नाथनगर जिला भागलपुर को एक देशी कट्टा एवं 4 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा जांच करने पर उसके मुँह से शराब जैसी गंध आने के कारण उसका ब्रेथ इन्हेलाइज मशीन से जाँच कराये जाने पर अल्कोहल की मात्रा पाई गई है। उक्त संदर्भ में आग्नेयास्त्र के साथ पकड़ाये अभियुक्त सुन्दर महतो के विरूद्ध तातारपुर विश्वविद्यालय थाना द्वारा आर्म्स एक्ट व 37 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संधोधित अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज कर थाना स्तर से अग्रतर कार्रवाई करते हुए मेडिकल जांच के साथ न्यायालय में पेश किया गया जहां से पुलिस टीम ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वही दूसरी तरफ औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत 14 जनवरी की रात्रि गुप्त रूप से मिली जानकारी के तहत अधोहस्ताक्षरी पुलिस उपाधीक्षक नगर भागलपुर के नेतृत्व में समकालिन अभियान के तहत रोको-टोको अभियान चलाया गया। इसी क्रम में औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना के गश्ती दल द्वारा बाईपास रोड स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के उत्तर से आ रही हुन्डई सेन्ट्रो कार रजि० नं० इफाद2329 को जाँच हेतू रोके जाने पर उक्त वाहन के चालक व वाहन पर सवार अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में

सफल रहे, वही पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन की तलाशी लिये जाने पर गाड़ी के गुप्त रूप में छिपाए हुए कुल 11 कार्टून विदेशी शराब की बोतल रखा हुआ बरामद किया गया। वही पुलिस टीम ने उक्त बरामदगी शराब की कुल मानक 131.67 लीटर बताई जा रही है। वही बरामद शराब में रॉयल जेनरल प्रीमियम ब्रांड विस्की विदेशी शराब को बरामद किया गया है। उक्त संदर्भ में औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना में धारा 30ए बिहार उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उक्त वाहन चालकों के विरुद्ध थाना स्तर से अग्रतर कार्रवाई के साथ गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

दंगल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नाथनगर (भागलपुर)। प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गोसाई दासपुर पंचायत के मधु बाबा प्रांगण में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर दंगल अखाड़े का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दंगल अखाड़े में दिल्ली, गोरखपुर, गोरैया, खगड़िया, बनारस सहित कई जाने माने पहलवान ने भाग लिया हैं। इस कार्यक्रम में गोसाई दासपुर के दर्जनों प्रतिष्ठित लोगों के साथ साथ अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। वही मौके पर राम अवतार यादव, मिथुन यादव, संजय यादव, पंचायत समिति कृष्णा, पूर्व पंचायत समिति उमेश यादव, नवल यादव श्रीराम यादव, चमकी लाल यादव, मनोज पहलवान व मिथिलेश पहलवान उपस्थित थे। वही इस कार्यक्रम में 28 जोड़ी पहलवान अखाड़ा में भाग लिया गया है। जिन्होंने अपने कला प्रदर्शनी से उपस्थित लोगों को अचंभित कर दिया। वही इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान पाने वाले फोटो पहलवान गोसाईदासपुर रहे तो वही दूसरे स्थान पर गोरखपुर के राम नारायण पहलवान व तीसरा स्थान पर गोसाईदासपुर के मिथिलेश पहलवान रहे।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जीवन जागृति सोसाइटी ने वाहन चालकों के बीच चलाया जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता।

शाहकुंड (भागलपुर)।अकबरनगर थाना पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके पांचवें दिन अकबरनगर थाना के समीप यातायात के नियमों के पालन कराने व सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर चल रहे वाहन चालकों के बीच जीवन जागृति सोसाइटी ने जागरूकता अभियान चलाया है। इस दौरान जीवन जागृति सोसायटी के बैनर तले अकबरनगर थाना चौक के समीप बिना हेलमेट पहने वाहन चला रहे बाइक सवार को रोककर सुरक्षा के मानकों को समझाया गया। इस क्रम में आम राहगीरों को यातायात नियमों से अवगत कराते हुए बताया गया है कि बिना हेलमेट पहने बाइक चलाना कितना खतरनाक हो सकता है, साथ ही सोसायटी के सदस्यों ने ऐसे वाहन चालकों को फूल का माला पहनाकर स्वागत किया है। वहीं सुरक्षा मानकों का प्रयोग कर हेलमेट लगाकर चल रहे बाइक चालकों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। जीवन जागृति सोसाइटी के द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर कहा गया कि यदि वाहन चलाते समय सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में दुर्घटना होती है, जो जानलेवा साबित हो सकती है। जिसके लिए वाहन चालक को हेलमेट, सीट बेल्ट, स्पीड लिमिट एवं अनावश्यक ओवरटेक नहीं करना चाहिए। ऐसा करना खतरनाक होता है। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जीवन जागृति सोसाइटी के द्वारा इन्हीं बातों को समझाने की कोशिश किया गया।

कियारा की जासूसी करना चाहते हैं सिद्धार्थ

बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी रिलेशनशिप की वजह से सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में सिद्धार्थ की अपकमिंग फिल्म मिशन मजनू के प्रमोशन के दौरान जब सिद्धार्थ से कियारा के बारे में पूछा गया तो वो शरमा गए। बातचीत में उन्होंने खुलासा किया वो कियारा का नंबर अपनी स्पीड डायल लिस्ट में रखते हैं।

हां मैं बिल्कुल कियारा की जासूसी करूंगा

पिंकविला को दिए इंटरव्यू में सिद्धार्थ मल्होत्रा से एक्ट्रेस कियारा आडवाणी की जासूसी करने को लेकर सवाल पूछा गया। जिसके जवाब देते हुए सिद्धार्थ ने कहा, हां मैं बिल्कुल करूंगा उनकी जासूसी। मैं ये जानना चाहूंगा कि वो एक महीने में कितनी बार वर्कआउट करती हैं। इसका नाम मिशन क्रॉस फिट, मिशन नॉट फिट या फिर मिशन इज शी फिट होगा।

कियारा का नंबर स्पीड डायल पर रखते हैं सिद्धार्थ

सिद्धार्थ ने आगे बात करते हुए स्वीकार किया कि वो कियारा आडवाणी का नंबर अपने फोन में स्पीड डायल पर रखते हैं। सिद्धार्थ का कहना है कि अपने को-स्टार्स का नंबर स्पीड डायल पर रखने से आसानी होती है। हालांकि, सिद्धार्थ ने सफाई देते हुए ये भी कहा कि कियारा के अलावा कुछ और को-स्टार्स का नंबर भी स्पीड डायल लिस्ट में है।

जल्द हो सकती है कियारा-सिद्धार्थ की शादी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2023 में सिद्धार्थ और कियारा साथ फेरे ले सकते हैं। दोनों ने अपनी शादी के लिए शाही पैलेस चुना है। इतना ही नहीं कपल की शादी में टाइट सिक्योरिटी के इंतजाम भी किए गए हैं, प्री-वेडिंग से लेकर शादी तक सभी फंक्शन पैलेस के अंदर रखे जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राजस्थान के आलीशान जैसलमेर पैलेस होटल में कपल की शादी के फंक्शन होंगे। हालांकि, अभी तक दोनों की शादी को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है।

शेरशाह में साथ नजर आए थे

सिद्धार्थ और कियारा ने 2021 में आई फिल्म शेरशाह में साथ काम किया है। सिद्धार्थ के वर्कफ्रंट की बात करें तो, एक्टर रोहित शेट्टी की सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आएंगे। ये सीरीज अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। वहीं कियारा जल्द ही सत्यप्रेम की कथा में दिखाई देंगी। इस फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी हैं।

विजय देवरकोंडा ने शेयर किया अपनी अगली तेलुगु फिल्म का पोस्टर, पुलिस यूनिफार्म में आए नज़र

विजय देवरकोंडा ने बीते शुक्रवार को अपनी अगली फिल्म 'वीडी12' की अनाउंसमेंट एक पोस्टर के साथ की जिसमें फर्स्ट लुक का खुलासा किया गया है। विजय और गौतम तिन्ननुरी अभिनेता की अगली तेलुगु फिल्म के लिए हाथ मिला रहे हैं। एक्टर ने पोस्टर में एक पुलिस वाले के रूप में पोज दिया और कहा कि जब उन्होंने स्क्रिप्ट सुनी और अपनी अगली फिल्म की टीम के बारे में पता चला, तो उनका दिल कुछ धड़कनों से धड़क उठा। इस फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। विजय को आखिरी बार अनन्या पांडे के साथ 'लाइगर' (2022) में देखा गया था। विजय की अपकमिंग फिल्म के पोस्टर, डब वीडी12, में एक पुलिस वाले का सिल्हूट दिखाया गया है, जिसका चेहरा कपड़े से ढका हुआ था। इसे शेयर करते हुए, विजय देवरकोंडा ने ट्वीट किया, द स्क्रिप्ट। द टीम। माई नेक्स्ट। जब मैंने यह सुना तो मेरा दिल कुछ धड़कनों से रुक गया। यह चिढ़ाते हुए कि फिल्म एक जासूसी थ्रिलर हो सकती है, पोस्टर पर लिखा था, मुझे नहीं पता कि मैं कहां हूं, आपको बता दूं कि मैंने किसके साथ विश्वासघात किया - बेनामी जासूस। पोस्टर में पानी के बीच जलते हुए जहाज की तस्वीर भी दिखाई गई है। विजय जल्द ही सामंथा रुथ प्रभु के साथ अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'कुशी' में दिखाई देंगे।

फर्जी फिल्म में ठग बने हैं शाहिद कपूर

प्राइम वीडियो ने अपनी अपकमिंग फिल्म फर्जी का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। यह एक क्राइम ड्रामा है, जिसमें बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर और मक्कल सेलवन, विजय सेतुपति अपना ह्रञ्ज डेब्यू करते हुए नजर आने वाले हैं। इस सीरीज में शाहिद एक नए अवतार में नजर आएंगे। इस सीरीज में शाहिद को एक ठग के रूप में दिखाया गया है, वहीं विजय एक एनफॉर्समेंट ऑफिसर के रूप में उसे ट्रैक करने की कोशिश करते नजर आते हैं। इस सीरीज में के के मेनन, राशि खन्ना, अमोल पालेकर, रेजिना कैसेंड्रा और भुवन अरोड़ा भी हैं। ये क्राइम थ्रिलर सीरीज 10 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत में शाहिद पर नोट बरसाते हुए नजर आते हैं और बैकग्राउंड में शाहिद की आवाज आती है कि मुझे इतने पैसे कमाने हैं कि उसकी इज्जत ही ना करनी पड़े। इसके बाद ट्रेलर में एक झलक मिलती है कि कैसे शाहिद और उनकी टीम नकली नोट बनाते हैं और रातों-रात अमीर हो जाते हैं। 2 मिनट 42 सेकेंड का ओवरऑल ट्रेलर देखकर कहा जा सकता है कि ये वेब सीरीज धमाल मचाने वाली है।



फिर रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ नजर आईं दिशा

दिशा पाटनी इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अब हाल ही में उन्हें उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ स्पॉट किया गया जिसका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में दिशा छोटी सी पिंक स्कर्ट और व्हाइट टॉप में कमाल की लग रही हैं। उनका ये स्टाइल फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर यूजर्स अलग अलग रिएक्शन दे रहे है। एक यूजर ने लिखा, टाइगर भाई देख रहे हो तो वहीं दूसरे ने लिखा, शादी कब कर रहे हो। बता दें, जब से टाइगर श्रॉफ के साथ दिशा के ब्रेकअप की खबरों सामने आई है, तभी से एक्ट्रेस का नाम लगातार उनके फ्रेंड और मॉडल एलेक्जेंडर एलेक्स के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों को अक्सर साथ में भी स्पॉट किया जाता है।

अजय देवगन के साथ नजर आएंगी सई मांजरेकर

अजय देवगन दृश्यम 2 की सफलता के साथ हवाई घोड़े पर सवार हैं। अजय अपनी 3 फिल्मों के साथ 300 करोड़ से अधिक का कारोबार करने के साथ 2022 के शीर्ष अभिनेता के रूप में उभरे। फिल्मों के साथ-साथ अजय देवगन के लिए वर्ष 2022 ओटीटी पर भी शानदार रहा। उनकी ओटीटी डेब्यू रूद्रा को वर्ष 2022 में सर्वाधिक देखा व पसन्द किया गया। अजय देवगन वर्तमान में अपने निर्देशन, भोला के पोस्ट प्रोडक्शन में व्यस्त हैं, जो मार्च 2023 की शुरुआत में प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। हालांकि, जनवरी के अंत तक, उनकी बहुप्रतीक्षित नीरज पांडे फिल्म की शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। इस मामले से जुड़े करीबी सूत्रों के मुताबिक, यह फिल्म अपनी तरह की अनूठी रोमांटिक थ्रिलर है, जो दो अलग-अलग युगों में सेट है। फिल्म में अजय देवगन के साथ जिमी शेरगिल मुख्य भूमिका में होंगे। इस फिल्म में दबंग-3 से बॉलीवुड फिल्मों में शुरूआत करने वाली सई मांजरेकर अजय देवगन के अपोजिट नजर आएंगी। सई मांजरेकर इस अभी तक अनटाइटल्ड रोमांटिक थ्रिलर की महिला प्रधान भूमिका निभाने के लिए बोर्ड पर आई हैं। बताया जा रहा है नीरज पांडे और उनकी टीम पिछले कई महीनों से इस भूमिका के लिए नवोदित सितारों पर नजर रख रही थी, अन्त में जाकर उन्होंने सई मांजरेकर को इस भूमिका के लिए अनुबंधित किया है। सई की भूमिका क्या होगी इसे फिलहाल जाहिर नहीं किया है। बताया जा रहा है कि फिल्म में अजय देवगन और जिम्मी शेरगिल के अतिरिक्त एक और युवा अभिनेता को शामिल किया जाएगा। इसकी जानकारी जल्द ही बाहर आएगी। लखनऊ में जनवरी महीने के अंत तक शूटिंग शुरू हो जाएगी, इसके बाद मुंबई में एक और शेड्यूल शूट होगा। यह एक रोमांटिक थ्रिलर है, जिसे 50 दिनों की अवधि में शूट किया जाएगा। पहले फिल्म को जून 2023 में प्रदर्शित करने की घोषणा की गई थी लेकिन अब इसे आगे सरकाते हुए वर्ष के मध्य या अन्त में प्रदर्शित करने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि प्रदर्शन तिथि की घोषणा शूटिंग पूरी होने के बाद घोषित की जाएगी। अजय देवगन और नीरज पांडे की यह पहली फिल्म होगी। हालांकि इससे पूर्व अजय देवगन को लेकर नीरज पांडे ने चाणक्य बनाने की घोषणा की थी, लेकिन उसे फिलहाल पोस्टपोन करते हुए इस नई रोमांटिक थ्रिल को शूट किया जा रहा है। इस रोमांटिक थ्रिलर में अजय को एक अनोखे अवतार में दिखाया गया है, और नीरज दर्शकों को इस ट्रैक के साथ आश्चर्यचकित करने की योजना बना रहे हैं। अजय की अगली कुछ फिल्मों में भोला और मैदान शामिल हैं। दूसरी ओर जिम्मी शेरगिल इससे पहले नीरज पांडे के साथ ए वेडनेसडे और स्पेशल 26 में काम कर चुके हैं। अजय देवगन स्टारर इस फिल्म को खत्म करने के बाद नीरज जून के महीने से स्पेशल ऑप्स के दूसरे सीजन की ओर बढ़ेंगे, जो आगे बढ़ जाएगा। इस साल के अंत तक डिज्नी+हॉटस्टार पर प्रीमियर के लिए तैयार है। उनके पास प्रोडक्शन स्टेज में कई फिल्में भी हैं। सई ने दबंग 3के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी और आखिरी बार अदिवि शेष के साथ मेजर में नजर आई थीं।

बिग बॉस 16 के घर से कटेगा साजिद का पत्ता

टीवी का विवादित शो बिग बॉस 16 हर बीतते दिन के साथ और भी दिलचस्प होता जा रहा है। शो में एंट्री के बाद से लगातार विवादों में रहने वाले साजिद खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि जल्द ही साजिद खान का बिग बॉस के घर से पत्ता कटने वाला है। साजिद इस हफ्ते शो से बाहर हो सकते हैं। लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, साजिद खान का शो से कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया है और इसी वजह से अब वह बिग बॉस 16 के घर से बाहर हो जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो साजिद खान का कॉन्ट्रैक्ट केवल 15 जनवरी तक ही था। जॉन अब्राहम और शहनाज गिल स्टारर फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है, जिसकी वजह से उन्हें शो छोड़कर जाना पड़ रहा है। बता दें कि साजिद खान ने जब से बिग बॉस के घर में एंट्री की, तब से उन्हें शो से बाहर करने की मांग हो रही है। मीटू मूवमेंट के तहत कई एक्ट्रेसेस ने उन पर संगीन आरोप लगाए थे।

गुम है किसी के प्यार में शो में अपनी भूमिका को लेकर संजय नार्वेकर ने कहा

स्टारप्लस ने टेलीविजन के इतिहास में सबसे उल्लेखनीय टीवी शोज का निर्माण किया है। भारतीय परिवारों के बीच मशहूर टेलीविजन शो में से एक है गुम है किसी के प्यार में जो 2020 से प्रसारित हो रहा है। हाल ही में वेटरेन एक्टर संजय नार्वेकर, जिन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों जैसे वास्तव, सीरियस मेन, हंगामा आदि में अभिनय किया है, ने गुम है किसी के प्यार में अपने किरदार कमल जोशी के बारे में बात की। संजय नार्वेकर सई के पिता की भूमिका निभाते नजर आएंगे जिनका निधन हो चुका है। इस बीच सई काफी तनाव से गुजर रही है क्योंकि वह अपने बेटे को कहीं नहीं ढूंढ पा रही है। तभी, वह अपने पिता की तस्वीर देखती है और दुआ करती है कि वह उसके जीवन के मार्गदर्शक बने। अचानक, उसके पिता, जिसे संजय नार्वेकर निभा रहा हैं, सामने आ जाते हैं और उसे कसकर गले लगाते हैं। ऐसे में अपनी भूमिका और सई के साथ अपने किरदार के बॉन्ड के बारे में बात करते हुए, संजय कहते हैं, गुम है किसी के प्यार में एक पिता-बेटी के बंधन की एक भावनात्मक कहानी है, यह दो प्रेमियों और पति-पत्नी की कहानी को भी उजागर करती है। हाल में हुई घटनाओं में कमल जोशी नाम का एक ईमानदार पुलिस इंस्पेक्टर सामने आता है। उन्होंने कहा, अब सई की मां नहीं है और कमल पिता और मां की दोहरी भूमिका निभाते हैं। वह सई से प्यार करते है और उसका भला चाहते है। वह बस उसे सुरक्षित और खुश रखना चाहता है। पर उनका प्यार अंधा नहीं है, कभी-कभी वह अपनी बेटी के साथ सख्त भी हो जाते है। इसके अलावा, कमल कई बार सई को माझी आई (मेरी मां) कहकर बुलाते है और वह उसे अब्बा कहती है। कमल दो भूमिकाओं में बंटा है, एक पिता की और दूसरी इंस्पेक्टर की। यह किरदार सख्त है लेकिन अपनी बेटी के लिए उनका प्यार उन्हें बहुत इमोशनल कर देता है। स्टारप्लस के गुम है किसी के प्यार में में नील भट्ट एसीपी विराट, आयशा सिंह, सई जोशी और ऐश्वर्या शर्मा, पत्रलेखा की भूमिका में हैं। ये शो सोमवार से शनिवार रात 8:00 बजे टेलिकास्ट होता है।

गाना चुराने के लिए अनुराग कश्यप पर केस करेंगी हुमा कुरैशी!

अनुराग कश्यप और हुमा कुरैशी में काफी अच्छी बॉन्डिंग है। हुमा ने अनुराग की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस बीच अनुराग की फिल्म के एक गाने को लेकर हुमा ने लिखा कि वह उन पर केस करेंगी। डायरेक्टर की फिल्म 'ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत' रिलीज होने वाली है। इसका गाना 'मेंटनेंस' हाल ही में रिलीज हुआ। गाने के म्यूजिक डायरेक्टर अमित त्रिवेदी हैं। फिल्म में अलाया एफ और करण मेहता लीड रोल में हैं।

क्या है पूरी बात

अनुराग कश्यप ने 11 जनवरी को एक पोस्ट शेयर कर गाने की रिलीज को लेकर जानकारी दी थी। जिसके बाद हुमा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर उनके पोस्ट को री-शेयर करते हुए लिखा कि वह अनुराग और अमित त्रिवेदी पर उनके गाने को चोरी करने के आरोप में केस करेंगी। दरअसल हुमा कोई असल में केस नहीं करने जा रहीं। उन्होंने यह मजाकिया अंदाज में कहा था। जिसके बाद अनुराग कश्यप ने जवाब देते हुए लिखा, 'हाहाहा, जो गाना कभी रिलीज ही नहीं हुआ।' बॉलीवुड डेब्यू से पहले हुमा, अनुराग के साथ एड फिल्म में भी काम कर चुकी हैं। आमिर खान के साथ सैमसंग के एड की शूटिंग के दौरान अनुराग ने उनसे वादा किया था कि वह उन्हें अपनी फिल्म में मौका देंगे। इसके बाद अनुराग ने साल 2012 में दो भागों फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' बनाई जिसमें हुमा मुख्य एक्ट्रेस के तौर पर थीं।

आज के दौर की कहानी

अनुराग की आने वाली फिल्म 'ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत' आज के दौर के युवाओं की कहानी है। मीडिया से बात करते हुए अनुराग ने कहा था कि इसकी कहानी को लेकर वह कई सालों से अपनी बेटी से बात करते आ रहे हैं। उन्होंने फिल्म के म्यूजिक लेकर अमित त्रिवेदी की तारीफ की। अमित त्रिवेदी ने अनुराग की कई फिल्मों के लिए म्यूजिक दिया है।

संक्षिप्त खबरें

सरकार ने बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक संजीव चड्ढा का कार्यकाल बढ़ाया

नई दिल्ली। सरकार ने बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजीव चड्ढा का कार्यकाल करीब पांच महीने बढ़ाकर 30 जून तक कर दिया है। उनका कार्यकाल 19 जनवरी को समाप्त हो रहा था। इससे पहले 14 जनवरी, 2023 को उनका कार्यकाल बढ़ाने का फैसला किया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने चड्ढा का कार्यकाल 30 जून, 2023 तक बढ़ाने के वित्तीय सेवा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस बीच, वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यकारी निदेशक (ईडी) देवदत्त चंद की पदोन्नति की सिफारिश की। एफएसआईबी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए निदेशकों की नियुक्ति की सिफारिश करता है। इसके अलावा ब्यूरो ने बैंक ऑफ इंडिया में प्रबंध निदेशक और सीईओ के पद के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक रजनीश कर्नाटक के नाम की सिफारिश की है। एफएसआईबी की सिफारिश पर अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा लिया जाएगा। ब्यूरो ने नवंबर, 2022 में केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ पद के लिए के सत्यनारायण राजू के नाम का सुझाव दिया था। राजू वर्तमान में बैंक के कार्यकारी निदेशक हैं। राजू के स्थान पर इंडियन बैंक के महाप्रबंधक एच एस अहलूवालिया के आने की संभावना है। एफएसआईबी के प्रमुख कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा है।

आईफोन 14 की स्क्रीन पर हॉरिजॉन्टल लाइन्स, ठीक करने का काम कर रहा एप्पल

नई दिल्ली। टेक दिग्गज एप्पल ने पुष्टि की है कि वह आईफोन 14 प्रो मॉडल की डिस्प्ले स्क्रीन पर दिखाई देने वाली हॉरिजॉन्टल लाइन्स के मुद्दे की जांच कर रही है। मैक रुमर्स की रिपोर्ट के अनुसार, आईफोन निमार्ता ने एक मेमो में कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए आईओएस अपडेट जल्द ही जारी किया जाएगा। मेमो में कहा गया कि आईफोन 14 प्रो कस्टमर अपने फोन को ऑन या अनलॉक करते समय स्क्रीन पर हॉरिजॉन्टल लाइन्स दिखने पर रिपोर्ट कर सकते हैं। मेमो में कहा गया है, एप्पल इस समस्या से अवगत है और इसके लिए एक सॉफ्टवेयर अपडेट जल्द ही आ रहा है जो इस समस्या को हल करेगा। आईओएस 16.3 वर्तमान में डेवलपर्स और पब्लिक बीटा प्रोग्राम के सदस्यों के साथ टेस्टिंग कर रहा है।

डीमैट खातों की संख्या दिसंबर में 34 प्रतिशत बढ़कर 10.8 करोड़ हुई

नई दिल्ली। शेयर कारोबार के लिए इस्तेमाल होने वाले डीमैट खातों की संख्या दिसंबर, 2022 में बढ़कर 10.8 करोड़ हो गई जो सालाना आधार पर 34 प्रतिशत वृद्धि को दशार्ता है। एक विश्लेषण रिपोर्ट के मुताबिक, शेयर बाजारों से आकर्षक रिटर्न मिलने, खाता खोलने की प्रक्रिया सुगम होने और वित्तीय बचत में वृद्धि से डीमैट खातों की संख्या में इतनी तेज वृद्धि हुई है। इस तरह के खातों में क्रमिक वृद्धि दिसंबर में उससे पहले के तीन महीनों की तुलना में अधिक रही। हालांकि, यह वित्त वर्ष 2021-22 की औसत खाता संख्या 29 लाख से कम ही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के एक विश्लेषण में कहा गया है कि अक्टूबर और नवंबर में 18-18 लाख और सितंबर में 20 लाख खातों की तुलना में दिसंबर, 2022 में ऐसे खातों की क्रमिक वृद्धि 21 लाख थी। यस सिक्योरिटीज के पीआरएस इक्विटी रिसर्च प्रमुख निस्ताशा शंकर का मानना है कि हर महीने जुड़ने वाले खातों की वृद्धि दर सुस्त पड़ने के पीछे मुख्य रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध, उच्च ब्याज दर का माहौल एवं बढ़ती मुद्रास्फीति और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतियों के कारण देखी गई अस्थिरता कारण रही है।

बीते साल सात बड़े शहरों में 4.02 लाख घर बनकर हुए तैयार: रिपोर्ट

नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी के बाद रियल एस्टेट कंपनियों ने घरों के निर्माण की गति तेज करते हुए 2022 में देश के सात प्रमुख शहरों में चार लाख से अधिक घरों का निर्माण पूरा किया। हालांकि, कोविड महामारी के दौरान 2020 और 2021 में घरों के निर्माण की रफ्तार पर बहुत बुरा असर पड़ा था। एनारॉक ने दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता शहरों में बनी आवासीय इकाइयों के बारे में यह आंकड़ा जारी किया है। वर्ष 2022 में बनकर तैयार होने वाले घरों में से सर्वाधिक 1.26 लाख इकाइयां मुंबई इलाके में थीं। मुंबई में वर्ष 2021 में सिर्फ 70,500 घर ही बनकर तैयार थे।

बीते सप्ताह खाद्य तेल, तिलहन में गिरावट का रुख, मूंगफली में रहा सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशों में तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहन के कारोबार में नुकसान का रुख देखने को मिला। दूसरी ओर निर्यात और खाने की स्थानीय मांग होने के साथ-साथ किसानों द्वारा मंडियों में रोक-रोक कर माल लाने से मूंगफली तेल-तिलहन के भाव थोड़ा मजबूत हो गये। सामान्य कारोबार के बीच बाकी तेल-तिलहनों के भाव पूर्वस्तर पर ही बने रहे।

बाजार सूत्रों ने कहा कि स्थिति ऐसी है कि बंदरगाहों पर सस्ते हल्के और पामोलीन तेलों की भरमार है जबकि इसके कारण देशी तेल-तिलहन (ज्यादातर हल्के तेल हैं) के दाम पर भारी दबाव है और इन तेल-तिलहनों का बाजार में खपना दूभर हो गया है। जैसे सरसों तिलहन और अभी आई सोयाबीन की फसल नहीं खप रही। कम दाम पर किसान बेचने को राजी नहीं हैं क्योंकि पहले उन्हें बेहतर कीमत मिली हुई है। ऐसे में किसान थोड़ी बहुत मात्रा में अपनी फसल मंडियों में रोक-रोक के ला रहे हैं। लेकिन असली दिक्कत तेल उद्योग की है कि जिन्हें तेल पेराई करने में भारी नुकसान है क्योंकि सस्ते आयातित तेलों से उनके अधिक लागत वाले तेल टिक नहीं पा रहे हैं। इससे मिलें बंद होने के कगार पर हैं। काम नहीं होने के बावजूद उन्हें बैंक ऋण और बाकी रोजाना के बिजली, वेतन, मिलों की देखरेख के खर्च का बोझ उठाना पड़ रहा है। सूत्रों ने कहा कि सरकार को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) व्यवस्था को दुरुस्त करने का कोई उपाय करना चाहिये क्योंकि इसे खुदरा लागत की तुलना में मनमाने तरीके से तय किया जाता है। दूध के दाम पूरे देश में लगभग एक समान होते हैं लेकिन ऐसी स्थिति खाद्य तेल के मामले में नहीं है कि उसके मूल्य निर्धारण का एक निश्चित दायरा हो। इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिये और संभवतः इसी की वजह से वैश्विक खाद्य तेलों में भारी गिरावट आने के बावजूद खुदरा में उपभोक्ताओं को गिरावट का लाभ नहीं मिल पाया। सूत्रों ने कहा कि यह अजीब विसंगति है कि भारत के अपनी जरूरत के लिए 60 प्रतिशत खाद्य तेलों के आयात पर निर्भरता होने के बावजूद हमारे पास तेल-तिलहनों के स्टॉक बचे रह जाते हैं यानी देशी तेल-तिलहन के लिए बाजार का माहौल ठीक न होने से हमारे स्टॉक खप नहीं पा रहे। इस ओर सरकार को गंभीरता से ध्यान देना चाहिये।

सूत्रों ने कहा कि बंदरगाह पर सोयाबीन, सूरजमुखी तेल के आयात का हमारा खर्च 102-103 रुपये लीटर बैठता है और ग्राहकों को यह तेल खुदरा बाजार में 125-135 रुपये लीटर मिलना चाहिये। सूत्रों ने कहा कि समय रहते इन विसंगतियों की ओर ध्यान देकर पहल करनी होगी नहीं तो एक बार किसान सरसों और सोयाबीन के मामले में झटका खायेंगे तो फिर उनका भरोसा लंबे समय तक डगमगा सकता है। सूत्रों ने कहा कि मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे छोटे छोटे देश भी अपने तेल-तिलहन उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी नीतिगत बदलाव समय-समय पर करते रहते हैं। तेल-तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए प्रयासरत भारत को भी इस दिशा में कदम उठाने की जरूरत है। हमें इस संदर्भ में सबसे पहले तो शुल्कमुक्त आयात की छूट समाप्त करनी होगी और इन आयातित तेलों पर आयात शुल्क लगाने की ओर ध्यान देना होगा। छूट से तो खुदरा बाजार में, न तो ग्राहकों को, न ही तेल उद्योग को और न ही किसानों को कोई फायदा मिलता दिख रहा है। सोयाबीन के शुल्क मुक्त आयात की समयसीमा एक अप्रैल से खत्म हो जायेगी पर सूरजमुखी पर यह छूट जारी है और इसे भी बंद करने के बारे में सोचना होगा। सूत्रों ने बताया कि खुदरा में मूंगफली तेल के 900 ग्राम के पैक पर हमें लगभग 170 रुपये की लागत बैठती है मगर इस पर एमआरपी 240 रुपये छपा है। यही छोटी-छोटी बातें तेल कीमतों के सस्ता न होने की वजह हो सकती हैं। सूत्रों ने कहा कि देशी तिलहन से हमें खल और डीआयल्ड केक (डीओसी) सस्ता मिलेगा जिससे पूरा दूध उद्योग और मुर्गीपालन का क्षेत्र अभिन्नता से जुड़ा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव पांच रुपये की साधारण गिरावट के साथ 6,880-6,930 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल भी समीक्षाधीन सप्ताहांत में 350 रुपये की हानि के साथ 13,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें भी क्रमशः 55-55 रुपये घटकर क्रमशः 2,025-2,155 रुपये और 2,085-2,210 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुईं।

समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने का भाव 150 रुपये टूटकर 5,550-5,650 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ जबकि सोयाबीन लूज का थोक भाव 150 रुपये की गिरावट के साथ 5,295-5,315 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। प्रसंस्करण की लागत को देखते हुए मांग कमजोर होने से समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) में गिरावट आई और इसका भाव 250 रुपये की हानि के साथ 8,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बीच देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें आज भी यथावत रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्ताहांत पर लंदन ब्रेंट क्रूड बढ़त के साथ 85.28 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.14 प्रतिशत की तेजी लेकर 80.07 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पांच महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

रुपे, कम मूल्य के भीम-यूपीआई पर जीएसटी नहीं लगेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा बैंकों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नहीं लगेगा। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। पिछले सप्ताह केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चालू वित्त वर्ष में रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए बैंकों के लिए 2,600 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी थी। रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना के तहत सरकार बैंकों को रुपे डेबिट कार्ड लेनदेन के मूल्य और 2,000 रुपये तक के कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन के प्रतिशत के रूप में प्रोत्साहन राशि का भुगतान करती है। जीएसटी के मुख्य आयुक्तों को भेजे एक सर्कुलर में मंत्रालय ने कहा कि प्रोत्साहन सीधे सेवा के मूल्य से जुड़ी सब्सिडी से संबंधित है। यह केंद्रीय जीएसटी कानून, 2017 के प्रावधानों के तहत लेनदेन के कर योग्य मूल्य का हिस्सा नहीं है। इसमें कहा गया है, जैसा कि परिषद द्वारा सिफारिश की गई है, यह स्पष्ट किया जाता है कि रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) द्वारा दिए गए प्रोत्साहन पर जीएसटी नहीं लगेगा। इस तरह का लेनदेन सब्सिडी के रूप में है और इसपर कर नहीं लगेगा। यूपीआई ने अकेले दिसंबर में 12.82 लाख करोड़ रुपये के मूल्य के 782.9 करोड़ डिजिटल भुगतान लेनदेन का रिकॉर्ड बनाया है।

भारत ने दिसंबर में रूस प्रतिदिन किया 10 लाख बैरल कच्चे तेल का आयात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात दिसंबर, 2022 में बढ़कर 10 लाख बैरल प्रतिदिन पर पहुंच गया है। ऊर्जा की खेप पर निगाह रखने वाली वॉर्टेक्सा के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। यह लगातारी तीसरा महीना है जबकि भारत के लिए रूस सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। पहली बार रूस से तेल आयात 10 लाख बैरल प्रतिदिन से अधिक रहा है। रूस 31 मार्च, 2022 को समाप्त साल तक भारत के कुल कच्चा तेल आयात में सिर्फ 0.2 प्रतिशत का योगदान देता था। दिसंबर में उसने भारत को प्रतिदिन 11.9 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति की। इससे पहले नवंबर में रूस से भारत का आयात 9,09,403 बैरल प्रतिदिन था। अक्टूबर, 2022 में यह 9,35,556 बैरल प्रतिदिन था। ऊर्जा आसूचना कंपनी वॉर्टेक्सा के अनुसार, रूस से सबसे अधिक कच्चे तेल के आयात का पिछला रिकॉर्ड जून, 2022 में बना था। उस समय भारत ने रूस से प्रतिदिन 9,42,694 बैरल कच्चा तेल खरीदा था। रूस अक्टूबर, 2022 में पहली बार परंपरागत विक्रेताओं को पीछे छोड़ते हुए भारत का प्रमुख कच्चे तेल का आपूर्तिकर्ता बना था। अब भारत के कुल कच्चा तेल आयात में रूस का हिस्सा बढ़कर 25 प्रतिशत हो गया है। उद्योग सूत्रों ने बताया कि यूरोपीय संघ के बीच रूस के समुद्र के रास्ते आयातित कच्चे तेल पर मूल्य सीमा की सहमति बनने के बाद रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात ऊंचाई पर पहुंच गया है। सूत्रों ने बताया कि रूसी तेल के लिए 60 डॉलर प्रति बैरल की सहमति बनी है, जबकि भारत को यह इससे सस्ता मिल रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। यह अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। रिफाइनरियों में कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है।

कंपनियों के नतीजे और थोक महंगाई आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

चीन के कोविड प्रतिबंधों में ढील देने और स्थानीय स्तर पर खुदरा महंगाई में कमी आने से बीते सप्ताह आधी फीसदी से अधिक मजबूत रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के अलावा रिलायंस समेत कई दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणाम एवं दिसंबर की थोक महंगाई के आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 360.81 अंक अर्थात 0.6 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 60261.18 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 97.15 अंक यानी 0.54 प्रतिशत मजबूत होकर 17956.60 अंक पर रहा।

वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी की रफ्तार काफी धीमी रही। मिडकैप 4.26 की बढ़त लेकर सप्ताहांत पर 25170.97 अंक पर सपाट रहा वहीं स्मॉलकैप 74.7 अंक बढ़कर 28858.30 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह दिसंबर 2022 के थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई के आंकड़े जारी होंगे। इसके साथ ही रिलायंस, फेडरल बैंक, महाराष्ट्र बैंक, बैंक ऑफा इंडिया, सेंट्रल बैंक, इंडसइंड बैंक, यूनियन बैंक, एशियन पेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, और हिंदुस्तान यूनीलीवर समेत कई दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के परिणाम भी आने वाले हैं। इसका स्पष्ट प्रभाव बाजार पर देखा जा सकेगा।

इनके अलावा वैश्विक बाजार के रुख और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और डॉलर सूचकांक भी अगले सप्ताह बाजार की दिशा निर्धारित करने वाले अन्य महत्वपूर्ण कारक होंगे। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह पर भी बाजार की नजर रहेगी। एफआईआई दिसंबर की तरह नये साल के जनवरी में भी अबतक लगातार बिकवाली कर रहे हैं। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का रुखा लगातार सकारात्मक बना हुआ है।

एफआईआई ने जनवरी में अबतक कुल 60,022.07 करोड़ रुपये की लिवाली जबकि कुल 77,441.15 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। उन्होंने बाजार से 17,419.08 करोड़ रुपये निकाल लिए। हालांकि, इस अवधि में डीआईआई की निवेश धारणा मजबूत रही है। उन्होंने बाजार में कुल 60,725.11 करोड़ रुपये का निवेश किया जबकि 47,926.45 करोड़ रुपये निकाल लिए, जिससे वह 12,798.66 करोड़ रुपये के लिवाल रहे।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.07 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,07,224.82 करोड़ रुपये बढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 360.81 अंक या 0.60 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल का मूल्यांकन घट गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 59,349.81 करोड़ रुपये बढ़कर 12,34,637.11 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 22,997.16 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,32,684.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 3,624.89 करोड़ रुपये बढ़कर 8,92,754.89 करोड़ रुपये रही, जबकि आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 2,165.17 करोड़ रुपये बढ़कर 6,09,305.82 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी, एलआईसी और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

पुराने वाहनों को कबाड़ करने के लिए राज्यों को 2,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन देगा केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार राज्यों को पुराने वाहनों को कबाड़ करने के लिए पूंजीगत निवेश योजना के लिए विशेष सहायता के तहत 2,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन देगी। इसके अलावा वाहन को कबाड़ के लिए पेशकश करने वाले लोगों को भी कर रियायत दी जाएगी।

सरकार ने 2022-23 के बजट में 1.05 लाख करोड़ रुपये के व्यय के साथ पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना पेश की थी। योजना के तहत राज्य सरकारों को पूंजीगत परियोजनाओं के लिए 50 साल के लिए ब्याज मुक्त कर्ज के रूप में वित्तीय सहायता दी जाती है।

अब, केंद्र ने इस योजना के तहत अतिरिक्त 2,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं ताकि राज्यों को पुराने सरकारी वाहनों या 15 साल से अधिक पुराने वाहनों को कबाड़ करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। साथ ही वाहनों को कबाड़ के लिए लाने वाले लोगों को कर रियायतें दी जाएंगी।

पिछले महीने राज्यों को लिखे पत्र में वित्त मंत्रालय ने कहा था कि योजना के तहत निर्धारित सुधारों में नए क्षेत्र के रूप में सड़क परिवहन को जोड़ा गया है।

योजना में पुराने वाहनों को कबाड़ करने के लिए प्रोत्साहन को जोड़ा गया है। राज्य सरकार के 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को कबाड़ करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है। इसके अलावा पुराने वाहनों पर देनदारियों की छूट होगी और जो लोग अपना पुराना वाहन कबाड़ के लिए लाएंगे उन्हें कर रियायत दी जाएगी।

सड़क परिवहन क्षेत्र को इसमें शामिल करने के साथ योजना के तहत कुल व्यय 1.05 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.07 लाख करोड़ रुपये हो गया है। अभी तक सरकार ने योजना के तहत 77,110 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, जिसमें से राज्यों को 41,118 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार 561.6 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी आने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 06 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 1.26 अरब डॉलर घटकर 561.6 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 4.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 562.9 अरब डॉलर पर रहा था1 रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.75 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 496.4 अरब डॉलर रह गयी। हालांकि इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 46.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 41.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.5 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 18.22 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

वहीं, इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर कम होकर 5.1 अरब डॉलर पर आ गई।

टेस्ला ने कारों की कीमतें घटाईं

नई दिल्ली, एजेंसी

लग्जरी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने शुक्रवार को अमेरिका में अपने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के कई वर्जन्स की कीमतें घटा दी हैं। टेस्ला ने लगातार घटती अपनी गाड़ियों की सेल्स और कंपनी के शेयर में गिरावट के चलते इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की कीमतों को घटाने का यह फैसला किया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया में पिछले हफ्ते अपने व्हीकल्स की कीमतों में कटौती करने के बाद अब टेस्ला ने अमेरिका के अलावा यूरोप, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका में कीमतें कम कर दी हैं। जिससे टेस्ला के कुछ मॉडल्स नए फेडरल टैक्स क्रेडिट के लिए एलिजिबल हो गए हैं, जो बायर्स का इंटरेस्ट अट्रैक्ट करने में मदद करेगा। टेस्ला प्राइस से ज्यादा सेल्स वॉल्यूम को प्राथमिकता दे रही है। यह एक ऐसी स्ट्रेटेजी जो कंपनी के प्रोफिट मार्जिन को प्रभावित कर सकती है।

नियामकीय, आंतरिक बाजार अड़चनें चीन को भारत के निर्यात को प्रभावित करती है

नई दिल्ली, एजेंसी

नियामकीय और आंतरिक बाजार की दिक्कतों की वजह से चीन को भारत का निर्यात प्रभावित हो रहा है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को यह बात कही। जीटीआरआई ने कहा कि भारत को अपने अपने निर्यातकों के समक्ष आ रहे बाजार पहुंच के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर चीन के साथ उठाना चाहिए। चीन से आयात के लिए भी भारत समान नियमों को लागू करने पर विचार कर सकता है। शोध संस्थान ने कहा कि सीमा शुल्क के अलावा भारत जैसे देशों से आयात के नियमन को चीन चार प्रमुख बाधाओं का इस्तेमाल करता है। ये हैं नियामकीय, आंतरिक बाजार, व्यापार रक्षा और राजनीतिक उपाय। जीटीआरआई ने कहा, चीन जटिल नियमों के माध्यम से भारत से प्रतिस्पर्धी आयात को रोकता है। जीटीआरआई ने कहा कि उत्पादों की गुणवत्ता और मानक समस्या नहीं हैं, क्योंकि भारत, अमेरिका और यूरोप सहित 100 से अधिक देशों को अपने उत्पादों का निर्यात करता है। फार्मा क्षेत्र का एक उदाहरण देते हुए जीटीआरआई ने कहा कि भारत अपनी 90 प्रतिशत थोक दवाओं या एपीआई का आयात चीन से करता है। भारत एक सरल पंजीकरण प्रणाली के जरिये चीन की कंपनियों को आसान पहुंच उपलब्ध कराता है। वहीं चीन में पंजीकरण के लिए एक से तीन साल का समय लगता है और आयात के समय भी चीन द्वारा जांच की जाती है।

जनवरी के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने शेयर बाजारों से 15,000 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया के कुछ हिस्सों में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने और अमेरिका में मंदी की चिंता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों से 15,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। एफपीआई पिछले कुछ सप्ताह से भारतीय शेयर बाजारों के प्रति सतर्क रुख अपना रहे हैं। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई के प्रवाह में उतार-चढ़ाव रहेगा। हालांकि, घरेलू और वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति अब नीचे आ रही है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने दो से 13 जनवरी के दौरान भारतीय शेयर बाजारों से 15,068 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। जनवरी के 10 कारोबारी सत्रों में सिर्फ दो दिन एफपीआई शुद्ध लिवाल रहे हैं। इससे पहले एफपीआई ने दिसंबर में शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 11,119 करोड़ रुपये डाले थे। नवंबर में उन्होंने शुद्ध रूप से 36,239 करोड़ रुपये का निवेश किया था। कुल मिलाकर एफपीआई ने 2022 में भारतीय शेयर बाजारों से 1.21 लाख करोड़ रुपये निकाले थे। इसकी प्रमुख वजह वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों द्वारा आक्रामक तरीके से ब्याज दरों में वृद्धि, विशेषरूप से फेडरल रिजर्व का आक्रामक रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से जिंस कीमतों में तेजी है। बीता साल एफपीआई प्रवाह के लिहाज से सबसे खराब रहा है। इससे पिछले तीन साल में एफपीआई भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध निवेशक रहे थे। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, दुनिया के विभिन्न स्थानों में अब भी कोविड का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा अमेरिका में मंदी को लेकर चिंता एफपीआई को भारत जैसे उभरते देशों में निवेश से रोक रही है। जनवरी में एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार से भी 957 करोड़ रुपये की निकासी की है। भारत के अलावा इंडोनेशिया में एफपीआई का प्रवाह नकारात्मक रहा है। हालांकि, फिलिपीन, दक्षिण कोरिया और थाइलैंड के बाजार में वे शुद्ध लिवाल रहे हैं।

रोहित के फैसले से अश्विन नाखुश, कहा - अगर मांकडिंग की अपील हुई है तो फैसला अंपायर को लेना चाहिए

गुवाहाटी (एजेंसी)। भारत और श्रीलंका के बीच मंगलवार को गुवाहटी में पहला वनडे मैच खेला गया था। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा के श्रीलंकाई कप्तान दासुन शनाका के मांकडिंग रन आउट होने के बाद वापस बुला लिया था। इस पर भारतीय टीम के लेग स्पिनर आर अश्विन ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मांकडिंग सही है और अगर अपील हुई है तो फैसला अंपायर को लेना चाहिए न की कप्तान को। साथ ही बॉलर को अपील करने की छूट भी मिलनी चाहिए।

मांकडिंग सही – अश्विन ने कहा कि, बेशक, शनाका जब 98 रन पर थे, तब शमी ने उन्हें नॉन-स्ट्राइकर एंड में उन्हें रन आउट किया और उन्होंने अपील भी की। रोहित ने वह अपील वापस ले ली। लेकिन मैं एक ही बात फिर दोहराऊंगा कि मांकडिंग से रन आउट जायज है। उन्हें आउट दिया जाना चाहिए था।

अगर एक खिलाड़ी भी अपील करता है तो अंपायर को फैसला लेना चाहिए– अश्विन ने आगे कहा कि, अगर एक प्लेयर भी एलबीडब्ल्यू या कैच-बैक की अपील करता है तो कप्तान ने कोई नहीं पूछता। गेंदबाज या

फील्डर की अपील पर ही अंपायर फैसला सुनाते है। अगर एक फील्डर भी अपील करता है तो अंपायर की यह ड्यूटी है कि वे अपना फैसला सुनाए। अगर बैटर आउट है तो उसे आउट दें। लेकिन, श्रीलंका के खिलाफ ऐसा नहीं हुआ।

मांकडिंग बॉलर का फैसला– अश्विन ने बताया कि, यह आश्चर्यजनक है कि मांकडिंग को लेकर विवाद है। अगर मांकडिंग से कोई प्लेयर आउट किया जाता है तो उसे बॉलर आउट करता है। यह बॉलर का फैसला है की उन्हें प्लेयर को आउट करना है।

बल्लेबाज भी खुद से फैसले लेते है– अश्विन ने बल्लेबाज की ओर से बताया कि, जब वे आउट होते है तब कई बार प्लेयर अंपायर का निर्णय सुने बिना ही क्रीज से चल देते है। तब टीम का कप्तान इसमें हस्तक्षेप नहीं करता। वह बल्लेबाज से नहीं पूछता कि आप किसकी अनुमति से आए। आप वापस जाइए और खेलना जारी रखिए। इसी तरह बॉलर को भी फैसला लेने की अनुमति होनी चाहिए और कप्तान को उनके फैसले का सम्मान करना चाहिए।

क्या है मांकडिंग

नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़ा बल्लेबाज जल्दी रन चुराने के चक्कर में क्रीज से बाहर आकर खड़ा हो जाता है। वहीं बॉलर गेंद फेंकने से पूर्व बल्लेबाज के बाहर होने पर रन आउट कर देता है। इसे मांकडिंग कहा जाता है। इसे पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीनू मांकड के नाम पर मांकडिंग कहा जाता है। दरअसल साल 1947-48 में सिडनी में भारत की क्रिकेट टीम का मुकाबला आस्ट्रेलिया की टीम से हुआ था, जिसमें वीनू मांकड ने इसी तरीके से आस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बैटर बिल ब्राउन को आउट किया था। इससे पूर्व उन्होंने बैटर को इसे लेकर चेतावनी भी दी थी। बाद में आस्ट्रेलिया की मीडिया ने इस घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया और इसे 'मांकडिंग' नाम दे दिया।

आईसीसी ने भी दी मांकडिंग को रन आउट की मान्यता

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भी नियमों में बदलाव करते हुए मांकडिंग रन आउट को मान्यता दे दी है।

मलेशिया ओपन 2023

भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी सेमीफाइनल में बाहर हुए

कुआलालम्पुर (एजेंसी)। भारत की टॉप रैंकिंग वाली जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 14 जनवरी यानी शनिवार को हार का सामना करना पड़ा। सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में तीन सेट तक चले मुकाबले में चीन की लियांग केंग और वांग चांग ने इस जोड़ी को हराया।

17वीं रैंक की जोड़ी से हारे सात्विक -चिराग- वर्ल्ड रैंकिंग में चीन के 17वें नंबर की जोड़ी ने 5वीं रैंकिंग वाली चिराग-सात्विक की जोड़ी को हराया। तीन सेट के गेम के पहले सेट में 21-16 से हारने के बाद सात्विक और चिराग ने वापसी की। उन्होंने दूसरे गेम में 21-11 से जीत दर्ज की। हालांकि, वे तीसरे गेम में लय को बरकरार नहीं रख पाए और 15-21 से हार गए। मैच को अंतिम गेम में दोनों जोड़ियों के बीच टक्कर का मुकाबला हुआ, लेकिन चीनी जोड़ी ने शुरू से ही बढ़त बना ली थी, जिसे भारतीय पलट नहीं पाए।

इंडिया ओपन में दिखाई देंगे सात्विक -चिराग- सात्विक और चिराग की जोड़ी अब आगे इंडिया ओपन में दिखाई देगी। टूर्नामेंट 17 जनवरी से शुरू होने वाला है।

2022 में चिराग और सात्विक ने रचा था इतिहास– भारत के स्टार शटलर सात्विक साईराज रैंकीरेड्?डी और चिराग शेट्?टी ने 2022 में पेरिस में इतिहास रचा था। इस जोड़ी ने भारत को 114 साल पुराने फ्रेंच ओपन बैडमिंटन में गोल्ड मेडल दिलाया था। यह मेडल मेंस डबल्स कैटेगरी में आया था। 1983 में पार्थ गांगुली और विक्रम सिंह ने यह खिताब जीता था। इसके बाद इन दोनों ने 39 साल बाद यह कारनामा किया था।

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। शानदार फॉर्म में चल रहे विराट कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के तीसरे वनडे मैच में 166 रन की पारी खेली है। कोहली ने 110 गेंदों की पारी में 13 चौके और 8 छक्के जमाए। यह विराट के करियर का 46वां शतक है। विराट के पहले ओपनर शुभमन गिल (116) ने करियर की दूसरी सेंचुरी जमाई। इन दोनों के अलावा श्रेयस अय्यर (38 रन) और कप्तान रोहित शर्मा (42 रन) ने भी अच्छी पारियां खेलीं। भारत ने 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 390 का स्कोर बनाया है।

भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में अपना 46वां शतक जड़ दिया है। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में विराट ने 85 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। यह चार वनडे में उनका तीसरा शतक है। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी वनडे में विराट ने शतक लगया था। श्रीलंका के खिलाफ इस सीरीज के पहले मैच में भी उनके बल्ले से शतक निकला था। पिछले मुकाबले में वह सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए थे।

श्रीलंका के खिलाफ 10वां शतक

विराट कोहली का यह वनडे क्रिकेट में श्रीलंका के खिलाफ 10वां शतक है। वह किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। विराट के वेस्टइंडीज के खिलाफ 9 और सचिन तेंदुलकर के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 शतक हैं। रोहित शर्मा के आउट होने के बाद क्रीज पर उतरे विराट ने शुरुआत से ही श्रीलंकाई गेंदबाजों को दवाब में डाल दिया। 48 गेंदों पर उन्होंने अपनी फिफ्टी पूरी की। अगले 50 रन बनाने में उन्होंने 37 गेंदों का सामना किया।

भागकर बनाए आधे से ज्यादा रन

विराट कोहली ने शतकीय में आधे से ज्यादा रन भागकर बनाए। 10 चौके और 1 छक्के की मदद से उन्होंने अपना शतक पूरा किया। यानी 46 रन ही बाउंड्री से आए। गिल के साथ विराट ने दूसरे विकेट के लिए 131 रनों की साझेदारी बनाई थी।

टूट गया डिविलियर्स का रिकॉर्ड

रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में रनों के मामले में दिग्गज को पछाड़ा

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में कप्तान रोहित शर्मा ने एक बार फिर अपने बल्ले से शानदार खेल दिखाया। हालांकि, रोहित एक बार फिर बड़ी पारी खेलने से चूक गए और 49 गेंदों में 42 रन बनाकर आउट हुए। रोहित भले ही अपनी पारी में अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाए, लेकिन उन्होंने अपनी पारी के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रोहित ने वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रनों के मामले में दक्षिण-अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स को पछाड़ दिया है। गौरतलब है कि दक्षिण-अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज डिविलियर्स के नाम वनडे क्रिकेट में 9577 रन हैं। वहीं, रोहित शर्मा अब डिविलियर्स से आगे निकल गए हैं। उन्होंने वनडे क्रिकेट में अपने नाम 9596 दर्ज कर लिए है और तेजी से 10 हजार रन के आंकड़े की ओर बढ़ रहे हैं। रोहित वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रनों के मामले में 17 नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि वह भारतीय क्रिकेटर्स में छठे सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं, एक्टिव क्रिकेटर्स की बात करें तो रोहित सिर्फ भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली से पीछे हैं और टॉप 20 सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और बल्लेबाज विराट कोहली ही एक्टिव क्रिकेटर्स हैं।

वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

1. सचिन तेंदुलकर(भारत)- 463 मैच, 18426 रन
2. कुमार संगकारा(श्रीलंका)- 404 मैच, 14234 रन
3. रिकी पोंटिंग(ऑस्ट्रेलिया)- 375 मैच, 13704 रन
4. सनथ जयसूर्या(श्रीलंका)- 445 मैच, 13430 रन
5. महेला जयवर्धने(श्रीलंका)- 448 मैच, 12650 रन
6. विराट कोहली(भारत)- 268 मैच, 12588 रन*
7. इंजमाम उल हक(पाकिस्तान)- 378 मैच, 11739 रन
8. जैक कालिस(दक्षिण-अफ्रीका)- 328 मैच, 11579 रन
9. सौरव गांगुली(भारत)- 311 मैच, 11363 रन
10. राहुल द्रविड़(भारत)- 344 मैच, 10889 रन
11. एमएस धोनी(भारत)- 350 मैच, 10773 रन
12. क्रिस गेल(वेस्टइंडिज)- 301 मैच, 10480 रन
13. ब्रायन लारा(वेस्टइंडिज)- 299 मैच, 10405 रन
14. टी. दिलशान(श्रीलंका)- 330 मैच, 10290 रन
15. मोहम्मद युसूफ(पाकिस्तान)- 288 मैच, 9720 रन
16. एडम गिलक्रिस्ट(ऑस्ट्रेलिया)- 297 मैच, 9619 रन
17. रोहित शर्मा(भारत)- 238 मैच, 9596 रन
18. एबी डिविलियर्स(दक्षिण-अफ्रीका)- 228 मैच, 9577 रन
19. एम अजहरुद्दीन(भारत)- 334 मैच, 9378
20. पीए डी सिल्वा (श्रीलंका)- 308 मैच, 9284

वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय

1. सचिन तेंदुलकर- 463 मैच, 18426 रन
2. विराट कोहली- 268 मैच, 12588 रन
3. सौरव गांगुली- 311 मैच, 11363 रन
4. राहुल द्रविड़- 344 मैच, 10889 रन
5. एमएस धोनी- 350 मैच, 10773 रन
6. रोहित शर्मा- 238 मैच, 9596 रन

आईएलटी -20

वसीम ने खेली 71 रन की आक्रामक पारी, मुंबई ने शारजाह को हराया

अबु धाबी (एजेंसी)। मोहम्मद वसीम की 71 रन की आक्रामक पारी के साथ वेस्टइंडीज की निकोलस पूरन, कीरोन पोलार्ड और ड्वेन ब्रावो की तिकड़ी की तेज तर्रार बल्लेबाजी के दम पर मुंबई इंडियन्स अमीरात ने इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) में यहां शारजाह वॉरियर्स को 49 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

मुंबई इंडियन्स अमीरात ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 204 रन का स्कोर खड़ा करने के बाद शारजाह वॉरियर्स को नौ विकेट पर 155 रन पर रोक दिया। मुंबई इंडियन्स अमीरात के स्थानीय खिलाड़ी वसीम ने पारी का आगाज करते हुए 39 गेंद में पांच चौके और इतने ही छक्के जड़े। पूरन ने 30 गेंद में चार छक्के और दो चौके की मदद से 49 जबकि कप्तान पोलार्ड ने 13 गेंद में नाबाद 22 और ब्रावो ने 10 गेंद में नाबाद 20 रन का योगदान दिया। ब्रावो और पोलार्ड ने छठे विकेट के लिए 41 रन की अटूट साझेदारी की। शारजाह की टीम के लिए क्रिस वोक्स और जुनैद सिद्दीकी ने दो-दो जबकि मोहम्मद नबी ने एक विकेट लिए। नबी ने हालांकि चार ओवर में 50 रन खर्च किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी शारजाह की टीम को दूसरे ओवर में ही फजल हक फारुखी (27 रन पर दो विकेट) ने लगातार गेंदों पर एविन लुईस और डेविड मलान का विकेट चटकाया। दोनों खिलाड़ी बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्ला गुरबाज ने इसके बाद कप्तान मोईन अली के साथ मिल कर टीम के स्कोर को 50 के पार पहुंचाया लेकिन ब्रावो ने आठवें ओवर में मोईन और 10वें ओवर में गुरबाज का विकेट चटकाकर शारजाह की मुश्किलें बढ़ा दी। गुरबाज ने 31 गेंद में सात चौके की मदद से 47 रन बनाए जबकि मोईन 15 गेंद में 16 रन का ही योगदान दे सके।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी इमरान ताहिर ने इसके बाद तीन विकेट झटक कर मैच पर पूरी तरह से मुंबई इंडियन्स अमीरात का दबदबा बना दिया। उन्होंने टॉम कोहलर काडमोर (10), जो डेनली (नौ) और मोहम्मद नबी (तीन) को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं दिया। इंग्लैंड के हरफनमौला वोक्स ने इसके बाद 29 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 62 रन बनाये लेकिन टीम के हार का अंतर ही कम हो सका।

पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद वसीम ने पारी के दूसरे ओवर में नवीन उल हक के खिलाफ लगातार दो चौके जड़ आक्रामक तेवर दिखाए। वोक्स ने इस दौरान तीसरे ओवर में विल स्मीद को पवेलियन की राह दिखाकर शारजाह को पहली सफलता दिलाई पावर प्ले के आखिरी ओवर में जुनैद सिद्दीकी के खिलाफ आंद्रे फ्लेचर (22) ने हैट्रिक चौका लगाया और फिर सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये कार्तिक मेयप्पन पर वसीम ने दो छक्के जड़े। वोक्स ने नौवें ओवर में विकेटकीपर गुरबाज के हाथों फ्लेचर को आउट कर वसीम के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 रन की उनकी साझेदारी को तोड़ा।

बड़े बदलाव की तैयारी में दक्षिण अफ्रीका, कोचिंग को लेकर अपनाएगा ये प्लान

डरबन (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना भाग्य पलटने के लिए विभाजित कोचिंग पर विचार कर रहा है जिसमें शुक्री कोनराड और रॉब वॉल्टर के जुड़ने की संभावना है। कोनराड हाल में दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम से जुड़े थे जबकि वॉल्टर न्यूजीलैंड में 'सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स% के मुख्य कोच थे। एक खबर के अनुसार इन दोनों के सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के नए कोच बनाए जाने की उम्मीद है। लांस क्लूजनर सफेद गेंद की टीम को कोचिंग देने में सबसे आगे चल रहे थे लेकिन उनके हटने के बाद इन दोनों को तरजीह दी जाएगी। इन दोनों को मौजूदा अंतरिम कोच मालिबोंग्वे माकेटा, वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेट निदेशक रिचर्ड पाइबस और पूर्व राष्ट्रीय सहायक कोच आदि बिरेल (केवल लाल गेंद के क्रिकेट के लिये आवेदन किया) पर तरजीह दी जाएगी। दोनों में से एक को सफेद गेंद के प्रारूप की जिम्मेदारी दी जाएगी और उन्हें दक्षिण अफ्रीका के इंग्लैंड के खिलाफ 27 जनवरी से एक फरवरी तक होने वाले तीन विश्व कप सुपर लीग मैच से पहले जिम्मेदारी संभालनी होगी।

घरेलू क्रिकेट में खेलेंगे रवींद्र जडेजा

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले फिटनेस हासिल करना लक्ष्य

नईदिल्ली (एजेंसी)। स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा फिटनेस हासिल करने के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक जडेजा सौराष्ट्र के अंतिम रणजी ट्रॉफी मैच में वापसी करने और खेलने की उम्मीद है जो 24 जनवरी से शुरू होगा।रणजी मुकाबले में चेन्नई का मुकाबला तमिलनाडु से होगा। जडेजा को अपने दाहिने घुटने की सर्जरी के लिए पिछले साल सितंबर में एशिया कप से बाहर होना पड़ा था। वह वर्तमान में बैंगलोर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा कर रहे हैं और चयनकर्ताओं ने उन्हें 9 फरवरी से नागपुर में शुरू होने वाली चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले भाग के लिए 17 सदस्यीय टेस्ट टीम में शामिल किया है। सीरीज का दूसरा टेस्ट दिल्ली में खेला जाएगा इसके बाद अंतिम दो टेस्ट धर्मशाला और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने से शुरू होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए 17 सदस्यीय टेस्ट टीम में हरफनमौला खिलाड़ी को शामिल किया गया है, उनका चयन श्रृंखला से पहले उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। चयनकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि जडेजा के चयन पर तभी विचार किया जाएगा जब एनसीए उनकी फिटनेस को प्रमाणित करेगा। जडेजा ने कथित तौर पर इस सप्ताह की शुरुआत में बल्लेबाजी और गेंदबाजी फिर से शुरू की, लेकिन प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के लिए तैयार और उपलब्ध माने जाने के लिए उन्हें फिटनेस टेस्ट पास करना होगा। दक्षिणपूर्वी लाल गेंद के साथ-साथ भारत के लिए सीमित ओवरों के प्रारूप में नंबर 5 या नंबर 6 पर बल्लेबाजी करता है। जडेजा विशेष रूप से ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में देश के शीर्ष स्पिनर आर अश्विन के साथ मध्य क्रम को संतुलन प्रदान करेंगे। बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला दोनों टीमों के लिए बड़ी है क्योंकि वे डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के भिड़ेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए भारत की टेस्ट टीम – रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), आर। अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट और सूर्यकुमार यादव।

आजाद भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता का जन्मदिन, गूगल ने ऐसे दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (एजेंसी)। गूगल ने आजाद भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता खाशाबा दादासाहेब जाधव को उनके 97वें जन्मदिवस पर रविवार को श्रद्धांजलि दी। गूगल ने अपने सर्च इंजन पर जाधव का डूडल लगाकर उन्हें याद किया। बैंटमवेट श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने वाले जाधव ने 1952 में हेल्सिंकी ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जाधव ने इससे पहले लंदन ओलंपिक 1948 में भी हिस्सा लिया था लेकिन मैट पर ज्यादा अनुभव न होने के कारण वह छठे स्थान पर रहे थे। जाधव ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते। ओलंपिक पदक जीतने के बाद उन्हें मुंबई पुलिस में नियुक्त कर लिया गया।



एक चोट के कारण वह 1956 के मेलबर्न ओलंपिक में भाग नहीं ले सके। वह लगभग 30 वर्षों तक पुलिस में बने रहे और 1983 में महाराष्ट्र में सहायक पुलिस आयुक्त के रूप में सेवानिवृत्त हुए। जाधव को हालांकि पुलिस में अपनी सेवा के बावजूद सेवानिवृत्ति के बाद महाराष्ट्र के सतारा शहर में घर बनाने के लिए अपनी पत्नी के गहने बेचने पड़े। एक साल बाद 58 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। जाधव को 2001 में मरणोपरांत अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया और 2010 में भारत सरकार ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी खेल परिसर में कुश्ती स्टेडियम का नाम बदलकर 'केडी जाधव इंडोर हॉल% रख दिया।

संक्षिप्त खबरें

मध्य प्रदेश और हरियाणा में गुजरात जैसी लड़ाई की तैयारी, आप ने बनाया प्लान

नईदिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) गुजरात चुनाव में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आ रही है। अब वह उसी तर्ज पर मध्य प्रदेश और हरियाणा में लड़ाई लड़ने की तैयारी कर रही है। इन दोनों राज्यों में 2023 और 2024 में विधानसभा चुनाव होने हैं। आप के एक नेता ने कहा है कि 2023 में जिन 10 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, वहां पार्टी उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी ने केवल इन दो राज्यों में गुजरात की तरह चुनाव अभियान चलाने का फैसला किया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक की हाल ही में इन राज्यों के प्रमुखों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है। द इकॉनोमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आप के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा, चुनाव लड़ने से पहले पार्टी को अपने कैडर की ताकत, आंतरिक सर्वेक्षण और वित्तीय हालात को देखना होगा। एक पार्टी जो एक संगठन बनाने की कोशिश कर रही है, उसके लिए सभी चुनावों में उतरना संभव नहीं है। आपको बता दें कि इस साल मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैंड, तेलंगाना, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। पार्टी ने अभी तक उन राज्यों में अच्छा प्रदर्शन किया हैं जहां बीजेपी-कांग्रेस की आमने-सामने की लड़ाई थी। दिल्ली, पंजाब और गुजरात इसके ताजा उदाहरण हैं। 2023 में आप को यह अवसर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिल सकता है। आम आदमी पार्टी ने मध्य प्रदेश में नगरपालिका चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया। यहां आप का एक महापौर भी है। पदाधिकारी ने कहा, मध्य प्रदेश और राजस्थान में पार्टी को संभावना दिख रही है। रजस्थान जहां पंजाब और दिल्ली के नजदीक है। वहीं, मध्य प्रदेश में हमारा संगठन मजबूत है। मध्य प्रदेश के अलावा आम आदमी पार्टी ने हरियाणा पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है, जहां अक्टूबर 2024 में विधानसभा चुनाव होने हैं। पार्टी अब प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आप पदाधिकारियों की टीमों को नियुक्त करेगी।

शशि थरूर पहले बनना चाहते थे केरल के सीएम, अब पीछे खींच लिया पांव

नईदिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस से सांसद शशि थरूर केरल के मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जता चुके हैं, हालांकि अब उनकी इच्छा में बदलाव देखा गाय। हाल ही में एक शशि थरूर ने अपने बयान को बदलते हुए कहा कि फिलहाल उनकी यह इच्छा नहीं है और वह अपने पिछले 14 साल की राजनीति को ऐसे ही जारी रखना चाह रहे हैं। शशि थरूर ने एक मलयालम चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि वह अभी इस भूमिका के लिए तैयार नहीं हैं, इसलिए वह पहले की ही तरह राजनीति में हिस्सा लेना चाहते हैं। केरल में विधानसभा चुनाव 2026 में होने वाले हैं। थरूर ने पहले इच्छा जताई थी वह केरल के सीएम के तौर पर यह भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। लेकिन अब उन्होंने इस बात से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह जनता की परेशानियों को जानने के बाद उनकी आवाज बुलंद करेंगे। थरूर के सीएम बनने की इच्छा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के सांसद हिबी ईडन ने बताया कि कौन किस पद के लिए चुनाव लड़ेगा, पार्टी आला कमान तय करेगी। एक सांसद स्वयं विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए फैसला नहीं कर सकता है। यह पार्टी तय करेगी कि उसे राज्य के लिए सेवा देने की जरूरत है या नहीं। ईडन ने कहा कि थरूर के केवल सीएम बनने की इच्छा जाहिर कर सकते हैं। उन्हें विधानसभा चुनाव लड़ना है या नहीं यह पार्टी का निर्णय होगा।

मोदी कैबिनेट से किसकी होगी छुट्टी, किसे मिलेगा मिलेगा मौका?

नईदिल्ली, एजेंसी। संसद के बजट सत्र के पहले मंत्रिपरिषद विस्तार की अटकलों ने मोदी सरकार के कई मंत्रियों की धड़कनें बढ़ा दी है। विस्तार या फिर फेरबदल होगा या नहीं, इसको लेकर अभी तक स्थिति साफ नहीं है। राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा को लेकर मंत्रियों के कान खड़े हो गए हैं। वहीं, सरकार से बाहर के बीजेपी नेताओं को उम्मीद दिखाई देने लगी है। दरअसल, मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में एक ही बार फेरबदल और विस्तार हुआ है। इसमें कई बड़े चेहरे सरकार से बाहर हो गए थे। प्रकाश जावड़ेकर, रविशंकर प्रसाद जैसे बड़े नेताओं को मंत्री पद से हाथ धोना पड़ा था। वहीं, मुख्तार अब्बास नकवी को भी मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ गया था। जेडीयू से गठबंधन टूटने के बाद आरसीपी सिंह को भी सरकार से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। मोदी कैबिनेट के संभावित विस्तार की अटलकों के बीच नेताओं में इस बात की धुकधुकी लगी है कि सरकार से किसका पत्ता कटेगा। हालांकि दूसरी तरफ ऐसे लोग खुश भी हैं जो सरकार से बाहर हैं। उन्हें लगता है कि हो सकता है कि इस बार उनका नंबर आ जाए। कुछ नेता तो मकर संक्राति से संसद सत्र शुरू होने तक दिल्ली में ही रहने के मूड में हैं कि अगर कुछ होता है तो फोन आएगा और वह ऐसे फोन से चूकना नहीं चाहते हैं।

रैली पर रोक वाले ऑर्डर की कॉपी चंद्रबाबू नायडू ने जलाई; रोडशो में भगदड़ में मौत के बाद लिया गया था ऐक्शन

हैदराबाद, एजेंसी। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगू देशम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को सरकारी आदेश की एक कॉपी जला दी, जिसमें उन पर पॉलिटिकल रैली करने पर लगी रोक वाली बात कही गई थी। नायडू ने प्रमुख तेलुगू त्योहार संक्रांति के अवसर पर भोगी के पारंपरिक अलाव में यह कॉपी जलाई। इस दौरान उन्होंने राजनेताओं की सार्वजनिक रैलियों को प्रतिबंधित करने वाले आदेश को वापस लेने की मांग की। चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया कि उनकी लड़ाई पर्सनल लाभ के लिए नहीं, बल्कि आंध्र प्रदेश के लोगों की खातिर है। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री को पुलिस का समर्थन है, तो मेरे पास राज्य के 5 करोड़ लोगों का साथ है। बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा, टीडीपी सरकार के विघटन के बाद भी तेलुगु लोगों के जीवन का सम्मान किया जाना चाहिए। श्रीरामुलु ने राज्य के लिए महान बलिदान दिया है। यह एनटी रामाराव ही थे, जिन्होंने मूल निवासियों का सम्मान किया।

नीतीश कुमार या केसीआर? 2024 में कौन होगा विपक्ष का प्रधानमंत्री उम्मीदवार

नईदिल्ली, एजेंसी। अभी हम भले ही 2023 के पहले महीने यानी जनवरी में चल रहे हैं, लेकिन 20024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज होने लगी है। सत्ता पक्ष यानी बीजेपी बड़े ही दमखम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में लगातार तीसरी बार दिल्ली की गद्दी पर वापसी का दावा कर रही है। वहीं, विपक्ष की तरफ से अभी तक किसी को आधिकारिक तौर पर पीएम उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया है। हालांकि, कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर की %भारत जोड़ो यात्रा% कर रहे राहुल गांधी की पार्टी के नेता जरूर उनका नाम ले रहे हैं। इस बीच दो और नाम सामने आ रहे हैं। इनमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर शामिल हैं।

केसीआर की राष्ट्रीय स्तर पर अहम भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा तो अब साफ नजर आने लगी है। गैर भाजपा और गैर कांग्रेस मोर्चा की वकालत करने वाले केसीआर लगातार क्षेत्रीय नेताओं को लामबंद करने की मुहिम में जुटे हैं। शुक्रवार को ही उन्होंने ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री गिरधर गोमांग से मुलाकात की थी। सूत्रों का कहना है कि केसीआर अलग-अलग राज्यों में पार्टी के विस्तार की भी कोशिश कर रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर समान विचारधारा वाले दलों को साथ लाने की उनकी मुहिम भी जारी है।

आने वाली 18 तारीख को प्रस्तावित रैली भी इसी रणनीति के तहत की जा रही है। इसमें केजरीवाल,अखिलेश यादव सहित कई नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

गौरतलब है कि केसीआर ने अभी कुछ समय पहले अपनी पार्टी का नाम टीआरएस से बदलकर 'भारत राष्ट्र समिति' (बीआरएस) कर दिया था। सूत्रों ने कहा कि अब बीआरएस कई राज्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है। चुनावी राज्य कर्नाटक में भी केसीआर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा कि केसीआर इस बार जनता दल (सेक्युलर) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ सकते हैं। खासकर हैदराबाद कर्नाटक क्षेत्र के लगभग तीन दर्जन निर्वाचन क्षेत्रों में, जहां तेलुगू लोगों की अच्छी खासी संख्या है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) नेता एच डी कुमारस्वामी तेलंगाना के बाहर के उन कुछ नेताओं में से एक थे, जिन्होंने पिछले महीने हैदराबाद में बीआरएस के लॉन्च समारोह में भाग लिया था। केसीआर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूएसटी) के नेता उद्धव ठाकरे से वैकल्पिक मोर्चा बनाने की योजना पर चर्चा करने के लिए मिल चुके हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता शरद पवार से भी वे लगातार संपर्क में हैं।

नीतीश कुमार भले ही खुद को इस दौर से बाहर बता रहे हैं, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी भूमिका से इनकार नहीं कर रहे हैं। समाधान यात्रा के दौरान उनके समर्थक भी देश का प्रधानमंत्री कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो का नारा लगा रहे हैं। इतना ही नहीं, बिहार में साथ-साथ सरकार चला रही आरजेडी भी सीएम की गद्दी पर अपने युवा नेता तेजस्वी यादव को बिठाने के लिए नीतीश कुमार को दिल्ली की राजनीति के लिए काबिल बताती रहती है।

राजद ने होर्डिंग लगाकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा : राजद ने पटना में होर्डिंग लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा तो इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों नरेंद्र मोदी को मात देने की भविष्यवाणी की है। इससे संबंधित एक होर्डिंग दस, सर्कुलर रोड स्थित पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी आवास के समीप, जबकि दूसरी होर्डिंग जदयू कार्यालय के बाहर लगायी गयी है। इसमें तीन कालखंडों रामायण, महाभारत व 2024 की चर्चा अलग-अलग तस्वीरों के माध्यम से की गयी है। पहले चित्र में श्रीराम को रावण के साथ युद्ध में विजयी, दूसरे चित्र में श्रीकृष्ण को कंस साथ युद्ध में विजयी तथा तीसरे चित्र में वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के दलों के नेताओं के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं भाजपा नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर अंकित है। इसमें नीतीश कुमार के विजयी होने का उल्लेख किया गया है। यह होर्डिंग प्रदेश महासचिव, महिला राजद, बिहार, अमनौर विधानसभा, सारण (छपरा) द्वारा लगायी गयी है।

चुनाव से ठीक पहले कर्नाटक में कांग्रेस को मिली मजबूती

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक विधानसभा में निर्दलीय विधायक एच नागेश और जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व विधायक वाई एस वी दत्ता शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। राज्य में इस साल मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। पूर्व मंत्री नागेश अबतक राज्य की भाजपा सरकार का समर्थन कर रहे थे, जबकि दत्ता पूर्व में जद(एस) सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के करीबी रहे हैं। दोनों नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार और सिद्धरमैया की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

मुलबागल विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे नागेश ने वर्ष 2018 में जद (एस)-कांग्रेस गठबंधन सरकार का समर्थन किया था और एच डी कुमारस्वामी नीत सरकार में लघु उद्योग मंत्री थे। कांग्रेस और जद (एस) के कुछ विधायकों की ओर से पाला बदलने और विधानसभा से इस्तीफा देने के बाद कुमारस्वामी सरकार गिर गई थी। नागेश ने भी अपना समर्थन वापस ले लिया था और बाद में उन्होंने भाजपा सरकार का समर्थन किया। वह बाद में बीएस येदियुरप्पा नीत भाजपा सरकार में आबकारी मंत्री बने और जनवरी 2021 में उन्हें मंत्रिमंडल से हटाकर बीआर आम्बेडरक विकास निगम का अध्यक्ष नामित किया गया। नागेश ने कहा कि वह मुलबागल से ही आगामी विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी बनने की उम्मीद कर रहे हैं। दत्ता चिक्कमगलुरु के कादूर से पूर्व विधायक रह चुके हैं। पिछले महीने ही उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की थी। उन्हें कादूर से ही कांग्रेस का टिकट दिए जाने की उम्मीद है।

तमिलनाडु के 10 जिलों के ठंड का प्रकोप, 2-3 डिग्री तक जा सकता है तापमान- भारतीय मौसम विभाग

चेन्नई, एजेंसी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तमिलनाडु के मौसम को लेकर अलर्ट किया है। आईएमडी का कहना है कि तमिलनाडु के 10 जिलों में तापमान 2-3 डिग्री जा सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि इन जिलों में सुबह के समय कोहरा भी हो सकता है। आईएमडी ने रविवार को एक बयान जारी करते हुए कहा है कि चेन्नई, कोयम्बटूर, मदुरै, धर्मपुरी, तिरुनेलवेली, कुड्डालोर, तिरुपतूर, तिरुचि, वेल्लोर और तिरुवल्लूर में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में नीलगिरि और कोयम्बटूर जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। पोंगल के दौरान चेन्नई और तमिलनाडु के अधिकतर जिलों में तापमान रात के समय सामान्य से नीचे आ सकता है। इसके अलावा मौसम विभाग ने कहा है कि 48 घंटे तक चेन्नई और आसपास के जिलों में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहेगा। शुक्रवार को मैदानी इलाकों में सबसे कम तापमान नमक्कल में 14 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी इलाकों में 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा तापमान करूर में 33.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दरअसल, कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाके में बर्फबारी का दौर आज भी जारी रहेगा।

अकेले लड़ेगी बसपा - आगामी चुनावों में नहीं होगा किसी भी दल से गठबंधन

नईदिल्ली, एजेंसी। बसपा सुप्रीमों मायावती ने अपने 67वें जन्मदिन के मौके पर यह ऐलान किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी गठबंधन नहीं करेगी। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने लखनऊ में एक प्रेस कांफ्रेंस कर यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि आगे होने वाले राज्यों के विधान सभा और अगले वर्ष देश में होने वाले लोकसभा के लिए आम चुनाव में हमारी पार्टी किसी भी अन्य पार्टी के साथ कोई भी गठबंधन कर चुनाव नहीं लड़ेगी। मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी ने पहले गठबंधन में चुनाव लड़ा है और उनसे मिले अनुभवों के आधार पर फैसला किया है कि बीएसपी अब अकेले चुनाव लड़ेगी।

अपने आवास पर मीडियो को संबोधित करते हुए बीएसपी सुप्रीमों ने कहा कि छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में

2023 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस गठबंधन का भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा कि हमनें पहले भी गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा था लेकिन उन चुनावों के अनुभव ठीक नहीं रहे थे। बकौल मायावती, बीएसपी का वोट तो ट्रांसफर होता है लेकिन अन्य दलों के साथ ऐसा नहीं होता है लिहाजा पार्टी ने तय किया है कि अगले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव बहुजन समाज पार्टी अकेले दम पर लड़ेगी। मायावती ने ईवीएम से मतदान को लेकर कहा कि इसको लेकर आशंकाएं जरूर है जहां ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई वहां गड़बड़ियों के बाद इसे बंद कर दिया गया लेकिन अपने देश में अभी भी ईवीएम से चुनाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव जब तक हुआ उनकी पार्टी की सीटों में बढ़ोतरी हुई लेकिन ईवीएम से चुनाव होने के बाद इस पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा निवेश के नाम पर पब्लिसिटी कर रही है। हमारी पार्टी को आगे बढ़ने से रोका जा रहा है।हमारी पार्टी गरीबों दलितों व पिछड़ों की पार्टी है।किसानों और मजदूरों के साथ इस सरकार में अन्याय हो रहा है। मायावती ने जन्मदिन पर बधाई देने वाले शुभचिंतकों का आभार जताया। उन्होंने दलितों गरीबों शोषित और पिछड़ों उपेक्षित व अल्पसंख्यकों का आवाहन किया कि वे बसपा के साथ जुड़कर केंद्र व राज्य सरकार के सत्ता की चाभी अपने हाथों में लाएं।आरक्षण को लेकर मायावती ने कांग्रेस भाजपा व सपा पर हमला किया। मायावती ने कहा कि ओबीसी को आरक्षण ना देने का खेल खेला गया इससे यूपी में निकाय चुनाव प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि इसी तरीके से मंडल कमीशन को नहीं लागू होने दिया गया सपा गवर्नमेंट सरकार में 17 ओबीसी जातियों को एससी में कर कर उनका हक मारा गया हक मारा कोर्ट से फटकार के बाद उन्होंने ओबीसी जातियों में शामिल किया गया इसी तरीके से पदोन्नति में आरक्षण का मामला जानबूझकर सरकारों ने फसाया उन्होंने कहा कि बसपा आरक्षण के समर्थक रही है और जब भी सत्ता में आई है उसने आरक्षण देने में किसी तरीके से कोई चूक नही किया।

जोशीमठ केस में सरकार से बोली कांग्रेस- जानकारी देने वाले को मत दें सजा

हरिद्वार, एजेंसी। कांग्रेस ने शनिवार को उस सरकारी परामर्श की शनिवार को आलोचना की जिसमें इसरो और कई अन्य सरकारी संगठनों एवं संस्थानों को पूर्व अनुमति के बिना जोशीमठ की स्थिति पर मीडिया से बातचीत या सोशल मीडिया पर जानकारी साझा नहीं करने को कहा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस संबंध में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा लिखा गया एक पत्र भी साझा किया।

खरगे ने ट्वीट किया, जोशीमठ के बाद अब कर्णप्रयाग और टिहरी गढ़वाल में भी घरों की दीवारों में दरारें आने की खबरें आ रही हैं। उन्होंने कहा, संकट को हल करने और लोगों की समस्याओं का समाधान खोजने के बजाय, सरकारी एजेंसियां ??इसरो की रिपोर्ट पर प्रतिबंध लगा रही हैं और अपने अधिकारियों को मीडिया से बातचीत करने से रोक रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से आग्रह है कि जो वास्तविक स्थिति बता रहें हैं, उनको सजा मत दीजिए (डोंट शूट द मैसेंजर)। जोशीमठ में जमीन धंसने को लेकर चिंताएं शुक्रवार को तब बढ़ गईं, जब इसरो द्वारा जारी उपग्रह छवियों में दिखाया गया है कि हिमालयी शहर 12 दिनों में 5.4 सेंटीमीटर धंस गया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, वे एक संवैधानिक संस्था से दूसरे पर हमला करवाते हैं। अब, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

इसरो को चुप रहने के लिए कह रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, लेकिन उपग्रह छवियां कैसे झूठ बोल सकती हैं? यह नया भारत है जहां सिर्फ एक व्यक्ति ही सब कुछ जानता है और तय करेगा कि कौन किसी चीज पर बोलेगा।

एनडीएमए और उत्तराखंड सरकार ने 12 से अधिक सरकारी संगठनों और संस्थानों तथा उनके विशेषज्ञों से जोशीमठ की स्थिति पर कोई अनधिकृत टिप्पणी या बयान नहीं देने को कहा है। एनडीएमए ने इन संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को भेजे अपने पत्र में कहा है कि उनसे जुड़े लोगों को उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने के संबंध में मीडिया से बातचीत नहीं करनी चाहिए और सोशल मीडिया पर इससे संबंधित आंकड़े साझा नहीं करने चाहिए। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि इस परामर्श का मकसद मीडिया को जानकारी देने से इंकार करना नहीं, बल्कि भ्रम से बचना है क्योंकि इस प्रक्रिया में बहुत सारे संस्थान शामिल हैं और वे स्थिति के मद्देनजर अपनी-अपनी व्याख्या दे रहे हैं। ये निर्देश केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई), रुड़की, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), इसरो, हैदराबाद के राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी), केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी), नई दिल्ली, भारत के महासर्वेक्षक, देहरादून और भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून को भेजे गये हैं। यह परामर्श राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की, वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान, देहरादून, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली, उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भी भेजा गया है।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बाद भाजपा में होंगे बड़े बदलाव, प्रधान-गोयल को मिल सकती बड़ी जिम्मेदारी

नईदिल्ली, एजेंसी। भाजपा की अगले सप्ताह होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद संगठनात्मक और चुनावी प्रबंधन को लेकर अहम बदलाव हो सकते हैं। इससे केंद्र और राज्यों के कई नेता प्रभावित होंगे, जिन्हें नए चुनावी दायित्व सौंपे जा सकते हैं। संकेत है कि लोकसभा सांसदों को चुनावी तैयारियों के लिए समय मिल सके इसलिए राज्यसभा सांसदों को चुनावी प्रबंधन से जुड़ी जिम्मेदारियों से जोड़ा जा सकता है।

आम चुनाव भले ही अगले साल अप्रैल-मई में हों, लेकिन भाजपा की चुनावी तैयारियां और प्रबंधन से जुड़े कार्यक्रम आकार लेने लगे हैं। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की 16-17 जनवरी को होने वाली बैठक में भी भावी चुनाव केंद्र में रहेंगे। इनमें इस साल होने वाले नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव, अगले साल के लोकसभा चुनाव और उसके साथ होने वाले कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव शामिल हैं। इसमें मुख्य जोर लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर रहेगा। जिन राज्यों में कोई चुनाव नहीं है, वहां पर पूरी तरह से लोकसभा चुनावों की तैयारियां ही की जा रही हैं।

प्रधान, गोयल और यादव को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी सूत्रों के अनुसार, भाजपा अपने राज्यसभा के कई प्रमुख नेताओं को लोकसभा चुनावों के प्रबंधन से जुड़ी अहम जिम्मेदारियां सौंप सकती है। इनमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल प्रमुख हैं। इन नेताओं को सरकार के साथ संगठन में काम करने और चुनावी प्रबंधन का व्यापक अनुभव भी है। इसके अलावा राज्यसभा से आने वाले लगभग दर्जनभर अन्य प्रमुख नेताओं को भी चुनावी दायित्व सौंपे जा सकते हैं। लोकसभा के नेताओं का कम होगा भार लोकसभा सांसद और सरकार में एक से ज्यादा विभाग संभाल रहे कुछ नेताओं के चुनावी दायित्व कम किए जा सकते हैं, ताकि वह अपने चुनाव की भी तैयारी बेहतर ढंग से कर सकें। गौरतलब है कि पार्टी लगभग 160 ऐसे लोकसभा क्षेत्रों पर विशेष तैयारी कर रही है, जहां पर वह पिछली बार हारी थी या जो उसकी कमजोर सीटें हैं। ऐसी कई सीटों पर काम कर रहे लोकसभा सांसद मंत्रियों का भी बोझ कुछ कम किया जा सकता है।

बढ़ती टेक्नोलॉजी के साथ बदल रही है भारतीय रेलवे, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिया बयान

सिकंदराबाद, एजेंसी। भारतीय रेलवे देश में बढ़ती टेक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ रहा है। भारतीय रेलवे की सुविधाओं में समय के साथ बदलाव हो रहा है। यात्राओं की दूरी में लगने वाले ज्यादा समय को कम कर फास्ट ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं। शनिवार को केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रौघोगिकी के साथ भारत को बदलने के दृष्टिकोण के अनुरूप, भारतीय रेलवे का हर पहलू और आयाम भी बदल रहा है। पीएम विजन के साथ भारतीय रेलवे के हर आयाम में होगा बदलाव सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर नव निर्मित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के प्री- लॉन्च निरीक्षण के दौरान रेलवे, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौघोगिकी मंत्री एएनआई से बात कर रहे थे जिस दौरान उन्होंने बहुत सी सूचनाएं साझा की थी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे में बदलाव के लिए पीएम का विजन बहुत बड़ा है। उन्होंने बताया की रेलवे का हर पहलू, हर आयाम चाहे वह स्टेशन हो, नए ट्रेन सेट हो, नए प्रकार के सिग्नेलिंग हो, केएडब्लयूएटीसीएच सिस्टम हो सभी का बदलाव किया जा रहा है।

देश के ही इंजीनियरों के द्वारा निर्मित है विश्वस्तरीय ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस रेल मंत्री ने यह भी बताया

कि जहां हम खड़े हैं सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन इसे भी वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने के लिए पुन- निर्मित किया जाएगा। स्टेशन को बनाने के लिए टेंडर पास हो चुक है और बहुत जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। प्री वर्क पहले ही शुरू हो चुका है। उन्होंने वंदे भारत ट्रेन के बारे में भी बताया है उन्होंने कहा कि यह ट्रेन एक विश्वस्तरीय ट्रेन है जिसे पूरी तरह से भारत के ही इंजीनियरों के द्वारा ही डिजाइन और बनाया गया है। यह हमारे लिए एक महान उपलब्धि है। दो तेलगु भाषी राज्यों को जोड़ेगी सिकंदराबाद से चलने वाली वंदे भारत पोंगल के शुभ अवसर पर रविवार की सुबह सिकंदराबाद से विशाखापट्टनम तक पीएम मोदी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर वैष्णव ने कहा कि यह एक बहुत बड़ा उपहार है और मैं इसे बेहद लोकप्रिय ट्रेन, एक आधुनिक ट्रेन के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देता हुं। उन्होंने कहा कि सिकंदराबाद से चलने वाली मोर्डन ट्रेन, वर्ल्ड क्लास ट्रेन वंदे भारत दो तेलगु भाषी राज्यों के लोगों को जोड़ेगी और यह बड़े शहरों के बीच संपर्क स्थापित करने का काम करेगी। यह 700 किमी की दूरी तय करने 8 वीं वंदे भारत ट्रेन है पर्यटन, संस्कृति और डोनर मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि ट्रेन मेरे निर्वाचन क्षेत्र सिकंदराबाद से विशाखापट्टनम तक चलेगी। उन्होंने बताया कि इस ट्रेन में सफर करने वाले सबसे ज्यादा 50 लाख से अधिक लोग उनके निर्वाचन क्षेत्र और आंध्र प्रदेश के हैं। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन पर्यटन की दृष्टि से बेहद फायदेमंद है। भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की जाने वाली आठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस होगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555